नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना ने 26 अगस्त 2025 को अपने पुराने और भरोसेमंद लड़ाकू विमान मिग-21 को औपचारिक रूप से रिटायर किया। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने मिग-21 को सम्मानजनक विदाई देते हुए बीकानेर में स्क्वॉड्रन लीडर प्रिया के साथ इसकी अंतिम उड़ान भरी। तकनीकी रूप से मिकोयान-गुरेविच मिग-21 के नाम से जाना जाने वाला यह सुपरसोनिक फाइटर जेट 1960 के दशक में भारतीय वायुसेना में शामिल हुआ था। सोवियत संघ द्वारा निर्मित इस विमान ने अपनी तेज गति, हल्के डिजाइन और शानदार युद्ध क्षमता के कारण भारतीय वायुसेना में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया। मिग-21 ने 1965, 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध जैसे कई संघर्षों में अहम भूमिका निभाई। 1971 के भारत-पाक युद्ध में



इसने दुश्मन के विमानों को चुनौती देकर भारतीय वायुसेना को कई जीत दिलाई। अपनी लंबी सेवा के दौरान, बार-बार होने वाली तकनीकी खराबियों के कारण इसे फ्लाइंग कॉफिन भी कहा गया। हालांकि, यह विमान हमेशा अपने पायलटों के साहस और वायुसेना की तकनीकी विशेषज्ञता के दम पर अपने आलोचकों को गलत साबित करता रहा।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल सिंह ने बीकानेर में मिग-21 को विदाई देकर इसकी अंतिम उड़ान भरी। इस ऐतिहासिक उड़ान में स्क्वॉड्रन लीडर प्रिया का नेतृत्व विशेष रूप से उल्लेखनीय था। उनकी भागीदारी ने न केवल वायुसेना की गौरवशाली परंपराओं को दर्शाया, बल्कि आधुनिक भारतीय वायुसेना में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को भी प्रदर्शित किया। इस अवसर पर, वायुसेना प्रमुख ने मिग-21 के योगदान को याद करते हुए कहा कि यह विमान भारतीय वायुसेना की रीढ़ रहा है और इसने हमारे पायलटों को साहस और अनुशासन सिखाया है। 26 सितंबर 2025 को मिग-21 का रिटायरमेंट भारतीय वायुसेना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब मिग-21 की जगह स्वदेशी तेजस, राफेल और अन्य आधुनिक विमान ले रहे हैं। ये नए विमान न केवल तकनीकी रूप से उन्नत हैं, बल्कि भारतीय वायुसेना को वैश्विक स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने में भी सक्षम हैं। मिग-21 की विदाई के साथ, भारतीय वायुसेना ने अपनी आधुनिकीकरण की प्रतिबद्धता को दोहराया है।

`सरकार तंगी का हवाला देकर कर्मचारियों का शोषण नहीं कर सकती

नई दिल्ली,(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि सरकार कोई मार्केट प्लेयर नहीं है बल्कि एक संवैधानिक नियोक्ता है और वह आउटसोर्सिंग या आर्थिक तंगी का हवाला देकर कर्मचारियों का शोषण नहीं कर सकती। यह फैसला उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा आयोग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की याचिका पर सुनाया गया। इन कर्मचारियों ने वर्षों से काम करने के बावजूद खुद को नियमित न किए जाने और कम वेतन दिए जाने की शिकायत की थी।

मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक संस्थान वित्तीय कमी या रिक्तियों की कमी का बहाना बनाकर लंबे समय से काम



कर रहे अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने और समान वेतन देने से मना नहीं कर सकते। आउटसोर्सिंग का उपयोग स्थायी कर्मचारियों को उचित वेतन और नौकरी से वंचित करने के लिए नहीं किया जा सकता। अगर कोई काम लगातार चल रहा है, तो उसके लिए नियमित पद निकाले जाने चाहिए। अस्थायी कर्मचारियों को लंबे समय तक रखना लोक प्रशासन में लोगों का भरोसा कम करता है और समानता के अधिकार का हनन करता है।

जर्मन अखबार का दावा-मोदी ने ट्रम्प का फोन नहीं उठाया

-4 बार बातचीत से इनकार, अमेरिकी डेलीगेशन को भी दिल्ली आने से रोका

नई दिल्ली(एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को चार कॉल किए थे, लेकिन पीएम मोदी ने उनसे एक बार भी बात नहीं की। इससे दोनों नेताओं के बीच तनाव बढ़ गया। यह दावा जर्मन न्यूज पेपर FAZ ने किया है। हालांकि अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि ये कॉल कब किए गए थे।

अखबार के मुताबिक ट्रम्प की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी और भारत को 'डेड इकोनॉमी' कहने से मोदी नाराज हैं। पहले दोनों नेताओं के बीच अच्छे रिश्ते थे, लेकिन अब भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए होने वाली बातचीत रद्द कर दी है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को नई दिल्ली आने से रोक दिया गया। ट्रम्प ने भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाया है, जिसमें से 25% टैरिफ जुर्माने के तौर पर लगाया गया है, जो 27 अगस्त यानी आज से लागू होगा। ट्रम्प का कहना है कि भारत के रूसी तेल खरीदने की वजह से पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है।



रिपोर्ट- ट्रम्प टैरिफ की धमकी देकर बातचीत शुरू करते हैं- अखबार में एक्सपर्ट्स के हवाले से लिखा है- आमतौर पर ट्रम्प का तरीका यह है कि पहले वे किसी देश पर व्यापार घाटे को लेकर हमला बोलते हैं, फिर ऊंचे टैरिफ की धमकी देते हैं। इसके बाद डरकर बातचीत शुरू होती है और आखिरकार वह ऊंचा टैरिफ लगाकर, फिर कुछ छूट देकर खुद को विजेता बताने की कोशिश करते हैं। कई देशों के साथ ऐसा हुआ है और ट्रम्प ने यह दिखाया कि अमेरिकी बाजार पर उनकी पकड़ कितनी मजबूत है, लेकिन मोदी ने इस बार झुकने से इनकार कर दिया।न्यूयॉर्क के न्यू स्कूल के भारत-चीन इंस्टीट्यूट के को-डॉयरेक्टर मार्क फ्रेजियर का कहना है कि अमेरिका की भारत को चीन के खिलाफ इस्तेमाल करने की रणनीति नाकाम हो रही है। भारत ने कभी भी चीन के खिलाफ अमेरिका के साथ पूरी तरह खड़े होने का वादा नहीं किया था।

ट्रम्प के रवैये ने मोदी को एक दशक पुराना अपमान याद दिलाया- अखबार ने लिखा है कि पीएम मोदी को ट्रम्प के बर्ताव से बहुत ज्यादा बुरा महसूस हुआ है। वह मोदी को उस पुराने अपमान की याद दिला रहे हैं, जो लगभग एक दशक पहले उन्हें जिनपिंग से मिला था। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तब गुजरात आए थे और मोदी से दोस्ती का वादा किया था, लेकिन उसी समय चीन की सेना हिमालय में भारतीय इलाके में घुस आई थी। इसके बाद भी मोदी ने जिनपिंग से अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिश की, लेकिन हालात तब और बिगड़ गए जब चीनी सैनिकों से भारतीय जवानों की झड़प हो गई। उस घटना के बाद से कहा जाता है कि मोदी के मन में गहरी कड़वाहट बैठ गई। अब ट्रम्प का रवैया भी कुछ ऐसा ही हो गया है। फरवरी में वे मोदी को व्हाइट हाउस बुलाकर उनकी तारीफ कर रहे थे और उन्हें एक फोटो एल्बम भेंट कर रहे थे।

मारुति की पहली ईवी को झंडी दिखाई, मोदी बोले

दुनिया में मेड इन इंडिया लिखी ईवी चलेगी

अहमदाबाद(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के हंसलपुर में ई-विटारा को एक्सपोर्ट के लिए फ्लैग-ऑफ किया। ये मारुति की पहली इलेक्ट्रिक कार है। ये गाड़ी पूरी तरह से भारत में ही बनी है और इसे 100 से ज्यादा देशों, जैसे यूरोप और जापान में निर्यात किया जाएगा। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ा है। अब विदेशों में चलने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर भी मेड इन इंडिया लिखा होगा।

इस कार में 49 केडब्ल्यएच और 61 केडब्ल्यएच के दो बैटरी पैक ऑप्शन मिलेंगे। कंपनी का दावा है कि कार एक बार फुल चार्ज करने पर 500 किलोमीटर से ज्यादा चलेगी। इलेक्ट्रिक रवश का



प्रोडक्शन फरवरी-2025 से सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में हो चुका है।

इस अवसर पर पीएम ने कहा कि गणेश उत्सव के इस उल्लास में आज भारत की मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ रहा है। भारत को डेमोग्राफिक एडवांटेज है। हमारे पास स्किल वर्कफोर्स का बड़ा पूल है। जो हमारे हर पार्टनर के लिए विन-विन सिचुएशन बनाता है।

-जापान की सुजुकी कंपनी भारत में मैनुफैक्चरिंग कर रही है। जो गाड़ियां बन रही हैं वो वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही हैं। एक तरह से मारुति सुजुकी कंपनी मेक इन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बन चुकी है। -पैसा किसी का भी लगे मुझे इससे कोई लेना देना नहीं है। वो चाहे डॉलर हो या पॉन्ड हो या और करेंसी हो। लेकिन इससे जो प्रोडक्शन हो उसमें पसीना मेरे देशवासियों का होगा। जो प्रोडक्शन होगा उसमें महक मेरे देश की मिट्टी की होगी।

200 रु. में कराई जा रही कुत्तों की हत्या

कानपुर(एजेंसी)। कानपुर में लोग कुत्तों की हत्या कराने का ठेका स्वीपर्स को दे रहे हैं। यह ठेका 200 से 500 रुपए में दिया जा रहा है। सोसाइटी घूमने वाले कुत्तों की हत्या करने के बाद उन्हें बोरी में भरकर फेंका जा रहा है। ऐसा 20 अगस्त को छात्रा पर हुए डॉग अटैक के बाद से हो रहा है। पुलिस ने मामले की जांच की। इसमें भी ठेका देकर कुत्तों की हत्या की बात सामने आई है। दरअसल, सोमवार को कुत्ते को बोरी में भरकर बाइक से ले जाने का वीडियो सामने आया था। इसके बाद एक संस्था की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार देर रात एफआईआर दर्ज कर जांच की थी। अब बाइक नंबर के आधार पर कुत्तों को मारने वालों की तलाश की जा रही है। वहीं, सोसाइटी में रहने वालों का कहना है कि वे लोग कुत्तों के काटने की आशंका से डरे हुए हैं। एसीपी कैंट आकांक्षा पांडेय ने बताया कि चेक पोस्ट जाजमऊ में रहने वाले विद्या भूषण तिवारी की शिकायत पर बाइक सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार किया जाएगा। मामला जाजमऊ इलाके का है। जाजमऊ में कुछ लोगों का कुत्तों की हत्या और उनके पैर बांधकर बोरी में भरकर ले जाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

प्रयागराज में 450 घर डूबे

उन्नाव में 14 करोड़ से बना बंधा गंगा में बहा

उत्तर प्रदेश(एजेंसी)। यूपी में 3 दिन से बारिश का दौर लगातार जारी है। लखनऊ में सुबह तेज बारिश हुई। दिन में अंधेरा छा गया। राजधानी में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है।

इसके अलावा, सीतापुर, हाथरस, फतेहपुर समेत 20 से ज्यादा शहरों में तेज बारिश सुबह हुई। लगातार बारिश से प्रयागराज और वाराणसी में एक बार फिर गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। प्रयागराज में गंगा और यमुना पिछले दो महीने में चौथी बार उफान पर हैं। यहां 62 मोहल्ले और 255 गांवों की तीन लाख से ज्यादा की आबादी पर फिर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बीते



48 घंटे में गंगा का दो मीटर तो यमुना तीन मीटर जलस्तर बढ़ गया है। मंगलवार सुबह गंगा का जलस्तर 80.82 मीटर तो यमुना का जलस्तर 82.85 मीटर रिकॉर्ड किया गया। इससे करीब 12 मुहल्लों में पानी घुस गया है। 450 से अधिक घर डूब चुके हैं।

वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुई प्रियंका

सुपौल,(एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार में इंडिया ब्लॉक की वोटर अधिकार यात्रा में मंगलवार को वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल हुई। वोटर अधिकार यात्रा के 10वें दिन की यात्रा मंगलवार को सुपौल से शुरू हुई है। सुपौल में यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़े-बड़े झंडे लेकर शामिल हो रहे हैं। वोटर अधिकार यात्रा झंझारपुर होकर दरभंगा तक पहुंचेगी। मंगलवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के यात्रा में शामिल होने से बिहार में कार्यकताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है।





आईएनएस उदयगिरि-आईएनएस हिमगिरी इंडियन नेवी में शामिल

दोनों स्वदेशी युद्धपोत, दुश्मन के रडार में नहीं आएंगे

मुंबई(एजेंसी)। इंडियन नेवी को मंगलवार को दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि मिले। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, ये दोनों स्वदेशी जहाज हैं। इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचे रहेंगे। इनकी तैनाती इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में होगी, जिससे नौसेना की ताकत बढ़ेगी।

दोनों युद्धपोत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल और भारत-इजराइल बराक-8 लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली से लैस हैं। इनमें 76 एमएम नौसैनिक बंदूकें और समुद्री युद्ध में पानी के अंदर चलने वाला टारपीडो विस्फोटक हथियार भी है। आईएनएस हिमगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने बनाया है। इसका नाम पुराने आईएनएस हिमगिरि से लिया गया है। आईएनएसउदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने बनाया है। इसका नाम आंध्र प्रदेश की उदयगिरि पर्वत सीरीज के नाम पर रखा गया है, जो सिर्फ 37 महीनों में बना है।

आईएनएसउदयगिरि में एडवांस स्टेल्थ फीचर्स हैं, जो इसे दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड (गर्मी सेंसर) और ध्वनि सेंसर से बचाने में मदद करते हैं। दोनों युद्धपोत परियोजना 17 अल्फा का हिस्सा हैं। इनके आने से भारत की समुद्री रक्षा को बड़ी मजबूती मिली है।

केरल- मंदिर के पवित्र तालाब में व्लॉगर ने पैर धोए

वीडियो शेयर किया; मंदिर प्रशासन ने शुद्धिकरण कराया, शिकायत दर्ज

त्रिशूर(एजेंसी)। केरल के त्रिशूर में स्थित प्रसिद्ध गुरुवायुर श्री कृष्ण मंदिर के तालाब में शुद्धिकरण अनुष्ठान किया गया है। मंदिर प्रशासन ने तालाब में गैर-हिंदू व्लॉगर जैस्मीन जाफर के पैर धोने वाला वीडियो आने के बाद फैसला लिया है। देवस्वोम के प्रशासक ओबी अरुण कुमार ने बताया कि मंदिर के तालाब में वीडियो बनाना प्रतिबंधित है। फैशन इन्फ्लुएंसर जैस्मीन ने नियमों का उल्लंघन किया है। उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है।



दरअसल, फैशन इन्फ्लुएंसर जैस्मीन ने 20 अगस्त को मंदिर के तालाब में पैर धोते हुए एक रील शूट की थी और उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद मंदिर प्रशासन की ओर से भी उनके वीडियो बनाने का विरोध किया गया। गैर-हिंदुओं को तालाब में जाने की परमिशन नहीं मंदिर के तालाब में गैर-हिंदुओं को जाने की परमिशन नहीं है। मंदिर के आस-पास के इलाकों में शादी-ब्याह से जुड़े समारोहों को छोड़कर वीडियो बनाने पर प्रतिबंध है। हाई कोर्ट ने मंदिर परिसर के आस-पास फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर रोक लगाई है। गुरुवायुर देवस्वोम ने जैस्मीन के इस कृत्य को मंदिर की परंपराओं का उल्लंघन बताया है। इस पूरे मामले को लेकर व्यवस्थापक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर व्लॉगर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंदिर में सुबह 5 से 12 बजे तक भक्तों की एंट्री बैन रही कुमार ने बताया कि आज शुद्धिकरण के सभी अनुष्ठान किए जाएंगे। देवस्वोम ने मंदिर के तंत्री की सलाह पर यह फैसला लिया।

एक नजर



आईआईडीएस में मिट्टी के ग ोश जी की कार्यशाला

इंदौर। ग ोश उत्सव के साथ पर्यावर ा संरक्ष ा और सांस्कृतिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के ग ोशजी बनाने की कार्यशाला आईआईडीएस में आयोजित की गई। इंडेक्स समूह संस्थान,मालवांचल यूनिवर्सिटी,इंटल,एमबीबीएस,पैरामेडिकल के छात्रों ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया और अपने हाथों से इको-फ्रेंडली ग ोश प्रतिमाएँ तैयार कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रशिक्षक जया शेट्टी ने विद्यार्थियों को ग ोश प्रतिमा बनाने की प्रक्रिया समझाई और फिर सभी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रतिमाएँ बनाईं। उन्होंने कहा कि मिट्टी के ग ोश इस पहल के साथ पर्यावर ा संरक्ष ा और सनातन संस्कृति को समर्पित एक अनूठी पहल ने भावी पीढ़ी को नई दिशा दे रही है। यह पहल न केवल छात्रों को कला और संस्कृति से जोड़ती है, बल्कि पर्यावर ा संरक्ष ा का संदेश भी देती है। कार्यशाला के अंत में छात्रों द्वारा बनाई गई प्रतिमाओं की छोटी प्रदर्शनी लगाई गई। शिक्षकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ मूर्तियों को सम्मानित भी किया गया।



बच्चे को मां का दूध दो साल तक पिलाना चाहिए

इंदौर,(नप्र)। इंदौर एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) द्वारा स्तनपान सप्ताह मनाया गया। स्त्रीरोग और शिशू रोग विशेषज्ञों ने कार्यशाला का गठन किया जिसमें क्विज प्रतियोगिता रखी गई। अध्यक्ष डॉ.हिमांशू केलकर ने जानकारी दी शहर के विभिन्न अस्पतालों में अलग अलग आयोजन हुए। इस साल विश्व स्तनपान सप्ताह का विषय है इन्वेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग इन्वेस्ट इन फयूचर छः महीने तक बच्चों को सिर्फ मां का दूध पिलाना सचिव डॉ.संजय सिलावट ने बताया जन्म के तुरंत उसे 4 आने वाले दूध को कोलेस्टम कहते है जिसमें रोगप्रतिरोगात्मक तत्व होने के साथ इमोनोग्लोबिन ए और बी होता है जो बच्चों को रोग से लड़ने में सबसे महत्वपू ा भूमिका अदा करता है। छः महीने तक बच्चों को सिर्फ मां का दूध पिलाना चाहिए इसके बाद ऊपर की तरह और हल्की ठोस चीजें शुरू करना चाहिए। 9 माह से एक साल तक ठोस चीजें शुरू करना चाहिए लेकिन मां का दूध दो साल तक पिलाना चाहिए। अस्थमा, एलर्जिक, कैंसर,हार्ट,ऑटोइम्यून,डायबिटीज मिलाइट्स,ओबेसिटी का होने के संभावना बहुत कम हो जाती है। बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास अच्छा होता है।

नवरत्न वाटिका में पर्युष ा में जैनाचार्य विश्वरत्न सागर ने पहली बार खुले मंच से किया केश लोच

इंदौर,(नप्र)। एयरपोर्ट रोड, नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे चातुर्मास अनुष्ठान और पर्यु ा महापर्व के सातवें दिन बुधवार, 27 अगस्त को जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. की निश्रा में सुबह 6 बजे पौषद, 9 बजे से प्रवचन एवं वारसा सूत्र का वाचन, दर्शन एवं सत्संग के पश्चात दोपहर 3 बजे से प्रतिक्रम ा का दिव्य आयोजन होगा। प्रतिक्रम ा का आयोजन पीपली बाजार स्थित लाल-सफेद मंदिर पर जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. की निश्रा में होगा, जबकि नवरत्न वाटिका पर गि ावर्य कीर्तिरत्न सागर म.सा. एवं मुनिप्रवर प्रतिक्रम ा संपादित कराएंगे। पर्युष ा महापर्व के सातवें दिन का यह सबसे महत्वपू ा आयोजन होगा। मंगलवार को नवरत्न वाटिका में उपस्थित हजारों समाजबंधुओं की गरिमामय उपस्थिति के बीच जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. ने अपने केश लोच की विधि संपन्न की, जिसे पूरा करने में मात्र 8 मिनट का समय लगा। शहर में यह संभवतः पहला मौका था, जब श्वेताम्बर जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं की मौजूदगी में जैनाचार्य ने केश लोच की विधि पूरे उल्लास के साथ संपन्न की। केश लोच के दौरान मंडप में मौजूद सभी समाजबंधुओं के मोबाईल एवं अन्य कैमरे, वीडियो आदि बंद करा दिए गए थे। पिछले तीन दिनों में नरसिंह वाटिका में पधारे हुए लगभग सभी गि ावर्य, मुनि प्रवर एवं अन्य साधु भगवंतों ने भी केश लोच की विधियां संपन्न की हैं।

पब मालिक ने सुसाइड किया

प्रेमिका को 25 लाख, आईफोन, शॉपिंग, एयर टिकट तक दिया,फिर भी धमका रही थी

इंदौर,(नप्र)। एक शराब ठेकेदार और पब संचालक ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड नोट में गर्लफ्रेंड की ब्लैकमेलिंग से परेशान होने की बात लिखी है। गर्लफ्रेंड रेप केस लगवाने की धमकी देती थी। ब्लैकमेल करके 25 लाख रुपए ऐंठ भी लिए थे।

अन्नपूर्णा थाना पुलिस के मुताबिक, भूपेंद्र रघुवंशी शराब कारोबार से जुड़े हुए थे। वे शोशा, पिचर्स और स्कल पब के मालिक थे। सोमवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिवार के लोग उन्हें निजी अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



सुसाइड नोट में भूपेंद्र ने इति नाम की महिला का जिक्र करते हुए लिखा कि दोनों दो साल से साथ थे। कुछ समय बाद इति ब्लैकमेल करने लगी।

भूपेन्द्र रघुवंशी ने इति पर ब्लैकमेल करने के आरोप लगाए हैं। तीन पब के बाद रेस्टोरेंट भी बंद हुआ

इंदौर में तीनों पब बंद होने के बाद भूपेन्द्र रघुवंशी ने करीब एक साल पहले अपोलो टॉवर में कहानी रेस्टोरेंट की शुरूआत की थी। कर्ज के चलते इसे भी कुछ समय पहले बंद करना पड़ा। उनकी कुछ संपत्तियां किराए पर दी गई थीं। परिवार के लोगों के अनुसार, पिछले कुछ समय से भूपेन्द्र ने दोस्तों और रिश्तेदारों से मिलना-जुलना भी बंद कर दिया था।

कॉलेज स्टूडेंट घर से लापता

परिवार की डांट से थी नाराज, पुलिस को सीसीटीवी में जाते दिखी

इंदौर,(नप्र)। एमआईजी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक कॉलेज छात्रा श्रृद्धा तिवारी शनिवार दोपहर (23 अगस्त) को घर से लापता हो गई। छात्रा अपने मोबाइल फोन को घर पर छोड़कर चली गई थी। परिजनों ने एमआईजी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शुरूआती जांच में सामने आया है कि परिजनों द्वारा डांट-फटकार लगाए जाने से वह नाराज थी। इसी नाराजगी में वह घर छोड़कर निकल गई। पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिनमें वह लोटस कॉलोनी और एमआर 10 क्षेत्र की ओर जाती



दिखाई दे रही है।

सार्थक नाम के युवक पर शक- परिजनों ने शक जाहिर किया है कि छात्रा एक इंजीनियर युवक सार्थक के संपर्क में थी और शायद वह उसे अपने साथ ले गया हो। इस आधार पर पुलिस ने सार्थक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। पूछताछ में सार्थक ने बताया कि पिछले 15 दिनों से दोनों की कोई बातचीत नहीं हुई थी, क्योंकि परिवार की नाराजगी के चलते श्रृद्धा डर गई थी।पुलिस ने मोबाइल डिटेल भी खंगाली, लेकिन कोई खास जानकारी नहीं मिली।

सहेली ने बताया पुराना विवाद- पुलिस ने छात्रा की एक सहेली से पूछताछ की तो पता चला कि कुछ दिन पहले श्रृद्धा ने आत्महत्या का प्रयास किया था। इसके बाद परिजनों ने उसके साथ मारपीट की थी, जिससे वह आहत थी और घर छोड़कर चली गई।



हॉटस्पॉट रोबोट चौराहे पर समस्त फोर्स की ली गई ब्रीफिंग

इंदौर । थाना खजराना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव के द्वारा आज हॉटस्पॉट जगह रोबोट चौराहे पर आगामी त्योहारों श्रीग ोश चतुर्थी , तेजा दशमी, डोल ग्यारस एवं ईदमिलादुनबी पर शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा इत्यादि बनाए रखने को लेकर थाना खजराना थाने के समस्त फोर्स को ब्रीफिंग की गई ।

चेंकिंग के दौरान होमगार्ड से मारपीट

कार सवार युवती ने मारा थप्पड़, ड्राइवर और उसके साथियों ने पीटा

इंदौर,(नप्र)। लसूडिया थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान शराब पीकर गाड़ी चला रहे युवक और उसके साथियों ने होमगार्ड से मारपीट की। घटना 23 अगस्त की रात की है। मामले की रिपोर्ट सोमवार दर्ज की गई।

घटना गुजराती स्कूल के पास हुई, जहां होमगार्ड ब्रजेश कुमार यादव और एएसआई कृष्णा बोर्डे की ड्यूटी थी। चेकिंग के दौरान एक कार (नंबर टढ09उठ7880) पुलिस को देखकर गलत दिशा में भागने लगी। कार को रोका गया तो ड्राइवर यश पुरोहित नशे में था।

जब ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने को कहा गया तो यश कार छोड़कर भागने लगा, लेकिन अन्य जवानों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। इसी दौरान यश ने कार की चाबी छिपा ली। फिर उसके साथी कुलदीप राठौर ने बाहर आकर वर्दी पकड़कर धमकाया और चेकिंग दस्तावेज फेंकने की कोशिश की। वह ब्रेथ एनालाइजर भी छीनने लगा।

युवती ने मारा होमगार्ड को थप्पड़

इस बीच कार में बैठी युवती पायल बाहर आई और होमगार्ड ब्रजेश को थप्पड़ मार दिया। उसने ब्रजेश का मोबाइल छीनकर सड़क पर फेंक दिया और अभद्र भाषा व इशारे किए। तीनों आरोपी शराब के नशे में थे।

वहां मौजूद अन्य जवानों ने महिला पुलिस की मदद से तीनों को पकड़ा और कार सहित थाने लाया गया। पहले दिन सिर्फ कार जब्त कर ड्रिंक एंड ड्राइव की सामान्य कार्रवाई की गई थी। लेकिन जब मामला वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा, तो सोमवार शाम ब्रजेश से लिखित शिकायत लेकर मामला दर्ज किया गया। लसूडिया पुलिस ने ब्रजेश कुमार की शिकायत पर यश पुरोहित, कुलदीप राठौर और पायल के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव, सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और अभद्रता की धाराओं में केस दर्ज किया है।

शादी का झांसा देकर युवती से रेप

युवक के घर पहुंची तो पता चला आरोपी शादीशुदा, 2 साल का बच्चा भी है, केस दर्ज

इंदौर,(नप्र)। बंगाली कॉलोनी में रहने वाली 23 वर्षीय युवती से शादी का झांसा देकर रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर तिलक नगर पुलिस ने आरोपी प्रदीप पुत्र आत्माराम राठौर, निवासी कनाडिया, के खिलाफ रेप और शादी का झांसा देकर रेप करने का केस दर्ज किया है।

पीड़िता ने बताया कि वह अक्सर अपनी दीदी-जीजा के घर जाया करती थी, जहां आरोपी प्रदीप भी आता-जाता था। इसी दौरान उसने युवती से कहा कि वह उसे पसंद करता है और शादी करना चाहता है। उस समय पीड़िता को यह जानकारी नहीं थी कि प्रदीप पहले से शादीशुदा है।

12 नवंबर 2024 को आरोपी ने उसे तिलक नगर स्थित नित्या होटल में बुलाया और वहां रेप किया। इसके बाद वह कई बार दीदी के घर भी तब आता-जाता रहा, जब जीजा घर पर नहीं होते थे।

पीड़िता ने जब भी शादी की बात की, आरोपी टालता रहा। 21 अगस्त को दोबारा शादी की बात करने पर वह नाराज होकर चला गया और फोन उठाना बंद कर दिया। मोबाइल भी स्विच ऑफ आने लगा। जब पीड़िता उसके घर कनाडिया पहुंची, तब पता चला कि प्रदीप शादीशुदा है और उसका दो साल का बेटा भी है। इसके बाद न तो प्रदीप ने उससे मुलाकात की और न ही उसके परिवार ने मिलने दिया।

घटना की जानकारी युवती ने अपनी दीदी और जीजा को दी और सोमवार को परिवार के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

रिटायर्ड सैन्य अफसर के साथ ठगी

इंदौर,(नप्र)। एरोड्रम इलाके में रहने वाले 65 साल के रिटायर्ड सैन्य अफसर के साथ दो भाईयों ने ठगी की वारदात को अजांम दिया। सैन्य अफसर ने उन्हें प्रोग्राम प्रमोशन के लिए नौकरी पर रखा था। आरोपियों ने एकाउंट का यूपीआई पता किया और रुपए निकाल लिए। सैन्य अफसर ने इसकी शिकायत पुलिस को की है।

स्मृति नगर निवासी ओमप्रकाश यादव ने मंगलवार को पुलिस को बताया कि वे नौसेना से रिटायर्ड अफसर हैं। संस्था शहादत को नमन के माध्यम से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन और देशभक्ति प्रोग्राम आयोजित करते हैं। इसके लिए उन्होंने हरिओम पुत्र वल्लभ पांचाल और उसके भाई दीपक पांचाल को नौकरी पर रखा था। हरिओम को ग्रुप पर नए मेंबरों को जोड़ना, प्रोग्राम की फोटोग्राफी करवाना और प्रोग्राम की जानकारी व्हाट्सएप पर भेजना होता था। हरिओम पूरा काम ओमप्रकाश के मोबाइल से करता था। एक दिन यूपीआई पेंमेट करते समय हरिओम ने ओमप्रकाश का मोबाइल कोड देख लिया। इसके बाद आरोपी ने 10 अगस्त से 13 अगस्त के बीच में 1 लाख 77 हजार रुपए भाई दीपक के अंकाउट में ट्रांसफर कर दिए।

ट्रक ड्राइवर ने डॉग के साथ किया अप्राकृतिक कृत्य

इंदौर। लसूड़िया इलाके में एक डॉग के साथ अप्राकृतिक कृत्य का मामला सामने आया है। पीपुल्स फॉर एनिमल्स संस्था की ओर से सोमवार रात लसूड़िया थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। संस्था ने पुलिस को इस घटना का वीडियो भी सौंपा है। संस्था की इकाई की अध्यक्ष प्रियांशु जैन ने बताया कि 23 अगस्त की रात उन्हें एक वीडियो मिला, जिसमें ट्रक ड्राइवर ट्रक के केबिन में डॉग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। इसके बाद संस्था ने पुलिस को आवेदन देकर ड्राइवर पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की मांग की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने देर रात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की है और उसकी तलाश की जा रही है। यह घटना बायपास क्षेत्र की बताई जा रही है।

पं विष्णु प्रसाद शुक्ला स्मृति दिवस पर बाबुजी को श्रद्धांजलि दी गई

इंदौर। वरिष्ठ भाजपा नेता , वरिष्ठ समाजसेवी एवं कान्यकुब्ज ब्राह्म ा समाज के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय विष ा प्रसाद शुक्ला (बड़े भैया) की तृतीय पू य स्मृति के अवसर पर शहर में शुक्ला परिवार, कान्यकुब्ज समाज एवं अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा विभिन्न आयोजन कर श्रद्धेय श्री विष ा प्रसाद जी शुक्ला को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई आयोजनों की श्रृंखला में शुक्ला परिवार द्वारा भोजन प्रसादी का आयोजन , कान्यकुब्ज समाज द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं परशुराम वाटिका पर पुष्पांजलि कार्यक्रम संपन्न हुए। आदर ीय बाबूजी की तृतीय पु यतिथि के अवसर पर पूर्व विधायक पं. संजय शुक्ला एवं शुक्ला परिवार द्वारा राष्ट्रीय दृष्टिहीन कल्या ा संघ सहित अनेक स्थानों पर हजारों की संख्या में निशक्त जनों को भोजन प्रसादी ग्रह ा करवाई गई ।

न्यायालय तहसीलदार तहसील जूनी इंदौर, जिला-इंदौर

उदघोषणा

क्रमांक 1964/रीडर/2024 इंदौर दिनांक 03/07/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकपक्ष नमन परचानी पिता जयकिशन परचानी, मयंक परचानी पिता जयकिशन परचानी निवासी-58, शांति निकेतन ग्राम निरंजनपुर, इंदौर ने अनावेदकपक्ष किशोर सेवानी पिता आसुदाराम सेवानी निवासी-501, विशाल एमिनेंस 60, अहिल्यामाता रानिसती, चाय.एन. रोड, इंदौर, मोहित लालवानी एच.यु.एफ. तर्फे कर्ता मोहित लालवानी पिता विनोद लालवानी निवासी 15, साकेत नगर इंदौर के विरुद्ध मप्र भू राजस्व संहिता की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र क्रमांक टढ 179132024 अ 1218664 दिनांक 21/02/2024 के आधार पर राजस्व ग्राम पिपल्याहाना स्थित भूमि खसरा क्रमांक 589/9/4/3 का भाग क्रमांक बी 7 रकबा 0.037 भूमि पर राजस्व अभिलेख में नामान्तरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है। अतः आवेदित भूमि पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस न्यायालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर प्रस्तुत करे। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22/8/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी

आरसीएमएस प्रकरण क्रमांक
0731/अ-6/2025-26
तहसीलदार , तहसील जूनी इंदौर

न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी जूनी इंदौर क्षेत्र जिला इंदौर (मप्र)

प्रकरण क्रमांक,//बी-121/2025-26

इश्तहार

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सनशाईन रेसीडेंशियल सोसायटी तर्फे अध्यक्ष श्री उत्कर्ष भार्गव पता गोल्डन पॉम स्कीम नं. 136 इंदौर द्वारा सनशाईन रेसीडेंशियल सोसायटी के नाम से समिति/सोसायटी/संस्था पंजीकृत करने के लिये मध्यप्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व अधिनियम 2000 की धारा 18 के अधीन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव सूचित किया जाता है कि उक्त समिति/सोसायटी/संस्था के पंजीयन के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो न्यायालय जूनी इंदौर कक्ष क्रमांक 204 में आगामी तिथि दिनांक 08/09/2025 को दोपहर 02.00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत करे। समयावधि बाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/08/2024 को पदमुद्रा से जारी समिति/सोसायटी/संस्था के बोर्ड पर चस्पा की जावे।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी जूनी इंदौर क्षेत्र जिला इंदौर

In The Court of IX Civil Judge, Class-II, District Court Ratlam Presiding Officer: सुश्री आकांक्षा

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रकिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु।
(RCS A/0000309/2024)

वरूण दुबे ---------- वादी
Vs
सुनील दुबे ---------- प्रतिवादी

PN 68 / 19-08-2025 Process ID-125/2025
पेशी दिनांक 09/09/2025

प्रेषिती - (1) सुनील दुबे पिता मनोहरलाल दुबे निवासी- डाट की पुल के पास जिला रतलाम म.प्र.
(2) आशा दुबे पति सुनील दुबे निवासी- डाट की पुल के पास जिला रतलाम म.प्र.

यह कि प्रार्थी वरुण दुबे ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत वाद बावत् घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 18 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

टिपणी (कृपया ध्यान दें):- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(आकांक्षा)
नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, रतलाम (म.प्र.)

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का नाम समस्त दस्तावेजों में पंकज कुमार मालवी पिता श्री सुदर्शन कुमार मालवी है और मेरे पक्षकार का नाम 10वीं कक्षा की मार्कशीट में पंकज मालवी हो गया है लेकिन मेरे पक्षकार का नाम पंकज कुमार मालवी ही है और पंकज मालवी व पंकज कुमार मालवी पिता सुदर्शन कुमार मालवी दोनो ही नाम मेरे पक्षकार के ही होकर एक ही व्यक्ति है तथा पंकज कुमार मालवी के नाम से ही मेरे पक्षकार को जाना-पहचाना जाता है।

दिनांक 26-08-2025

हस्ताक्षर अभिभाषक
Pankaj Katkani
High CourtAdvocate
63 Dhanmandi Ratlam MP
मो. 8766205044
9425365026

CANTONMENT BOARD MHOW
TENDER NOTICE (III time)

Phone 07324-273226
Fax-07324-229012

No.CBMHOW/GARDEN/2025-28
Office of the Cantonment Board
Mhow, District Indore (MP)

Date 20-08-2025

Cantonment Board Mhow (MP) herby invites e-tenders from the Contractors/ Agencies for Term Contract for Maintenance of various gardens under the management of Cantonment Board Mhow for the year 2025-28 The intrested Contractors/ Agencies may visit the website portel at defproc.gov.in for eligibillity criteria, detailed tender notice, terms & conditions and other details.

Sino	Name of Work	Earnst Money
1	Term Contract for works & Maintance of various gardens under the managment of Mhow Cantonment Board for the Year 2025-28	Rs 263000/

2. Important Dates

Tender publishing/downloading Date	21-08-2025
Bid submission start Date	21-08-2025
Bid submission end Date	12-09-2025 1000 hrs
Bid opening Date	13-09-2025 1500 hrs

Refer defproc.gov.in

3. The tenders can be submitted online only and physical tenders will not be accepted under any circumstances.

(VIKASH KUMAR)
Chif Executive Officer
Mhow Cantonment

Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited
CIN: L24219MP1982PLC004937
Regd. Office : A.B. Road, Village Nimrani, Tehsil Kasrawad, Dist. Khargone-451569 (M.P.) Phone: 0731-4753666
E-mail: secretarial@kcfl.in, Website: www.kcfl.co.in

NOTICE TO SHAREHOLDERS
SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUESTS OF PHYSICAL SHARES

In terms of SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated July 02, 2025, the transfer requests of physical shares which were rejected and returned to the lodger prior to April 01, 2019 and were not re-lodged before the extended time line of March 31, 2021, due to deficiency in the documents/process/or otherwise, can be re-lodged after rectifying the errors, for registration of transfer from July 07, 2025 to, January 06, 2026 with our Registrar and Share Transfer Agents (RTA), i.e., **M/s. Ankit Consultancy Private Limited** at their office at 60, Electronics Complex, Pardeshipura Indore-452010 (M.P.) and sending a scan copy of the same at their e-mail **investor@ankitonline.com** with copy marked to **secretarial@kcfl.in**

Transferred Shares will only be issued in demat mode once all the documents are found in order by RTA. The lodger must have a demat account and provide its Client Master List ('CML'), along with the transfer documents and share certificate, while lodging the documents for transfer with RTA.

Transfer requests submitted after **January 06, 2026** will not be accepted by the Company/RTA.

For **Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited**
Sd/-
Sejal Maheshwari
Company Secretary & Compliance Officer

Place : **Indore**
Date : **26.08.2025**

G. G. AUTOMOTIVE GEARS LIMITED
CIN: L29130MP1974PLC035049
Registered Office: 2-A, I.S. Gajra Industrial Area-1, A.B. Road, Dewas, Dewas, Madhya Pradesh, India, 455001
Email: compliance@ggautomotive.com, Website: www.ggautomotive.com
Phone No.: 07272-404481 / 694003

51वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग सूचना

हमारे द्वारा सूचित किया जाता है कि जी. जी. ऑटोमोटिव गियर्स लिमिटेड की 51वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे (भारतीय मानक समय) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि एजीएम की सूचना में निर्धारित अनुसार कार्य किया जा सके।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') ने अपने परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD- 2/P/CIR/ 2024/133 दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 ("सेबी परिपत्र') और सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024, जिसे कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (MCA) द्वारा जारी किया गया है, के माध्यम से शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट और बैठकों की सूचना की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता समाप्त कर दी है। तदनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ 51वीं एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेजी गई है जिनके ईमेल पते कंपनी / कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ('रजिस्ट्रार') / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ('डीपी') के पास पंजीकृत हैं। वार्षिक रिपोर्ट का इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण सोमवार, 25 अगस्त, 2025 को पूरा हो गया है। वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 कंपनी की वेबसाइट https://ggautomotive.com, स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और https://evoting.purvashare.com की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

इसके अलावा, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ('सेबी सूचीबद्धता विनियम') के विनियम 36(1)(बी) के अनुसार, कंपनी उन शेयरधारकों को एक पत्र भेजेगी जिनके ई-मेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार/डीपी के पास पंजीकृत नहीं हैं, जिसमें कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 तक पहुँचने के लिए वेबलिंक प्रदान किया जाएगा।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 42 के अनुसार, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर शुक्रवार, 12 सितंबर, 2025 से गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 (दोनों तिथियाँ) तक बंद रहेगा। 51वीं वार्षिक आम बैठक (51वीं वार्षिक आम बैठक सहित) के लिए।

सदस्यों को पूर्वा शेयर रजिस्ट्री (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (पूर्वा) द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके 51वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिए गए सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। रिमोट ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 15 सितंबर, 2025 को सुबह 9:00 बजे (भारतीय मानक समय) से शुरू होकर बुधवार, 17 अगस्त, 2025 को शाम 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तिथि, गुरुवार, 11 सितंबर, 2025 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग के निर्देश वार्षिक आम बैठक बुलाने की सूचना के नोट्स में विस्तृत हैं, और यह https://evoting.purvashare.com/ पर भी उपलब्ध है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने श्री हेमंत शेट्ये को, जिनकी सदस्यता संख्या FCS है, नियुक्त किया है। -2827 और सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस संख्या 1483, मेसर्स एचएसपीएन एंड एसोसिएट्स एलएलपी के नामित भागीदार और उनके न होने पर, श्री कुणाल सकपाल, जिनकी सदस्यता संख्या ACS-75123 और सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस संख्या 27860 है, मेसर्स एचएसपीएन एंड एसोसिएट्स एलएलपी के भागीदार, कंपनी सचिव, को 51वीं वार्षिक आम बैठक से पहले रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया और 51वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से जाँच करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

किसी भी स्पष्टीकरण और सहायता के लिए, कृपया पूर्वा शेयर रजिस्ट्री (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में हमारे निवेशक संबंध विभाग से ईमेल support@purvashare.com पर संपर्क करें। आगे के शेयरधारक प्रश्न या इलेक्ट्रॉनिक मोड में सेवा अनुरोध केवल वेबसाइट के माध्यम से ही उठाए जा सकते हैं, जिसका लिंक https://purvashare.com/investor/login/ या 022 4134 3255/56 है।

वास्ते जी.जी. ऑटोमोटिव गियर्स लिमिटेड
लता नारंग
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्या A66669

स्थान: देवास, एमपी
दिनांक: 26/08/2025

कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन
छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन

(Online) निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञप्ति क्र./1126/Workshop/E-tender/2025/36 **उज्जैन, दिनांक 25-6-25**

निम्नांकित कार्य के लिए (Online) निविदा क्रमांक 2024_UAD_350472_7 आमंत्रित की जाती है, तथा टेन्डर फार्म राशि रु. 10000/-रहेगा। निविदा प्रपत्र आनलाइन क्रय करने की अंतिम दिनांक 09.09.2025 समय 17.30 आनलाइन एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 09.09.2025 समय 17.30 रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना आनलाइन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

क्र.	टेंडर फार्म का मूल्य	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मप्र भोपाल	अर्नेस्टमनी रु.	समय अवधि
1	2	3	4	5	6

एक नजर

योग गुरु बाबा रामदेव ने किए महाकाल दर्शन

उज्जैन,निप्र। श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को योग गुरु बाबा रामदेव ने भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।



नंदी हाल में बैठकर भगवान की शिव की आराधना कर विधिवत पूजा की। मंदिर समिति की ओर से उनका सम्मान किया गया। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में बाबा रामदेव ने कहा कि भगवान महाकाल की कृपा से सभी का जीवन सुखी और निरोगी रहे। देश फिर से स्वस्थ,समृद्ध और विकसित बने, यही प्रार्थना भगवान के चरणों में की है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने महाकाल मंदिर के दर्शन से लेकर सनातन गौरव की प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके प्रयासों से मंदिर की महिमा और भी बढ़ी है।

लाड़ली बहनों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का शर्मनाक बयान, वह भी त्योहार के दिन - सावित्री ठाकुर

कुक्षी, (निप्र) । मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत हितलाभ वितरण एवं समस्या निवारण शिविर धार जिले की कुक्षी में कृषि उपज मंडी प्रांगण में केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं कन्या पूजन कर किया गया। केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने शिविर में संबोधित करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओ की अस्मिता की रक्षा को लेकर कई कानून बनाए वहीं हाल ही में मप्र कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा लाड़ली बहनों को नशेड़ी बताना यह शर्मनाक बयान है जो निंदनीय है वह भी त्योहारों के समय,यह शर्मनाक बयान है जो निंदनीय है मोदी सरकार जल्द भ्रष्टाचार के खिलाफ नया कानून ला रहे जो प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री 30 दिन जेल में रहेंगे उनकी कुर्सी खाली हो जाएगी जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जनकल्याणकारी कितनी योजनाएं बनाई की जिसका वर्णन करे तो सुबह से शाम हो जायेगी आप इसी से अंदाजा लगाइए कि अमेरिका की जनसंख्या 50 करोड़ और मोदी सरकार ने 52 करोड़ आयुष्मान कार्ड भारत में बनाए हैं ।

सरेराह बुजुर्ग ने साध्वी से की अभद्रता

पर्युषण पर्व के बीच हुई घटना से जैन समाज आक्रोशित थाने में की शिकायत

उज्जैन,निप्र। सोमवार रात जैन साध्वी के साथ अभद्रता की घटना सामने आई है। जैन मंदिर से उपाश्रय जाते समय एक व्यक्ति ने भीड़भाड़ वाली सड़क पर साध्वी से अभद्रता की। घटना का वीडियो और आरोपी का फोटो समाज के लोगों ने पुलिस को सौंपा है। इस घटना से जैन समाज में आक्रोश व्याप्त है और मंदिरों के पास सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि जैन समाज का प्रमुख पर्व पर्युषण चल रहा है। इसी दौरान नमक मंडी क्षेत्र में साध्वी मंदिर से उपाश्रय जा रही थी,तभी अल्पसंख्यक समुदाय का दिखने वाला बुजुर्ग उनसे छेड़छाड़ कर फरार हो गया। समाज के लोगों ने उसे पकड़ भी लिया था,लेकिन थोड़ी देर बाद छोड़ दिया। इसके बाद आरोपी भाग निकला। घटना की शिकायत खाराकुआं थाने में श्रीपाल राजावत और ऋषभ देवजी छगनलाल जी पेढ़ी की ओर से दर्ज कराई गई है। पुलिस को आरोपी का फोटो और वीडियो उपलब्ध करवाया गया है। सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि मामले की जांच जारी है और पुलिस टीम आरोपी को तलाश कर रही है। इस संबंध में एएसपी नितेश भार्गव ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जॉच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

खरीदी केन्द्रों पर पारदर्शिता अनिवार्य, किसानों के हितों से नहीं होगा समझौता: राजपूत

भोपाल,(निप्र)। मप्र के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि मोटे अनाज ज्वार, बाजरा की समर्थन मूल्य पर खरीदी की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जाये। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं कि जायेगी। खाद्य मंत्री ने दो टूक कहा कि गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी क्योंकि सरकार का उद्देश्य है कि किसानों को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।राजपूत मंगलवार को मंत्रालय में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा) उपार्जन की समीक्षा करते हुये यह निर्देश दिये। बैठक में अपर मुख्य सचिव, श्रीमती रश्मि अरुण शमी, प्रबंध संचालक, नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा सहित विभाग के आला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि तैयारियों में कोई ढिलाई न बरती जाये। जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

अखिल भारतीय हैहय कलचुरी महासभा की समीक्षा बैठक

भोपाल,(निप्र)। अखिल भारतवर्षीय है कलचुरी महासभा की समीक्षा बैठक एलएनसीटी विश्वविद्यालय के सीएमई सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष जय नारायण चौकसे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रदेश प्रचार प्रसार सचिव राजेश राय ने बताया कि बैठक का शुभारंभ भगवान राजराजेश्वर सहस्रबाहु अर्जुन की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट एम.एल. राय ने स्वागत भाषण देते हुए बैठक के उद्देश्य और 2-3 अगस्त को सम्पन्न हुए महासभा के कार्यक्रमों की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में विभिन्न समितियों के प्रभारी, सह-प्रभारी और सदस्यों ने कार्यक्रमों की सफलता और सुधार के लिए अपने-अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जय नारायण चौकसे ने कहा कि समाज की एकजुटता और सही पहचान के लिए जातिगत जनगणना में अपने उपनाम के पहलेकलचुरी शब्द जोड़ना आवश्यक है। इससे समाज की वास्तविक संख्या सामने आएगी और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान सशक्त होगी। उन्होंने महेश्वर को राजराजेश्वर सहस्रबाहु धाम घोषित कराने हेतु राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्ताव को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट एम.एल. राय ने कहा कि संगठन की सफलता सामूहिक सहयोग से ही संभव है। प्रदेश महासचिव (प्रचार-प्रसार) हरिराम राय ने विभिन्न राज्यों में समितियों के गठन और महेश्वर में 100 एकड़ भूमि खरीदने के प्रयासों की जानकारी दी। बैठक के अंत में सक्रिय पदाधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया। समापन पर उपस्थितजनों को संदेश दिया गया कि धीरे-धीरे चलोगे तो मंजिल पाओगे।

पत्नी को गर्म चाकू से 50 से ज्यादा बार दागा

खरगोन में पीड़िता बोली- पति ने पेट पर लात मारी और हाथ-पैर बांध दिए

खरगोन, (एजेंसी)। खरगोन में नवविवाहिता का आरोप है कि पति ने पेट पर लात मारी और हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद गर्म चाकू से उसे 50 से ज्यादा जगह दागा। पति उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करता है। पीड़िता का भाई उसके ससुराल पहुंचा और उसे ले आया।

मामला अवरकच्छ का है। 23 साल की खुशबू की शादी 6 महीने पहले दिलीप पिपलिया से हुई थी। खुशबू का कहना है कि पति उसे पसंद नहीं करता है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात को पीड़िता से मारपीट हुई है। सोमवार को उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पीड़िता के पूरे शरीर में दागने के निशान हैं।

खरगोन एसपी धर्मराज मीणा ने बताया- खुशबू के बयान के आधार पर धर्मेंद्र पिपलिया के खिलाफ प्रताड़ना का केस दर्ज किया गया है। घटनास्थल बड़वानी जिले के अंजड़ का है इसलिए स्थानीय पुलिस को मामला भेजा जा रहा है।

पति शराब पीकर आया और किचन में ले गया-पीड़िता खुशबू ने बताया, 2 फरवरी 2025 को बड़वानी के अंजड़ के रहने वाले दिलीप पिपलिया के साथ शादी हुई थी। ससुराल में कपड़े की दुकान है, लेकिन पति कोई काम नहीं करता। शादी के बाद दहेज को लेकर कहता है- ऐसे कैसे ससुराल आ गई।



पीड़िता ने बताया, रविवार रात को पति शराब पीकर घर आया। उसने दहेज लाने के लिए कहा और मेरे पेट में लात मारी। मुझे घसीटकर किचन में ले गया। मेरे हाथ-पैर बांध दिए। सिर पर कट्टा जैसा कुछ रखकर धमकाया। गैस चूल्हे पर चाकू गर्म कर शरीर पर कई जगह दागा। सुबह इस बारे में सास-ससुर को बताया। उन्होंने दिलीप को समझाने का बोला, लेकिन बाद में कहने लगे कि मैंने ही खुद को जला लिया है।

भाई लेने पहुंचा तो उससे भी विवाद किया-खुशबू के पिता लोकेश वर्मा ने बताया, बेटी ने हमें बताया कि दामाद उसे परेशान कर रहा है। सोमवार सुबह छोटा बेटा उसे लेने अंजड़ पहुंचा। उसके ससुराल के लोगों ने बेटे के साथ विवाद किया। बड़ी मुश्किल से वह बेटी को उनके चंगुल से छुड़ाकर लाया। बड़वानी पुलिस से मदद ही नहीं ले पाए। वे लोग गाड़ी में भरकर हमारे घर भी आए थे। मेनगांव के पुल के पास धमकाया कि आधे घंटे में बेटी को ससुराल नहीं भेजा तो अंजाम बुरा होगा। इसके बाद मेनगांव पुलिस थाने गए। पुलिस की मदद से बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस ने बयान लिए, जांच जारी-जैतापुर पुलिस थाना एएसआई रेखा भलराय ने कहा, पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले की जांच की जा रही है। उसके बयान लिए जा रहे हैं। उसमें जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



बरगी डैम के 9, तवा बांध के 3 गेट खुले

भोपाल, (एजेंसी)। मध्यप्रदेश में इन दिनों मानसून टर्फ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम का असर है। मंगलवार सुबह जलस्तर बढ़ने की वजह से जबलपुर के बरगी बांध के 9 गेट खोल दिए गए। इनसे 1097 क्यूमेक पानी नर्मदा नदी में छोड़ा गया। मंडला, नरसिंहपुर और नर्मदापुरम में नदी किनारे के गांवों में अलर्ट जारी किया गया है।

नर्मदापुरम में तवा डैम के तीन गेट दो-दो फीट की ऊंचाई तक खोलकर 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। रतलाम में सुबह करीब साढ़े 7 बजे से एक घंटे तक तेज बारिश हुई। दो बत्ती, फ्री गंज चौराहे पर पानी भर गया। मंदसौर में शिवना नदी, नाहरगढ़ बिल्लोद पुलिया के ऊपर से बह रही है। भानपुरा में बड़ा महादेव स्थित झरना बहने लगा है।


नीमच और मंदसौर में भारी बारिश का अलर्ट-मौसम विभाग के मुताबिक, आज उज्जैन संभाग के 2 जिले- नीमच और मंदसौर में भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। यहां यलो अलर्ट जारी किया गया है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि अगले 3 दिन के लिए कुछ जिलों में ही भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। बाकी में हल्की बारिश होगी।

मशीन में फंसकर महिला के सिर के बाल उखड़े, मौत

उज्जैन में पोहा फैक्ट्री में काम करने के दौरान हादसा; मालिक ताला लगाकर भागा

उज्जैन, (एजेंसी)। महिला सिर के बाल मशीन में फंसकर उखड़ गए। अस्पताल ले जाने से पहले उसकी मौत हो गई।

उज्जैन में पोहा फैक्ट्री में काम कर रही महिला कर्मचारी के कपड़े मशीन में फंस गए। इसके बाद सिर के बाल पूरे उखड़ गए। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



घटना मंगलवार दोपहर में की है। विराट नगर क्षेत्र में रहने वाले 40 साल की रुखसाना बी छोटी मायापुरी स्थित डायमंड एग्रो पोहा फैक्ट्री में काम करती थी। मंगलवार दोपहर को फैक्ट्री में मशीन के पास काम कर रही थी। इस दौरान वह मशीन की चपेट में आ गई।

साथी कर्मचारियों ने मशीन की बंद-महिला की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल मशीन को बंद किया। लेकिन तब तक महिला के शरीर से उसके सिर के बाल उखड़ चुके थे। महिला को चरक अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

फैक्ट्री मालिक ताला लगाकर भागा-घटना के बाद फैक्ट्री मालिक ताला लगाकर गायब हो गए। चिमनगंज मंडी थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि पोहा फैक्ट्री मयंक जैन निवासी तुलसी नगर की है। घटना के बाद कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए हैं। जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शराब पर सियासी वार-पलटवार

क्या जीतू पटवारी आंकड़े इटली से लेकर आए हैं?-सारंग

भोपाल,(निप्र)। देशभर में सबसे ज्यादा मध्यप्रदेश की महिलाएं शराब पीती हैं। यह हम नहीं कह रहे है। यह कहना है एमपी कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी का। जिस पर सियासी घमासान भी एमपी में नजर आ रहा है। बीजेपी ने जीतू पटवारी के इस बयान पर आपत्ति जताई है और कहा है ये प्रदेश की आधी आबादी का अपमान है।

दरअसल, जीतू पटवारी बीजेपी सरकार पर नशा, बेरोजगारी और कुपोषण के मुद्दे पर हमला कर रहे थे। इसी दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा हमें तमगा मिला है कि महिलाएं पूरे देश में सबसे ज्यादा शराब कहीं पीती हैं तो मध्यप्रदेश की पीती हैं। पटवारी ने आगे कहा समृद्ध एमपी का सपना दिखाने वाली बीजेपी ने प्रदेश के यह हालात कर दिए हैं। जितना ड्रग्स का कारोबार मध्यप्रदेश में होता है। दूसरे किसी राज्य में नहीं होता है। सरकार ने कभी प्रयास नहीं किया कि इससे निजात कैसे दिलाएं। हमारी बहनें, बेटियां नशा करने लगीं। लाड़ली बहना के नाम पर वोट ले लिए और मध्यप्रदेश में बहना ही सबसे ज्यादा नशा करती हैं। भाजपा ने ऐसा मध्यप्रदेश बना दिया। इस पर विचार करना चाहिए।

कांग्रेस ने किया प्रदेश की महिलाओं का अपमान-जीतू पटवारी का यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भोपाल की हुजूर विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा जीतू पटवारी पहले भी बहन बेटियों का अपमान कर चुके हैं। हरतालिका तीज वाले दिन जीतू पटवारी ने प्रदेश की 5 करोड़ माताओं बहनों का अपमान किया है। विधायक शर्मा ने सोनिया गांधी से जीतू पटवारी को समझाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह प्रदेश की आधी आबादी का अपमान है।

महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की संस्कृति-विश्वास सारंग-मप्र के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने कहा महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की संस्कृति है। क्या जीतू पटवारी आंकड़े इटली से लेकर आए हैं?। मध्यप्रदेश की बहन बेटियों को इस तरह से बदनाम करना बहुत आपत्तिजनक है। मंत्री सारंग ने कहा अब प्रियंका गांधी कहा है जो कहती थी लड़की हूं लड़ सकती हूं। इस तरह महिलाओं का अपमान हो रहा है। सोनिया प्रियंका गांधी मूकदर्शक बनी देख रही हैं। कांग्रेस ने हर समय महिलाओं का अपमान और उत्पीड़न किया है। इस तरह सम्पूर्ण महिला वर्ग को शराब से जोड़ना और मप्र को बदनाम करना आपत्तिजनक और खेदपूर्ण भी। एमपी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान से मध्यप्रदेश की सियासत गर्मा गई है। बीजेपी इसे महिलाओं का अपमान बता रही है। कांग्रेस इसे मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश कह रही है। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या यह बयान सियासी रणनीति है या सचमुच प्रदेश की तस्वीर दिखाने की कोशिश। शराब पीने वाला कोई भी हो सकता है। लेकिन इसे एक जेंडर में जेंडर के रूप में पेश करना कि महिलाएं इतनी पीती है, पुरुष इतने पीते हैं। सरासर गलत है। खासकर जब जनप्रतिनिधि इस तरह की बातें करता है तो उसका असर समाज में अच्छा नहीं होता है।

आज से गणेश उत्सव की धूम

बड़ी झांकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य

भोपाल,(निप्र)। भोपाल में गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। जिला प्रशासन नगर निगम और भोपाल पुलिस ने गणेश उत्सव को सफल बनाने के लिए विशेष तैयारी की है। शहर में करीब 4 हजार गणेश पंडाल बनेंगे। 250 जगह बड़ी झांकियां बन रही हैं। बड़े पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया गया है।बुधवार से शुरू हो रहे गणेश उत्सव को लेकर भोपाल में तैयारियां पूरी हो गईं हैं। जिला प्रशासन, नगर निगम और भोपाल पुलिस ने गणेश उत्सव को सफल बनाने के लिए विशेष तैयारी की है। जिला प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शहर में करीब 4 हजार गणेश पंडाल बनेंगे। 250 जगह बड़ी झांकियां बन रही हैं। बड़े पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया गया है। निगम हर झांकी से रोज निर्माल्य इकट्ठा करने के लिए वाहनों की व्यवस्था कर रहा है।

देर रात तक गश्त करेगी पुलिस-पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्रा ने सभी अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ मीटिंग की और उन्हें विशेष दिशा-निर्देश दिए। कमिश्नर ने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि प्रतिमा स्थलों वाले क्षेत्रों में देर रात्रि तक निरंतर गश्त करेंगे व असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। अपराधों की रोकथाम हेतु अवैध शराब तस्कर, आर्म्स तस्कर, मादक पदार्थ, जुआ,सट्टा के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करें एवं निगरानी बदमाशों, आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें।

मां से बात की जिद पर छात्र को पीटा

देवास में हॉस्टल स्टाफ ने 5वीं के स्टूडेंट को मारे पाइप; 4 पर केस दर्ज

देवास, (एजेंसी)। देवास के एक हॉस्टल में स्टाफ ने 5वीं क्लास के छात्र से मारपीट की। इससे स्टूडेंट की कमर, पीठ और हाथ पर सूजन आ गई। परिजन की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ दर्ज की गई है। पुलिस ने कहा है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मामला भोपाल रोड स्थित कौटिल्य एकेडमी स्कूल का है। छात्र की मां ने बताया- 20 अगस्त को बेटे का 5वीं क्लास में दाखिला कराया था। वह हॉस्टल में रह रहा था। 24 अगस्त को उसने स्टाफ से घर में बात कराने की जिद की। इस पर हॉस्टल के कर्मचारियों ने उसे पाइप से पीट दिया।

पैर पकड़कर छोड़ने को कहा, फिर भी पीटते रहे-छात्र ने बताया कि मारपीट के दौरान उसने हॉस्टल स्टाफ से पैर पकड़कर छोड़ देने की गुहार लगाई लेकिन वे पीटते रहे।

उसका यह भी कहना है कि हॉस्टल के दूसरे बच्चों के साथ भी ऐसा ही



व्यवहार किया जाता है।

हॉस्टल प्रबंधक बोले- सिर्फ डांटा, पीटा नहीं-मामले में कौटिल्य एकेडमी के प्रबंधक मिथिलेश यादव का कहना है कि बच्चे को हाल ही में मां के कहने पर एडमिशन दिया था लेकिन वह स्कूल से भाग गया था। उसे सिर्फ स्टाफ ने डांटा था, मारपीट नहीं की गई।

हॉस्टल से जुड़े 4 लोगों पर केस-छात्र की मां की शिकायत पर बीएनपी थाने में सोमवार को चेतन यादव, जितेंद्र, सतीश और एक सिक्योरिटी गार्ड के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने कहा- छात्र का हाल ही में एडमिशन हुआ था। उसने हॉस्टल से भागने की कोशिश की थी। इससे नाराज होकर स्टाफ ने मारपीट की। छात्र का मेडिकल कराया गया है। आगे की जांच की जा रही है।

पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया के बंगले में चोरी

चांदी की दो मूर्ति सहित सोफा-कुर्सी, भगोने-कढ़ाई ले गए चोर; पुलिस ने शुरू की जांच

ग्वालियर, (एजेंसी)। ग्वालियर में पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया के सरकारी बंगले में चोरी का मामला सामने आया है। चोर एल्युमीनियम के भगोने, लोहे की दो बड़ी कढ़ाई, 50 स्टील की थालियां, सोफा, कुर्सी और दो चांदी की मूर्तियों सहित गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। घटना के समय बंगले का चौकीदार शहर से बाहर था। लौटकर आया तब उसे चोरी का पता चला।

चौकीदार की सूचना पर पड़ाव थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पूर्व मंत्री को रेसकोर्स रोड पर सरकारी बंगला-35 आवंटित है।



बंगले की देखरेख के लिए हंसराज पुत्र रन सिंह भदौरिया (निवासी महाराजपुरा वासदेव नगर) को रखा है। वह 12 अगस्त को बंगले में ताला लगाकर शहर से बाहर चला गया था, 24 अगस्त की शाम को लौटा और ताला खोला तब चोरी का पता चला। बंगले में सामान बिखरा पड़ा था।

कभी-कभी आते हैं पूर्व मंत्री-यह बंगला आमतौर पर खाली रहता है। पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया कभी-कभी बंगले पर आते हैं। चौकीदार के शहर से बाहर रहने के दौरान बंगले पर किसी का आना-जाना नहीं हुआ। घटना के बाद भी ताला पहले की तरह बाहर लगा था।

पुलिस बंगले के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस का मानना है कि लोडिंग वाहन के बगैर इतना बड़ा सामान नहीं ले जाया जा सकता है, इसलिए उस क्षेत्र में आने वाले लोडिंग वाहनों के फुटेज विशेष तौर पर देखे जा रहे हैं। इसके अलावा आसपास पूछताछ भी की जा रही है।



गणेश चतुर्थी विभिन्न जन्मकथाएं

27 अगस्त, यानी कल गणेश चतुर्थी है। इस दिन, चित्रा नक्षत्र, बुधवार और भाद्रपद महीने की चतुर्थी तिथि से शुभ संयोग बन रहा है। गणेश पुराण में बताया गया है कि ऐसे ही संयोग में देवी पार्वती ने दोपहर के समय गणपति की मूर्ति बनाई थी, जिसमें भगवान शिव ने प्राण डाले थे।

सिद्धि विनायक रूपः लाल रंग, बैठे गणेश और हाथ में रुद्राक्ष की माला

सिद्धि विनायक रूप की मूर्ति लाल रंग की होती है। ये बैठे हुए गणेश होते हैं। मूर्ति के सिर पर मुकुट और गले में हार होता है। दायां दांत टूटा और बायां पूरा होता है। नाग की जनेऊ पहनी होती है। एक हाथ आशीर्वाद देते हुए, दूसरे हाथ में मोदक और रुद्राक्ष की माला रहती है। तीसरे हाथ में अंकुश (हथियार) रहता है। चौथे में पाश होता है। दायां पैर मुड़ा हुआ और बायां नीचे की तरफ निकला हुआ होता है।

देवी पार्वती ने शरीर के मैल से बनाए गणेश

देवी पार्वती ने नहाने से पहले अपने शरीर के मेल से एक बच्चे का पुतला बनाया और उसमें प्राण डाले। देवी ने उसे द्वारपाल बनाकर आज्ञा दी कि कोई भीतर न आए। जब शिव आते हैं तो बालक उन्हें रोकता है। शिव और उस बालक के बीच युद्ध होता है। शिव अपने त्रिशूल से उस बच्चे का सिर काट देते हैं। बच्चे को देख पार्वती दुखी होती हैं। उनके गुस्से से सृष्टि को बचाने के लिए बच्चे के शरीर पर हाथी का सिर लगाया जाता है और उसे फिर से जीवन दिया जाता है। शिव बच्चे को गजानन नाम और प्रथम पूज्य होने का वरदान देते हैं।

शिवजी ने प्रकट किया गणेश को, विघ्नेश्वर कहलाए

देवगण बृहस्पति के साथ शिव से प्रार्थना करते हैं कि अधर्मियों के कामों में विघ्न डालने वाला एक देव रूप दें, जिससे धर्मात्मा सुखी हों। तब शिव ने गणेश्वर को प्रकट किया। पार्वती उन्हें गजानन रूप देती हैं। शिव पुत्र-जन्म के संस्कार कराते हैं और वरदान देते हैं कि तीनों लोक में सबसे पहले तुम्हारी पूजा होगी। साथ ही तुम विघ्नेश्वर और विनायक कहलाओगे। तुम्हारे गण अधर्मियों के कामों में रुकावटें पैदा करेंगे। इसके बाद गणेश अपने विघ्न-गणों की स्थापना करते हैं।

रूद्र से प्रकट हुए गणेश, विनायक नाम पड़ा

ऋषि मुनियों की पूजा में आसुरी शक्तियां रुकावट डाल रही थीं। ऐसे में देवता और पितर कैलाश जाकर शिव से उपाय मांगते हैं। शिव देवी पार्वती को देखते हुए विचार करते हैं कि मेरी देह पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु में तो है, लेकिन आकाश में क्यों नहीं और हंस पड़ते हैं। रूद्र के इस भाव से तेजस्वी बालक प्रकट होता है। उसे देखकर पार्वती मुग्ध हो जाती हैं। इस पर रूद्र को गुस्सा आता है और वो बालक को श्राप देते हैं कि तुम्हारा मुंह हाथी जैसा हो जाए, पेट बड़ा हो जाए और तुम्हारी जनेऊ नाग बन जाए। तब ब्रह्मा आकर कहते हैं जो रुद्र के भाव से उत्पन्न हुआ वो गणपति बने। तब शिव का गुस्सा शांत होता है और उस बालक को विनायक, विघ्नकर और गणेश नाम दिया जाता है। वरदान भी दिया जाता है कि हर पूजा आराधना से पहले गणपति की पूजा अनिवार्य है।

पार्वती ने बनाया गजमुखी बालक

राक्षसों के कामों में रुकावट डालने के लिए देवताओं ने देवी की स्तुति की। देवी पार्वती ने अपने शरीर के मेल से गजमुख बच्चे की मूर्ति बनाई। शिव ने उसमें प्राण डाले और कहा ये मेरी तरह पराक्रमी होगा। पापी और धर्म का अनादर करने वालों को विघ्न देगा।

गणेश उत्सव सामाजिक समरसता का प्रतीक



भारत देश अपनी सांस्कृतिक विशेषता के कारण दुनिया में एक अलग पहचान रखता है। यही सांस्कृतिक विशेषता हमारे देश को श्रेष्ठता प्रदान करती हैं, इस विशेषता के दर्शन तीज त्यौंहार, उत्सव, परंपराओं में होते है। गणेश उत्सव ने देश की राष्ट्रीय चेतना जगाने और सामाजिक समरसता स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महाराष्ट्र राज्य से शुरू हुआ यह उत्सव समय के साथ सम्पूर्ण भारत में मनाया जाना लगा। इस उत्सव की खास बात यह है की यह समाज के सभी वर्गों में समान उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाता है। जातिपाती और आर्थिक मतभिन्नता के परे इस उत्सव में गजब की सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता के दर्शन होते है। गणेशोत्सव की शुरूआत महाराष्ट्र के पुणे से हुई थी। गणेश चतुर्थी का इतिहास मराठा साम्राज्य के सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़ा है। ऐसी मान्यता है की भारत में मुगल शासन के दौरान अपनी सनातन संस्कृति को बचाने हेतु छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी माता जीजाबाई के साथ मिलकर गणेश चतुर्थी यानी गणेश उत्सव की शुरूआत की थी। आदि शंकराचार्य ने गणेश जी के सर का बहुत सुन्दरता से गणेश स्त्रोत में विवरण प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार हालांकि, गणेश जी की पूजा हाथी के सिर वाले भगवान के रूप में होती है, लेकिन यह आकार या स्वरूप वास्तव में उस निराकार परब्रह्म रूप को प्रकट करता है। वे अजं निर्विकल्प निराकारमेकम है। अर्थात गणेश जी अजं (अजन्मे) हैं, निर्विकल्प (बिना किसी गुण के) हैं, निराकार (बिना किसी आकार के) हैं और वे उस चेतना के प्रतीक हैं, जो सर्वव्यापी है। गणेश जी वही ऊर्जा है जो इस सृष्टि का कारण है। यह वही ऊर्जा हैं्ङ्क जिसमे सबकुछ प्रकट होता है और जिसमे सबकुछ विलीन हो जाता है। भगवान गणेश जी के जन्म की कहानी हम सभी उस कथा को जानते हैं, कि कैसे गणेश जी हाथी के सिर वाले भगवान बने। गणेश जी भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। पुरातनकाल से हिंदू समाज कोई भी शुभ कार्य निर्विघ्न संपन्न करने के लिए उसका आरंभ गणपति की पूजा से होता है। गणेश जी सुखझसमृद्धि, वैभव एवं आनंद के अधिष्ठाता हैं। समाज में सभी शुभ कार्यो का प्रारंभ उनके दिव्य स्वरूप का स्मरण करके किया जाता है। व्यापारी अपने बहिखातों पर श्री गणेशाय नमः लिखकर ही नए वर्ष का प्रारंभ करता है। विवाह के मांगलिक अवसर पर भी गणेश पूजा की जाती है। श्री गणेश जी की अराधना से जुड़े इस उत्सव का राष्ट्रीय महत्व भी है। पेशवाओं ने गणेश उत्सव को बढ़ावा दिया। कहते है पुणे में कस्बा गणपति नाम से प्रसिद्ध गणपति की स्थापना शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई ने की थी। परंतु लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को राष्ट्रीय स्वरूप दिया। इससे पूर्व गणेश पूजा परिवार तक ही सीमित थी। पूजा को सार्वजनिक महोत्सव का रूप देते समय उसे केवल धार्मिक कर्मकांड तक ही सीमित नहीं रखा। बल्कि आजादी की लड़ाई, तात्कालीन समाज में व्याप्त छुआछूत दूर करने और जाति, वर्ग,अमीर, गरीब के भेद से ऊपर उठकर समाज को एक रुपता प्रदान करने के लिए इससे बढ़कर उसे अंग्रेजो के खिलाफ एक आंदोलन का स्वरूप दिया। बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में गणेशउत्सव का जो सार्वजनिक पौधारोपण किया वह समय के साथ बढ़ता चला गया। अंग्रेजो के विरुद्ध आजादी की लड़ाई में गणेश उत्सव से निर्मित सामाजिक और राष्ट्रीय एकता हथियार के रूप में सामने आने लगी। तिलक ने गणेश उत्सव को सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता का रूप दिया। उसके बाद महाराष्ट्र से यह उत्सव सम्पूर्ण भारत और दुनियां में मनाया जाने लगा। इस दस दिवसीय उत्सव का उल्लास पुणे और मुंबई में बड़े रूप में देखने को मिलता है। यहां विशाल गणेश पांडालों में झांकियां सजाई जाती है। देश के अन्य राज्यों में भी गणेश उत्सव परंपरागत उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। घरों, संस्थाओं, गली मोहल्लों में गणेश जी प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। बच्चो से जुड़ी प्रतियोगिताएं, खेलकूद, नाच, गाना, बजाना, सभी गली मोहल्लों, कालोनियों के लोगो को आपस में जोड़ देते है। गणेश उत्सव के दौरान बने रिश्ते समाज को आपस में जोड़ने का काम करते है। सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता की स्थापना में सहायक भूमिका निभाते हैं। पुणे के चर्चित गणेश पांडालों में जहां कस्बा गणपति, तांबड़ी जोगेश्वरी, गुरुजी तालीम, तुलसीबाग, केसरीवाड़ा दगडू सेठ गणेश पांडाल शामिल है तो देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में लालबागचा राजा, अंधेरीचाराजा, गणेश गली मुंबईचा राजा, खेतवाड़ी चा राजा, जीएसबी सेवा मंडल और गिरिगांव चा राजा गणेश पांडाल लोकप्रिय है। महाराष्ट्र से सटा एमपी भी अब गणेश पांडालों से सुसज्जित होने लगा है। यहां अनंत चतुर्दशी पर झिलमिलाती झांकियों का कारवा बरसों से निकल रहा है। एमपी के इंदौर में विभिन्न मिलो की झांकियां श्रमिको द्वारा बनाई जाती थी। समय के साथ नवीन गणेश मंडलों द्वारा झांकियां निकाली जाती हैं। दस दिन विशाल पांडाल में झांकियां सकती है, प्रसाद और भंडारों का दौर चलता है। गणेश उत्सव की इस कड़ी में एमपी की सीमा पर स्थित महाराष्ट्र से सटे अपने शहर सेंधवा का भी नाम शामिल करना चाहूंगा। जहां गणेश उत्सव की परंपरा बरसो से जारी है। दस दिवसीय गणेश उत्सव शहर के विभिन्न चौक चौराहों और कालोनियों में उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यहां अनेकों सामाजिक संगठन अनंत चतुर्दशी के चल समारोह में भागीदारी करते हुए झांकियों का निर्माण करते थै। इनमे महाराष्ट्र समाज सेवा संगठन, हिंदू समाज सेवा संगठन, दिनेश गंज एकता संगठन, जय भवानी एकता संगठन, पालीवाल समाज एकता संगठन, जय हिंद एकता संगठन, महाराज गली एकता संगठन आदि प्रमुख है।

इन संगठनों में से कुछ अभी भी झांकियों का निर्माण करते है, कुछ नए संगठनों द्वारा झांकियां निकाली जाती है। दिनेशगंज एकता संगठन दस दिवसीय गणेश पंडाल का निर्माण करता है। यह क्रम अब भी जारी है। यह पांडाल निमाड़ में सबसे प्रसिद्ध पंडांलो में शुमार है। गणेश उत्सव सांस्कृतिक रूप से भारतीय जनमानस में एकता स्थापित करने का प्रमुख सांस्कृतिक उत्सव है। बाल गंगाधर तिलक ने जिस सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता के स्थापन के लिए सार्वजनिक गणेश उत्सव मनाए जाने की प्रक्रिया का प्रारंभ किया था। इस उत्सव ने अंग्रेजों से आजादी के दौरान तो भारत को एक सूत्र में बांधने का काम किया था। आजाद भारत में भी गणेश उत्सव सामाजिक समरसता का प्रतीक बना हुआ है।

नरेंद्र तिवारी

पूजा में पहले स्वास्तिक बनाने की परंपरा

27 अगस्त से गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। इस दिन भगवान गणपति की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। गणेश पूजा हो, किसी अन्य देवी-देवता की आराधना या कोई भी धार्मिक कार्य, शुरूआत स्वास्तिक चिह्न बनाकर की जाती है। मान्यता है कि स्वास्तिक बनाकर किसी कार्य की शुरूआत की जाए तो वह कार्य बिना बाधा के पूर्ण हो जाता है।

स्वास्तिक का अर्थ और महत्व

स्वास्तिक शब्द दो भागों से मिलकर बना हैः सु = शुभ और अस्ति = होना, अर्थात सब कुछ शुभ हो। ये चिह्न न केवल शुभता का ही नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का भी प्रतीक माना जाता है।

स्वास्तिक की चार रेखाएं दशार्ती हैं पुरुषार्थ को

स्वास्तिक का आकार गणित के धन चिह्न (+) के समान होता है, जो सकारात्मकता दशार्ता है। इसकी चार रेखाएं दशार्ती हैंः

चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष

चार आश्रम ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास

चार युग सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग, कलियुग

चार लोक भू, भुवः, स्वः, महः

स्वास्तिक बनाते समय ध्यान देने योग्य बातें...

उल्टा स्वास्तिक घर में न बनाएं। उल्टा स्वास्तिक सिर्फ मंदिरों में किसी विशेष मनोकामना के लिए बनाया जाता है। मनोकामना पूर्ण होने पर उसी स्थान पर सीधा स्वास्तिक बनाना चाहिए।

स्वास्तिक सुंदर और स्पष्ट होना चाहिए। टेढ़ा-मेढ़ा या अस्पष्ट स्वास्तिक न बनाएं। टेढ़ा-मेढ़ा स्वस्तिक पूजा में ध्यान भटका सकता है। कुछ लोग घर के बाहर गोबर से स्वास्तिक बनाते हैं, जिससे पवित्रता बनी रहती है। स्वास्तिक बनाने के लिए हल्दी, कुमकुम या सिंदूर का इस्तेमाल कर सकते हैं। वास्तु अनुसार, घर के प्रवेश द्वार पर स्वास्तिक बनाने से नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश नहीं कर पाती है और घर में सकारात्मकता बनी रहती है।

मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा करें स्थापित

27 अगस्त को घर में गणेश जी की मिट्टी से बनी प्रतिमा ही स्थापित करें, क्योंकि ये प्रतिमाएं विसर्जन करने के बाद आसानी से पानी में घुल जाती हैं और ये पर्यावरण के लिए नुकसानदायक नहीं होती हैं। जबकि पीओपी से बनी प्रतिमाएं आसानी से पानी घुलती नहीं हैं और ये पर्यावरण के लिए हानिकारक होती हैं, इसलिए पीओपी की गणेश प्रतिमा स्थापित करने से बचना चाहिए।

दैनिक पंचांग

27 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	सिंह में	कन्या	07.13 बजे से
चंद्र	कन्या में	तुला	09.23 बजे से
मंगल	कन्या में	वृश्चिक	11.38 ब.से
बुध	कर्क में	धनु	13.54 बजे से
गुरु	मिथुन में	मकर	15.59 बजे से
शुक्र	कर्क में	कुंभ	17.46 बजे से
शनि	मीन में	मीन	19.18 बजे से
राहु	कुंभ में	मेष	20.49 बजे से
केतु	सिंह में	वृष	22.29 बजे से
राहुकाल	12.00 से 1.30 बजे तक	मिथुन	00.27 बजे से
		कर्क	02.41 बजे से
		सिंह	04.57 बजे से

बुधवार 2025 वर्ष का 239 वा दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** वर्षा।
विक्रम संवत् 2082 **शक संवत्** 1947
मास भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला
तिथि चतुर्थी 15.45 बजे को समाप्त।
नक्षत्र हस्त 06.05 बजे को समाप्त।
योग शुभ 12.35 बजे को समाप्त।
करण विष्टि 15.45 बजे तदनन्तर बव 04.49 बजे प्रातः को समाप्त।
चन्द्रायु 3.8 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 10° 03'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872449
जूलियन दिन 2460914.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना रवि उलावल
तारीख 03
विशेष गणेश चतुर्थी।

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, भादो शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, चतुर्दशी, बुधवासरे, हस्त नक्षत्रे, शुभ योगे, विव करणे, कन्या की चंद्रमा, भद्रा 20/26, विनायकी चौथ व्रत, श्री गणेश प्रकटोत्सव प्रारंभ,दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल शासक-प्रशासक, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता, अधितक्ता, योगी-भोगी, उत्तम वृत्ति वाला।

मेष :- शत्रु पक्ष से हानि, शारीरिक विकार उत्पन्न होंगे तथा परेशानी अवश्य ही बनेगी।

वृष :- स्त्री सुख में कमी बने, कार्य में अड़चन पैदा होने से कार्य में उलझने बनेंगी।

मिथुन :- व्यापार में लाभ, खर्च रुकेगे, कार्य पूर्ण होंगे, स्त्री-मित्रों में खर्च अवश्य होगा।

कर्क :- शारीरिक सुख, पुत्र चिन्ता, यश के कार्य में अपयश मिलेगा, ध्यान दें।

सिंह :- धन लाभ, कार्य सफल होंगे, मान-सम्मान बढ़े, भाग्योदय तथा आय अवश्य होगी।

कन्या :- यात्रा से लाभ, पारिवार में सुख-शांति तथा कार्य में रुकावट होगी।

तुला :- धार्मिक कार्यों में खर्च बढ़े, धन का आभाव किन्तु विशेष सुख होगा, ध्यान दें।

वृश्चिक :- चिन्ताओं की समाप्ति होगी, नये कार्य-व्यापार में लाभ के कार्य अवश्य होंगे।

धनु :- संघर्ष कार्य, अशांति, व्यापार में अशांति, संतान से सुख समाचार मिलेगा।

मकर :- रोग, शरीर व्याधि से कष्ट, धन की कमी, घर में अवश्य रहेगी।

कुम्भ :- व्यापार में सुधार होगा, शत्रु पीड़ा से सावधान रहें, स्वास्थ्य में कुछ खराबी होगी।

मीन :- व्यापार से लाभ, कार्यक्षेत्र-व्यवसाय में लाभ, भूमि-भवन की खरीदारी होगी।

दगडूशेठ हलवाई सामाजिक कामों के लिए विख्यात



पूरे महाराष्ट्र में गणेशोत्सव की धूम है, मुंबई हो या पुणे पूरे महाराष्ट्र में भक्तगण अपने भगवान की पूरी निष्ठा और भक्तिभाव से पूजा अर्चना कर रहे हैं। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति पुणे में भक्तों के लाडले भगवान हैं। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति को पुणे शहर के गौरव का उच्चतम स्थान माना जाता है। हर साल भारत भर के और देश विदेशों के अनगिनत भक्त इस भगवान के दर्शन पाने के लिये आते हैं। श्री दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर भक्तों के आदर और भक्ती का स्थान तो है ही, पर इतना ही नहीं, बल्कि समाज-सेवा और संस्कृति-संवर्धन के लिए प्रयत्नशील रही हुई एक महत्त्वपूर्ण संस्था के रूप में भी लोग इसे जानते हैं। गणेशोत्सव के इस पावन त्योहार पर आइए जानते हैं श्री दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर के सीएसआर और सामाजिक पहल।

श्री दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर ट्रस्ट इस नाम से यह संस्था कार्यरत है और अन्नदान, ओल्ड ऐज होम, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संरक्षण जैसे कई सामाजिक और सीएसआर के कामों को करती है। सितंबर 2013 से, श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति ट्रस्ट पुणे के ससून जनरल अस्पताल में प्रतिदिन 1200 रोगियों को स्वस्थ और शुद्ध शाकाहारी भोजन प्रदान करता है। ट्रस्ट ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए वेटिंग रूम की भी व्यवस्था की है। बच्चों के सर्वांगीण विकास की बात करें तो ट्रस्ट हमेशा से आगे रहा है।

लालबाग के राजा के सामाजिक कार्य




लालबागचा राजा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल समाज और देश के उत्थान के लिए 1934 से कई सामाजिक और शैक्षिक कार्य चला रहा है। देश में जब भी कोई आपदा आई है तो मंडल ने हमेशा सामाजिक कार्यों में योगदान दिया है। 1947 में, मंडल ने अपनी शेष राशि कस्तूरबा कोष और 1959 में बिहार बाढ़ राहत कोष में दान कर दी। मंडल ने 1959 में बिहार में बाढ़ के दौरान और 1962 और 1965 में युद्धों के दौरान राष्ट्रीय कोष में अपना योगदान दिया।यह पहला मंडल है जिसने 1999 में कारगिल में राष्ट्र की गरिमा को बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिवारों के लिए ह्लसेना केंद्रीय कल्याण कोषह्व में 1 लाख रुपये का योगदान दिया था।

डायलिसिस सेंटर

किडनी संबंधी बीमारियों का इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इनमें से अधिकांश रोगियों को नियमित रूप से डायलिसिस से गुजरना पड़ता है, जो बहुत महंगा होता है।

ऐसे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को सहायता प्रदान करने के लिए, मंडल ने औद्योगिक एस्टेट, चिवड़ा गली, लालबाग, मुंबई-12 में एक डायलिसिस सेंटर शुरू किया है। इस डायलिसिस सेंटर में 100 रुपये के मामूली खर्च पर डायलिसिस किया जाता है। डायलिसिस सेंटर का प्रबंधन नेफ्रोलॉजिस्ट की एक टीम द्वारा किया जाता है।

आखिर ग ापति बप्पा क्यों हैं बुद्धिदायक और विघ्नहर्ता



माता-पिता ही हमारे सर्वस्व है और उनकी सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

सनातन धर्म में किसी भी शुभ मुहूर्त का प्रारंभ गणेश वंदना से होता है। आमतौर पर एक कहावत भी प्रचलित है- आओ अमुक कार्य का श्रीगणेश करें, यानी कार्य का शुभारंभ करें। सनातन संस्कृति के देवताओं की फेहरिस्त में गणेशजी एकमात्र ऐसे देव हैं जिनके बारे में एक किंवदंती प्रचलित है कि उन्होंने अपने ज्ञान के आधार पर स्वयं को पूजा-अर्चना का प्रथम अधिकारी बनाया। धर्मशास्त्रों में वर्णन मिलता है कि भगवान शिव ने कार्तिक और गणेश के बीच एक प्रतियोगिता आयोजित की- जो अपने वाहन पर सवार होकर पृथ्वी की परिक्रमा करके पहले लौटेगा वही प्रथम पूजनीय होगा। गणेशजी ने अपने पिता शिव और माता पार्वती की सात बार परिक्रमा की और शांत भाव से उनके सामने हाथ जोड़कर खड़े हो गए। कार्तिकेय अपने मयूर वाहन पर सवार होकर पृथ्वी का चक्कर लगाकर लौटे। किंतु देवाधिदेव महादेव ने कहा कि गणेश तुमसे पहले ब्रह्मांड की परिक्रमा कर चुका है, माता-पिता की परिक्रमा करके उसने साबित कर दिया कि माता-पिता ब्रह्मांड से भी बढ़कर हैं। गणेशजी ने संसार को इस तथ्य से अवगत कराया कि कहा गया है कि जिसके पास बुद्धि है, वही बलशाली है। सनातन संस्कृति में बुद्धि के प्रतीक और अधिष्ठाता गणेशजी को माना गया है। गणेश जी के सिर को गज यानी हाथी के रूप में प्रदर्शित करना मेधा शक्ति का परिचायक है। बुद्धि तो हरेक के पास होती है, किंतु विवेक के बिना बुद्धि रचनात्मक गतिविधियों की ओर उन्मुख नहीं हो पाती है, जबकि गणेजी तो स्वयं विघ्नहर्ता और किसी भी शुभ कार्य के मार्ग में आने वाले अवरोधों का उन्मूलन करने वाले देवता हैं। गणपति बप्पा का विशाल उदर करुणा, उदारता और पूर्ण स्वीकारोक्ति का द्योतक है। असल में जिस समाज में, जिस परिवेश में करुणा, उदारता और हरेक परिस्थिति के प्रति सहज स्वीकृति की भावना निर्मित होने लगती है, वहां श्रद्धा, आस्था और सत्य का स्वाभाविक प्रकटीकरण होने लगता है। गणेशजी को एकदंत भी कहा जाता है जो निश्चित ही पूर्ण एकाग्रता का प्रतीक है, जबकि उनके हाथों में विराजमान अंकुश पूर्ण सजगता का परिचायक है। गणेशजी दूसरे कर में जो पाश धारण किए हुए हैं, वह प्रतीक है आत्मनियंत्रण का।

एक नजर

सीआईएसएफ की दौड़ युवक हारा जिदंगी की जंग

भोपाल। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की शारीरिक दक्षता परीक्षा में आए एक युवक की मौत हो गई। वह गोविंदपुरा स्थित सीआईएसएफ मैदान में दौड़ने के बाद बैठ गया था। उसके बाद उसको सीने में दर्द हुआ। उसका दो अलग.अलग अस्पताल में इलाज भी चला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सुनील गुर्जर पिता हरिचरण गुर्जर उम्र 24 साल यहां हेमा स्कूल के पास सीआईएसएफ मैदान में चल रही शारीरिक परीक्षा देने के लिए आया था। यह कार्यक्रम कई दिनों से चल रहा है। सुनील गुर्जर की परीक्षा 23 अगस्त को थी। वह गुना जिले के चाचोड़ा तहसील के ग्राम बोडदा का रहने वाला है। उसके साथ राहुल गुर्जर भी मदद करने आया था। सुनील गुर्जर 23 अगस्त की सुबह लगभग साढ़े दस बजे दौड़ लगाकर मैदान में बैठ गया। उसने घबराहट और चक्कर आने की शिकायत सीआईएसएफ स्टाफ से की। जिसके बाद उसे परीक्षा में मौजूद अधिकारियों ने भेल के कस्तूरबा अस्पताल में एम्बुलेंस की मदद से पहुंचा दिया। यहां से उसका भाई राहुल गुर्जर मिसरोद स्थित सागर मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल ले गया।

जीतू के बयान पर सीएम ने जताया आक्रोश

कहा यह बहनों का अपमान



भोपाल। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं को लेकर दिए बयान पर सियासत गरमा गई है। भाजपा ने इसे लाड़ली बहनों का अपमान बताया है। इस पर मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव ने कहा कि बेशर्मी की हद होती है। इनका जनता पूरा हिसाब चुकाएगी। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से जीतू पटवारी को पद से हटाने की मांग की हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान से फिर सियासी पारा चढ़ गया है। पटवारी ने दावा किया कि देशभर में मध्य प्रदेश की महिलाएं सबसे ज्यादा शराब पीती हैं। उनके बयान पर मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव से लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और महिला नेत्रियों ने बयान की निंदा करते हुए महिलाओं का अपमान बताया हैं। मुख्यमंत्री डॉण मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की लाडली बहनों को शराबी बताकर उनका घोर अपमान किया है। जनता इस अपमान का हिसाब लेगी। सीएम डॉण्यादव ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने महिलाओं पर टिप्पणी कर अपनी छोटी मानसिकता को दशार्या है। यही कांग्रेस का चाल.चरित्र है। उसने कभी महिलाओं का सम्मान नहीं किया। सीएम ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को माफी मांगने और पटवारी को पद से हटाने की मांग की है।

हरतालिका तीज के दिन बहनों का अपमान-मुख्यमंत्री ने पटवारी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लाडली बहनों को शराबी बताना दुर्भाग्यपूर्ण है। बहनों का यह अपमान मध्य प्रदेश बर्दाश्त नहीं करेगा। डॉण मोहन यादव ने कहा कि उनके ही एक कांग्रेस नेता ने कहा था कि लाडली बहनों को बोरे में बंद कर देंगे। आज हरतालिका तीज है। तीज के त्योहार के दिन बहनों का अपमान हमारी सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी।

जीतू पटवारी प्रदेश की महिलाओं से माफी मांगें

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर कड़ा विरोध जताया।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि जीतू पटवारी ने प्रदेश की मातृशक्ति को ष्शराबीष् कहकर अपमानित किया है। खंडेलवाल ने कहा कि आज जब करोड़ों बहनें सात्विक श्रद्धा के साथ हरतालिका तीज का व्रत कर रही हैंए ऐसे पावन अवसर पर इस तरह की अभद्र भाषा भारतीय संस्कृति और करोड़ों महिलाओं की आस्था का घोर अपमान है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री डॉण मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार लाड़ली बहनों को सम्मानपूर्वक आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही हैए इसी वजह से कांग्रेस बौखलाई हुई है। उन्होंने मांग की कि जीतू पटवारी तुरंत प्रदेश की महिलाओं से माफी मांगें।

बुजुर्ग रेल यात्री के हाथ से झपटा मोबाइल

भोपाल। रेलवे में चोरियों की घटना बढ़ती जा रही है। बीकानेर एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति के हाथ पर झपट्टा मारकर बदमाश ने मोबाइल फोन छीन लिया और चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। इधर श्रीधाम एक्सप्रेस के पैंट्री कार के कम्पार्ट का ताला तोड़कर चोर 22 हजार रुपये नकदी और सामान चोरी कर ले गए। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार त्रिवेंद्र कुमार गुप्ता मूलत राजस्थान के रहने वाले हैं। पिछले दिनों वह बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जनरल कोच में रायपुर से कोटा की यात्रा कर रहे थे। सफर के दौरान वह अपनी सीट पर बैठकर मोबाइल चला रहे थे। भोपाल स्टेशन आने से करीब पांच मिनट पहले ट्रेन की रफ्तार काफी धीमी थी।

XI-HC-42	उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर प्रत्यर्थी को अपील सूचना (नोटिस) (अधिनियम क्रमांक 5 सन 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14) अपील क्रमांक MA/1523/2024	By-Papire Publication Rspondent no 1& 2 Admission and IA NO 4943/2024 for condition of delay fixed for 26-09-2025
Process Id 170154/2025		

Smt. Deepa Mangtanti **अपीलार्थी**
Gaurav Tekwani **प्रत्यर्थी**

सन 2021 के MACC क्रमांक 105 सन 2021 में न्यायालय 1st Member MACT Shri Suresh Kumar Chobey, Ashta, District-Sehore (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश दिनांक 04-05-2023 के विरुद्ध अपील।

प्रति,
R-1 Gaurav Tekwani S/0 Ramesh Tekwani,
R-2 Smt. Vanika Tekwani w/0 Gaurav Tekwani
Both R/o 55 Rajmahal Colony, Main Khatiwala Tank Indore District Indore Madhya Pradesh
प्रत्यर्थी

अपील की सुनवाई का दिनांक
कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित श्री Appelant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 26-09-2025 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए।

कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक
कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 26-9-2025 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की जो आप कागजातों करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते है, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस दस्तावेज फाइल करने में न्यायालय में परिदत्त करे।

सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।

सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये

कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) (1)	पूरा शामिल किया जाता है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग किया जाना हो तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करे) (2)	कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय)3

यदि आप कागजात की पुस्तक में यदि कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हो तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 26-9-2025 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करे।

आपको अपील की सुनवाई के लिये नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिये, किन्तु यदि न्यायालय के कामकाज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिये कार्य करने के लिये विधिवत प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए हैं और निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। आज दिनांक 18-08-2025 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की मुहर से दिया गया।

प्रधान सहायक न्यायिक शाखा
MA-DA 10

कृष्ण को माखन चोर कहना अपमान ,उमंग सिंघार को दी चेतावनी

यादव महासभा ने किया मुख्यमंत्री का समर्थन

भोपाल,(निप्र)। मप्र के मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण को माखन चोर जैस शब्द से नहीं पुकारने की पहल के बाद अब भगवान श्रीकृष्ण को ह्यमाखन चोरह्ल और ह्यवस्त्र चोरह्ल कहकर संबोधित करने वालों को लेकर यादव महासभा ने सख्त रुख अपनाया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा की गई टिप्पणी पर 7 दिन में उन्हें माफी मांगने के लिए कहा है।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को माखन चोर जैसे शब्दों से नहीं पुकारने की पहल के बाद अब भगवान श्रीकृष्ण को ह्यमाखन चोरह्ल और ह्यवस्त्र चोरह्ल कहकर संबोधित करने वालों को लेकर यादव महासभा ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को भोपाल में प्रेसवार्ता कर संगठन के छात्र विंग के प्रदेश अध्यक्ष प्रियेश यादव ने कहा कि समाज अपने आराध्य और नेताओं का किसी भी तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रियेश यादव ने कहा कि यादव महासभा छात्र विंग मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के साथ खड़ी है। उन्होने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा की गई टिप्पणी पर उन्हें 7 दिन में माफी मांगने की चेतावनी दी है।

प्रियेश यादव ने कहा कि जो भी लोग भगवान श्रीकृष्ण को अपमानजनक शब्दों से संबोधित कर रहे हैं। वे यह समझ लें कि यादव समाज इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि न वह माखन चोर थे, न वस्त्र चोर। न लालू यादव जी चारा चोर हैं, न अखिलेश यादव जी टोंटी चोर। उनको भी लगातार इस तरह के शब्द बोले जाते हैं, जो पूरी तरह गलत हैं।

सड़कों पर उतरकर कड़ा विरोध करेंगे

प्रियेश यादव ने कहा कि सनातन इतिहास में भगवान श्रीकृष्ण जैसा सत्य का रक्षक और समाजसेवी दूसरा कोई नहीं हुआ। लेकिन दुर्भाग्य है कि कुछ लोग धार्मिक कथाओं को तोड़-मरोड़कर पेश करते हैं और मनगढ़ंत कहानियों से उनके चरित्र पर उंगली उठाते हैं। यह न केवल श्रद्धा का अपमान है बल्कि सांस्कृतिक मयार्दाओं के भी खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे लोगों को तुरंत अपनी भाषा सुधार लेनी चाहिए, वरना यादव महासभा सड़कों पर उतरकर कड़ा विरोध करेगी।

महासभा ने दिया नेता प्रतिपक्ष को अल्टीमेटम

प्रियेश यादव ने मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की टिप्पणी पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सिंघार जी ने डॉ. मोहन यादव के बयान को लेकर जिस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी की है, उसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। यदि 7 दिनों के भीतर उन्होंने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी, तो यादव समाज उनके बंगले का घेराव करेगा और पुतला दहन किया जाएगा।

विपक्ष ने जताया एतराज

ओसीसी आरक्षण पर घमासान के बीच सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला कोर्ट में चल रहा है। आरक्षण को लेकर एमपी सरकार ने 28 अगस्त को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक को लेकर कांग्रेस ने ऐतराज जताया है। भोपाल में कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, पिछले 6 साल से शिवराज सिंह चौहान और मोहन यादव की सरकार के कारण ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का मामला अटका हुआ है। कमलनाथ सरकार में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का अध्यादेश विधानसभा में लाए थे। इसका कानून बन गया। हम चाहते हैं कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण बिना देरी मिले। मुख्यमंत्री भी ऐसे बयान देते हैं कि वो भी ओबीसी को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं तो जब इस मामले में कोई विवाद ही नहीं हैं तो सर्वदलीय बैठक की क्या जरूरत है। सरकार सुप्रीम कोर्ट में दो दिनों के भीतर हलफनामा दे और केस वापस ले।नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि ओबीसी समाज को केवल छलावा और जुमले दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने स्वयं जातिगत जनगणना को अर्बन नक्सल कहकर भाजपा की मानसिकता जाहिर कर दी है।

भारत के पास उस समय भी विमान था जब हवाई जहाज का आविष्कार भी नहीं हुआ था-शिवराज

भोपाल,(निप्र)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित आईआईएसईआर में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के पास पुष्पक विमान उस समय भी था, जब राइट ब्रदर्स ने हवाई जहाज का आविष्कार तक नहीं किया था। बता दें शिवराज सिंह चौहान इससे पहले भी पुष्पक विमान का उल्लेख कर चुके हैं, तब उन्होंने इसे भारतीय वैज्ञानिक परंपरा का हिस्सा बताया था। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्राचीन भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बेहद उन्नत था। महाभारत काल में ड्रोन और मिसाइल जैसे आधुनिक हथियारों का वर्णन मिलता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज हमारे पास जो तकनीक है, वह हजारों साल पहले से ही भारत में मौजूद थी, इसका उल्लेख महाभारत में मिलता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज दुनिया के शीर्ष टेक्नॉलॉजी हब्स, जैसे सिलिकॉन वैली में बड़ी संख्या में भारतीय काम कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा का उपयोग देश के विकास और प्रगति के लिए करें। उन्होंने ब्रेन ड्रेन के मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि अब जरूरत है कि युवा भारत में ही सफल करियर और उद्यम स्थापित करें, ताकि देश की नींव और मजबूत हो। उन्होंने जनता से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने की भी अपील की।

आज गणेश चतुर्थी पर सरकारी छुट्टी घोषित

भोपाल,(निप्र)। भोपाल में आज बुधवार 27 अगस्त को राजधानी में लोकल हॉली-डे घोषित किया गया है। गणेश चतुर्थी के चलते यहां सरकारी छुट्टी रहेगी। ऐसे में सभी सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे। राजधानी भोपाल में बुधवार 27 अगस्त को लोकल हॉली-डे घोषित किया गया है। गणेश चतुर्थी के चलते शहर में सरकारी छुट्टी रहेगी।

सार्वजनिक सूचना

यह घोषित किया जाता है कि मेरी पुत्री फिज्जा मंडी द्वारा सन 2025 में कक्षा 10 वीं (सीबीएसई बोर्ड) की परीक्षा संकल्प इंटरनेशनल स्कूल, कुक्षी जिला धार (म.प्र.) से दी गई है, जिसका रोल नंबर 19132161 है। परीक्षा फॉर्म भरते समय गलती से विद्यार्थी का उपनाम BOHRA अंकित हो गया है, जबकि हमारे परिवार का सही उपनाम MANDI है। अतः मेरी पुत्री का सही नाम इस प्रकार है: **फिज्जा मंडी पुत्री मोहम्मद मंडी**

यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर संबंधित कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा आगे किसी भी शैक्षणिक/प्रशासनिक कार्य हेतु मेरी पुत्री का नाम फिज्जा मंडी ही मान्य होगा।

दिनांक- 26/8/2025

शपथकर्ता:
मोहम्मद मंडी
निवासी-कुक्षी, जिला धार (म.प्र.)

गोरानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 32-33, सेक्टर-एफ, सांवेर रोड, औद्योगिक क्षेत्र, इंदौर (म.प्र.) - 452015
CIN: L28121MP1995PLC009170, ईमेल: gorani.industries@yahoo.com
फोन: 0731-2723201-3, वेबसाइट: www.goraniindustries.com

सूचना

आपको सूचित किया जाता है कि कंपनी की **30वीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025 को दोपहर 12:30 बजे** आयोजित की जाएगी और कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों ("अधिनियम") के प्रावधानों के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो वीडियो माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी; सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों और सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020, 17/2020, 20/2020, 22/2020, 33/2020, 39/2020, 10/2021, 20/2021, 03/2022, 10/2022, 09/2023 और 09/2024 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 05 मई, 2020, 15 जून, 2020, 28 सितंबर, 2020, 31 दिसंबर, 2020, 23 जून, 2021, 8 दिसंबर, 2021, 5 मई, 2022, 28 दिसंबर, 2022, 25 सितंबर, 2023 और 19 सितंबर, 2024 के अनुपालन में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62, SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4, SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 और SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 12 मई, 2020, 15 जनवरी, 2021, 13 मई, 2022, 5 जनवरी, 2023, 07 अक्टूबर, 2023 और 3 अक्टूबर, 2024 भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") (जिसे सामूहिक रूप से "परिपत्र" कहा जाता है) द्वारा जारी, कंपनी की वार्षिक आम बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सदस्यों की किसी सामान्य स्थान पर भौतिक उपस्थिति नहीं होगी।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी शेयरधारकों को भेजी जाएंगी जिनके ईमेल पते 29 अगस्त, 2025 तक कंपनी / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत / उपलब्ध हैं। डीमैट रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से अपने संबंधित डिपॉजिटरी को अपने ईमेल पते और मोबाइल नंबर पंजीकृत कराएँ। भौतिक रूप से शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना ईमेल पता और मोबाइल नंबर, अपना फ़ोलियो नंबर, पैन (स्व-प्रमाणित स्कैन की गई प्रति) या आधार (स्व-प्रमाणित स्कैन की गई प्रति) की स्कैन की हुई प्रति हमारे रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, अर्थात **MUFG Intime India Private Limited** (जिसे पहले लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को **rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com** पर ईमेल करें और कंपनी को सीसी मार्क: **gorani.industires@yahoo.com** पर भेजें। किसी भी प्रश्न के लिए आप **022-49186270** पर संपर्क कर सकते हैं।

वार्षिक आम बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **www.goraniindustries.com** और स्टॉक एक्सचेंज (BSE) की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर भी उपलब्ध होगी, जहाँ कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक की सूचना में बताए गए व्यवसायों पर दूरस्थ रूप से और वार्षिक आम बैठक में (यदि दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से वोट नहीं डाला गया है) अपना वोट डालने का अवसर मिलेगा। डीमटेरियलाइज्ड मोड, भौतिक मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों और जिन शेयरधारकों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उनके लिए दूरस्थ रूप से और वार्षिक आम बैठक में वोटिंग का तरीका शेयरधारकों को सूचना में प्रदान किया जाएगा। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे इस तरह के विवरण के लिए कंपनी की वेबसाइट **www.goraniindustries.com** देखें। शेयरधारक कृपया ध्यान दें कि उपर्युक्त परिपत्रों के अनुसार, कंपनी शेयरधारकों को वार्षिक आम बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां नहीं भेजेगी। जिन शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट की हार्ड कॉपी की आवश्यकता है, उनसे अनुरोध है कि वे हार्ड कॉपी भेजने के लिए अपना फोलियो नंबर और पूरा पता बताते हुए कंपनी को **gorani.industires@yahoo.com** पर मेल भेजें।

इसके अलावा, सेबी के 2 जुलाई, 2025 के परिपत्र SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 के अनुरूप, सेबी ने निवेशकों को 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक उन भौतिक शेयरों के स्थानांतरण अनुरोधों को पुनः प्रस्तुत करने के लिए एक विशेष समय प्रदान किया है जो 1 अप्रैल, 2019 से पहले प्रस्तुत किए गए थे, लेकिन दस्तावेज़ों की कमियों के कारण अस्वीकार कर दिए गए थे या संशोधित नहीं किए गए थे। ऐसे सभी पुनः प्रस्तुत शेयरों को उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए केवल डीमैट रूप में ही स्थानांतरित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य निवेश प्रक्रियाओं को आसान बनाना और निवेशकों के अधिकारों की रक्षा करना है।

वास्ते **गोरानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
हस्ते/-
नकुल गोरानी
धारण डीआईएन: 06543317
(पूर्णकालिक निदेशक)

स्थान: **इंदौर**
दिनांक: **27.08.2025**

वर्थ पेरिफेरल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 102, संस्कृति अपार्टमेन्ट, 44, साकेत नगर, इन्दौर-452018 (मध्यप्रदेश) भारत
CIN : L67120MP1996PLC010808
फोन नं. 0731-2560267, 2560348; फैक्स : +91-731-2563425
Website: www.worthindia.com ; Email id: investors@worthindia.com

सदस्यों के लिए सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्थ पेरिफेरल्स लिमिटेड के सदस्यों की 29वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) मंगलवार, 23 सितंबर, 2025 को दोपहर 02:00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय को केवल ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से करने के लिए आयोजित की जाएगी।

वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के साथ एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आर एंड टीए) के पास पंजीकृत है, जो कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार 08 अप्रैल, 2020 के सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 और इस संबंध में जारी किए गए बाद के परिपत्रों के अनुसार है, नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024 (सामूहिक रूप से एमसीए परिपत्र के रूप में संदर्भित) और परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी किए गए बाद के परिपत्र हैं, नवीनतम परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-पीओडी2/पी/सीआईआर/2024/ 133 दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 (सामूहिक रूप से सेबी परिपत्र के रूप में संदर्भित)।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(1)(बी) के अनुसार, जिन सदस्यों ने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं कराई है, उन्हें वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 तक पहुँचने के लिए वेबलिंक प्रदान करने वाला एक पत्र भेजा जाएगा। कंपनी उन सदस्यों को वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 की एक भौतिक प्रति csworth@gmail.com पर भेजेगी, जिसमें उनके फोलियो नंबर/डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी का उल्लेख होगा।

वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 की प्रति, वार्षिक आम बैठक की सूचना, वित्तीय विवरण और अन्य वैधानिक रिपोर्ट, क्रमशः कंपनी की वेबसाइट www.worthindia.com और स्टॉक एक्सचेंज, यानी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध होगी। वार्षिक आम बैठक की सूचना सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड ("सीडीएसएल") की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भाग ले सकते हैं और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के लिए उनकी उपस्थिति गिनी जाएगी। सीडीएसएल की रिमोट ई-वोटिंग सुविधा वार्षिक आम बैठक से पहले और उसके दौरान सभी सदस्यों को वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिए गए सभी प्रस्तावों पर वोट डालने के लिए प्रदान की जाएगी। इस तरह की रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया सूचना में दी जाएगी।

एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुसार, वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की कोई भी भौतिक प्रति सदस्यों को नहीं भेजी जाएगी। जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे 16 सितंबर, 2025 को शाम 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) तक या उससे पहले नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके अपना ईमेल पता पंजीकृत करा लें ताकि एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त हो सके और ई-वोटिंग के लिए लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त हो सके।

कंपनी ने उन सदस्यों के लिए, जो वार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक आम बैठक की सूचना इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करना चाहते हैं और इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करना चाहते हैं, एमसीए परिपत्रों के अनुसार, ईमेल पतों के पंजीकरण हेतु आरटीए के साथ विशेष व्यवस्था की है। 29वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने हेतु ईमेल आईडी पंजीकृत करने के लिए, कृपया sujit@bigshareonline.com पर ईमेल करें और एक प्रति cs@worthindia.com पर भेजें, आवश्यक जानकारी प्रदान करें और आवश्यक दस्तावेज़ संलग्न करें। इसके बाद, सिस्टम वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ इस वार्षिक आम बैठक की सूचना की सेवा के सीमित उद्देश्य के लिए ईमेल पते की पुष्टि करेगा।

यह स्पष्ट किया जाता है कि कंपनी से समय पर संचार प्राप्त करने के लिए, कृपया अपना ई-मेल पता स्थायी रूप से पंजीकृत/अपडेट करें और पंजीकरण के लिए कृपया आरएंडटीए/संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी से संपर्क करें, जैसा भी मामला हो।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से संबंधित सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 को भेजी जा सकती है या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेजें या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर कॉल करें।

लाभांश प्राप्त करने के अधिदेश को पंजीकृत करने का तरीका:

- इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के संबंध में, संबंधित डिपॉजिटरी से प्राप्त बैंक विवरण का उपयोग विभिन्न स्वीकृत/अनुमेय इलेक्ट्रॉनिक भुगतान विधियों के माध्यम से लाभांश वितरण के लिए किया जाएगा। कंपनी/आर एंड टीए, डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों द्वारा ऐसे बैंक विवरणों को अद्यतन/बदलने के किसी भी सीधे अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकती। ऐसे परिवर्तनों की सूचना सदस्यों द्वारा अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों को दी जानी चाहिए।
- भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के संबंध में, आर एंड टीए से प्राप्त बैंक विवरण का उपयोग विभिन्न स्वीकृत/अनुमेय इलेक्ट्रॉनिक भुगतान विधियों के माध्यम से लाभांश वितरण के लिए किया जाएगा। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए बैंक विवरण के पंजीकरण की सुविधा www.bigshareonline.com पर भी उपलब्ध है, जिसके लिए मांगे गए विवरण यथाशीघ्र उपलब्ध कराए जा सकते हैं ताकि लाभांश का भुगतान करने से पहले कंपनी द्वारा इसे प्राप्त किया जा सके। शेयरधारक sujit@bigshareonline.com पर भी लिख सकते हैं और एक प्रति cs@worthindia.com पर भी भेजी जानी चाहिए।

संबंधित सेबी परिपत्रों के अनुसार, 1 अप्रैल, 2024 से, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों को लाभांश का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तभी किया जाएगा जब फोलियो केवाईसी अनुरूप हो। सभी विवरणों, जैसे पिन कोड सहित पूरा पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, बैंक विवरण, फोलियो में सभी धारकों के आधार से जुड़े वैध पैन, नामांकन आदि के पंजीकरण पर फोलियो को केवाईसी अनुरूप माना जाएगा।

आयकर अधिनियम, 1961 ('अधिनियम') के प्रावधानों के अनुसार, जैसा कि वित्त अधिनियम, 2020 के प्रावधानों के साथ संशोधित और पढ़ा गया है, जो 01 अप्रैल, 2020 से लागू है, कंपनी द्वारा घोषित और भुगतान किया गया लाभांश उसके शेयरधारकों के हाथों में कर योग्य है, और तदनुसार कंपनी को लागू दरों

एक नजर

महिला तीन बार गर्भवती होकर भी नहीं बच पाई सजा से

बीजिंग (ईएमएस)। धोखाधड़ी के मामले में दोषी ठहराई गई चीन के शाक्सी प्रांत की एक महिला ने चार साल के भीतर तीन बार गर्भवती होकर कानून में मौजूद प्रावधान का फायदा उठाया। आखिरकार इस महिला को अपनी शेष सजा काटने के लिए हिरासत केंद्र भेज दी गई है। चीन में यह महिला छद्म नाम चेन होंग से पहचानी जाती है। दरअसल, दिसंबर 2020 में चेन होंग को धोखाधड़ी के मामले में पांच साल कैद की सजा सुनाई गई थी। चीन में एक कानून के तहत गर्भवती महिलाएं और नवजात शिशु की देखभाल कर रहीं माताएं जेल के बाहर सजा काट सकती हैं। इसी का सहारा लेकर चेन लगातार जेल जाने से बचती रही। इस कानून के अनुसार दोषियों को हर तीन महीने में स्वास्थ्य और गर्भावस्था से जुड़ी रिपोर्ट जमा करनी होती है और अधिकारियों द्वारा उनकी जांच की जाती है।

2020 से 2024 तक चेन ने एक ही पुरुष से तीन बच्चों को जन्म दिया। हर बार गर्भवती होने या नवजात की देखभाल के नाम पर उसे जेल से बाहर रहने का अधिकार मिल गया। लेकिन मई 2025 में अधिकारियों को पता चला कि चेन अपने तीसरे बच्चे के साथ नहीं रह रही थी।

मैं तानाशाह नहीं हूं एक समझदार आदमी हूं

वॉशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों पूरी दुनिया में चर्चित हैं। उन्होंने टैरिफ वार शुरू करके हलचल मचा दी है। इससे कोई उन्हे तानाशाह कह रहा है तो कोई गलत नि यि का आरोप लगा रहा है। इसी बीच खुद ट्रंप को खुद की तारीफ करना पड़ रही है। उन्हें कहना पड़ा कि मैं बिलकुल भी तानाशाह नहीं हूं बल्कि एक समझदार आदमी हूं। मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध को रुकवाने में सफलता हासिल की है। ट्रंप ने कहा, मैं तानाशाह नहीं, समझदार आदमी हूं।

अमेरिका से दूरी बना रहे कई देश, दक्षिण कोरिया भी करेगा बाय-बाय

वाशिंगटन (ईएमएस)। कभी दुनिया भर में सहयोगियों को साथ लेकर चलने वाला वॉशिंगटन अब एक-एक कर अपने दोस्तों से हाथ धोता दिख रहा है। भारत से लेकर यूरोप और एशिया तक, अब वो देश भी अमेरिका से दूरी बनाने लगे हैं जो कभी उसके पक्के साझेदार माने जाते थे। इसी कड़ी में अब दक्षि ा कोरिया ने भी संकेत दे दिए हैं कि उसका झुकाव धीरे-धीरे चीन की ओर बढ़ रहा है। भारत पर दबाव बनाने की कोशिश में लगे अमेरिका को यह झटका और भी बड़ा लग सकता है। क्योंकि वॉशिंगटन चाहता है कि भारत चीन से दूरी बनाए, रूस से नजदीकी घटाए और पूरी तरह अमेरिकी पाले में आ जाए। लेकिन भारत साफ कर चुका हैद्ध उसके लिए पहला और आखिरी पैमाना राष्ट्रीय हित है।

ट्रम्प के पास चीन को बर्बाद करने वाले कार्ड:अमेरिकी झंडा जलाया तो जेल, साउथ कोरिया खरीदेगा बोइंग

ट्रम्प ने चीन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की दी धमकी

वॉशिंगटन डी सी,(एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा,'अगर चीन ने अमेरिका को पर्याप्त मात्रा में मैग्नेट (चुम्बक) की सप्लाई नहीं की, तो उनके आयात पर भारी टैरिफ लगाया जा सकता है।'

ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि वह चीन के साथ बेहतर रिश्ता चाहते हैं, लेकिन व्यापारिक तनाव अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यापार विवाद में वॉशिंगटन की स्थिति से ज्यादा मजबूत है।

ट्रम्प ने कहा, 'चीन के पास कुछ कार्ड हैं। हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता। अगर मैंने ऐसा किया, तो चीन बर्बाद हो जाएगा। मैं ये पत्ते नहीं खेलूंगा।' ट्रम्प ने यह टिप्पणी साउथ कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ बैठक के दौरान की।

ट्रम्प ने आगे कहा कि उन्होंने हाल ही में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात की है और बीजिंग की यात्रा पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'किसी भी समय, शायद इसी साल या उसके तुरंत बाद, मैं चीन जा सकता हूं।' उन्होंने यह भी बताया कि शी जिनपिंग ने उन्हें न्यौता दिया है।

चीन ने अमेरिका को रेयर अर्थ मेटल्स की सप्लाई रोकी थी

चीन ने अप्रैल में कई रेयर अर्थ मटेरियल और मैग्नेट्स पर नियंत्रण को और सख्त कर दिया था। अमेरिका के लगाए गए टैरिफ की जवाबी कार्रवाई के तौर पर चीन ने अमेरिका के लिए 7 अर्थ मटेरियल की ,सप्लाई पर रोक लगा दी थी।

चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए थे। ये मटेरियल



ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस बिजनेस के लिए बेहद अहम हैं।

अमेरिका का झंडा जलाया तो जेल होगी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को दो एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। पहले ऑर्डर में बिना पैसे जमा किए आरोपियों को रिहा करने (कैशलेस बेल) की व्यवस्था खत्म की गई। वहीं, दूसरे में अमेरिकी झंडा जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया है। ट्रम्प के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के मुताबिक, अमेरिकी झंडा जलाने वालों को जेल में डालने और अगर वे इमिग्रेंट (विदेशी नागरिक) हैं, तो उन्हें देश से निकालने की बात कही गई है।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 1989 में 5-4 के फैसले से कहा था कि झंडा जलाना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत आता है, लेकिन ट्रम्प ने अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी से कहा है कि वे ऐसा मामला खोजें, जिससे इस फैसले को चुनौती दी जा सके।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक, 2 महीने पहले लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी झंडे जलाकर, मेक्सिकन झंडे लहराए थे, जिससे ट्रम्प नाराज हो गए थे।

ट्रम्प ने डिजिटल टैक्स लगाने वाले देशों को एक्स्ट्रा टैरिफ की धमकी दी, बोले- हमारी टेक कंपनियां गुल्लक नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन देशों को चेतावनी दी है जो अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनियों पर डिजिटल टैक्स लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर ये देश अपने डिजिटल टैक्स कानून वापस नहीं लेते, तो उनके निर्यात पर अमेरिका एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया जाएगा।

ट्रम्प ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ये टैक्स गूगल, फेसबुक, एपल और अमेजन जैसी अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाते हैं, जबकि चीन की बड़ी टेक कंपनियों को इससे छूट दी जाती है।

ट्रम्प ने धमकी दी कि अगर ये कानून हटाए नहीं गए, तो वो इन देशों के उत्पादों पर टैरिफ और अमेरिकी टेक्नोलॉजी और चिप्स के निर्यात पर बैन लगाएंगे। अमेरिका पहले भी फ्रांस और कनाडा को डिजिटल टैक्स के लिए टैरिफ की धमकी दे चुका है।

साउथ कोरिया बोइंग विमान खरीदेगा

साउथ कोरिया ने अमेरिका को 4 लाख करोड़ रुपए के ऑर्डर की घोषणा की है। इसमें 3 लाख करोड़ रुपए के 103 बोइंग विमान और 1 लाख करोड़ रुपए के इंजन शामिल हैं। कोरियाई एयर के इतिहास में यह सबसे बड़ा ऑर्डर है।

अमेरिकी विमान निमार्ता कंपनी बोइंग की वाणिज्यिक विमान प्रमुख स्टेफनी पोप ने इस सौदे को फायदेमंद बताया। इसमें 50 बोइंग 737-10 यात्री विमान, 45 लंबी दूरी के विमान और 8 777-8 कार्गो जेट शामिल हैं।

बोइंग का कहना है कि यह सौदा अमेरिका में 1 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा करेगा। इस समझौते की घोषणा साउथ कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने वाशिंगटन में ट्रम्प से मुलाकात के कुछ ही घंटों बाद की गई। इसमें जुलाई में अमेरिका के साउथ कोरिया पर लगाए गए 15% टैरिफ पर चर्चा की गई थी।

इसके अलावा, ट्रम्प प्रशासन के साथ व्यापार समझौतों के तहत कोरियन एयर ने इस साल बोइंग से 150 से अधिक विमानों के ऑर्डर दिए हैं। दरअसल, ट्रम्प ने साउथ कोरिया पर कम टैरिफ के बदले बोइंग विमान खरीदने का दबाव बनाया था।

डोनाल्ड ट्रंप ने किया संघर्ष के दौरान 7 फाइटर जेट गिरने का दावा

7 युद्ध रुकवाए, भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूक्लियर वॉर

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने विश्वभर में 7 युद्ध रुकवाए हैं जिनमें भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ युद्ध भी शामिल है. व्हाइट हाउस में प्रेस से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि इनमें से 4 युद्ध उन्होंने ह्यटैरिफ और ट्रेडह्ल के जरिये रोके।



ट्रंप ने कहा, ह्यमैंने कहा कि अगर आप लड़ना और सबको मारना चाहते हैं तो ठीक है, लेकिन फिर मैं 100 प्रतिशत ह्यटैरिफह्ल लगा दूंगा. नतीजा यह हुआ कि सभी पीछे हट गए. उन्होंने कहा, ह्यमैंने ये सभी युद्ध रोक दिए हैं. इनमें से एक बड़ा युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच होता।

पहले ही 7 जेट गिरा दिए थे : ट्रंप

ट्रंप ने दावा किया कि भारत-पाक युद्ध परमाणु स्तर तक बढ़ सकता था. उन्होंने कहा, ह्यउन्होंने पहले ही 7 जेट गिरा दिए थे. मैंने कहा कि अगर आप लड़ाई जारी रखते हैं तो हमारे साथ कोई व्यापार नहीं होगा. 24 घंटे में मामला सुलझा लीजिए. नतीजा यह हुआ कि उन्होंने कहा कि अब कोई युद्ध नहीं है। ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि गिराए गए सात विमान किस देश के थे। पिछले सप्ताह भी ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने 6 युद्ध रोके जिनमें भारत-पाकिस्तान युद्ध भी शामिल है. हालांकि, भारत लगातार स्पष्ट करता रहा है कि संघर्षविराम पर सहमति दोनों देशों के सैन्य महानिदेशकों के बीच प्रत्यक्ष बातचीत से बनी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में कहा था कि किसी तीसरे देश ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल को रोकने में भूमिका नहीं निभाई।

हादसे का शिकार हुआ हेलीकॉप्टर

पेरिस। फ्रांस के रोस्पोर्दन झील से पानी भरने के दौरान एक हेलिकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हेलिकॉप्टर झील से पानी भरने की कोशिश कर रहा था, तभी उसकी टेल (पिछला हिस्सा) पानी में धंस गई। पायलट ने जैसे ही ऊपर उठाने की कोशिश की, मशीन बेकाबू होकर गोल-गोल घूमने लगी। महज कुछ सेकंड में हेलिकॉप्टर हवा में झूलता हुआ सीधा झील में जा गिरा।इस घटना का एक एक वीडियो आया है, जिसमें हेलीकॉप्टर चकरघिन्नी की तरह नाच जाता है और पानी में धड़ाम से गिरता है। झील में गिरे हेलिकॉप्टर की जगह तुरंत ही दूसरे विमान को लगाया गया ताकि आग बुझाने का काम जारी रह सके। फ्रांस इन दिनों लगातार भीषण वाइल्डफायर (जंगल की आग) से जूझ रहा है। अगस्त की शुरूआत में आग ने पेरिस से भी बड़े इलाके को जला डाला था।

साउथ कोरिया के राष्ट्रपति से मिले ट्रंप बोले- किम जोंग उन से मिलने को बेकरार हूं



वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कब क्या निर्णय ले लें कोई नहीं जानता। ट्रंप नॉर्थ कोरिया के लीडर किम जोंग उन से मिलने की प्लानिंग कर रहे हैं। ये बात उन्होंने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान कही। ट्रंप और दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे मयोंग के बीच वॉशिंगटन डीसी में एक अहम मुलाकात हुई। हालांकि इस मुलाकात से पहले ही ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दक्षिण कोरिया की राजनीति पर नाराजगी जताई थी। वहां पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल के खिलाफ चल रहे छापों और जांचों को लेकर उन्होंने असहमति जाहिर की थी। हालांकि मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने नॉर्थ कोरिया के मुद्दे पर चर्चा की।

ओवल ऑफिस में हुई मुलाकात में ली जे मयोंग ने डोनाल्ड ट्रंप की जमकर तारिफ की और ट्रंप ने भी कहा कि शायद उन्हें कोई गलतफहमी हुई थी। यहां तक कि नॉर्थ कोरिया पर चर्चा करते हुए दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने ट्रंप को शांति का निमार्ता कहा और उत्तर कोरिया से साथ उनके रिश्ते बेहतर होने की बात कही। उन्होंने हल्के-फुल्के मूड में कहा कि वे उत्तर कोरिया में ट्रंप टावर बनते हुए देखना चाहते हैं और वहां गोल्फ खेलना चाहते हैं। जब उन्होंने कहा झ ह्यकिम जोंग उन आपका इंतजार कर रहे होंगेह्ल तो डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे तीन बार उनसे मिल चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अंदाज में अपने और किम जोंग उन के रिश्तों को बताते हुए कहा कि वे कहीं न कहीं किम जोंग उन की बहन के अलावा उन्हें सबसे बेहतर तरीके से जानने वाले शख्स हैं। इससे पहले भी एक बार ट्रंप कह चुके हैं कि वे और किम मीटिंग के दौरान एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए। हालांकि इन मुलाकातों का कोई ठोस नतीजा नहीं निकला लेकिन ट्रंप एक बार फिर से किम जोंग उन से मिलने की इच्छा जता रहे हैं। वे इसी साल के अंत तक किम जोंग उन से मिलने की राह देख रहे हैं।

ट्रंप की भी नहीं सुन रहे नेतन्याहू :हमास के साथ-साथ सीरिया से भी भिड़ंत शुरू

तेलअवीव। हमास से भिड़ने के साथ साथ इजरायल सीरिया से भी भिड़ गया है। इजरायल ने 60 सैनिक भेजकर सीरिया के कई इलाकों कब्जा कर लिया है। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया कि इजरायल ने माउंट हर्मोन के आसपास सीरियाई सीमा में घुसकर करीब 60 सैनिक भेजे और कई इलाकों पर कब्जा कर लिया। यही नहीं, इजरायली सैनिकों ने 6 सीरियाई नागरिकों को भी गिरफ्तार किया। इस बीच सीरिया के राष्ट्रपति ने अमेरिका से गुहार लगाई है। बताया ये भी जा रहा है कि इजरायल के पीएम नेतन्याहू इस वक्त यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भी नहीं सुन रहे हैं।



सीरिया ने इस कार्रवाई को अपनी संप्रभुता का खुला उल्लंघन और क्षेत्रीय शांति के लिए सीधा खतरा बताया है। विदेश मंत्रालय ने कड़े लहजे में कहा कि इजरायल का यह कदम खतरनाक बढ़ोतरी है। वहीं, इजरायल की ओर से इस पूरे घटनाक्रम पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना उस जगह हुई है जो लेबनान बॉर्डर के नजदीक है और हथियारों की तस्करी के लिए कुख्यात रही है। यहां से ईरान समर्थित हिज्बुल्लाह और फिलीस्तीनी उग्रवादी धड़ों के लिए हथियारों का नेटवर्क चलता रहा है। यही वजह है कि इजरायल इस इलाके को अपनी सुरक्षा के लिए सीधा खतरा मानता है। इजरायली सेना ने पिछले हफ्ते ही फुटेज जारी किया था।

जासूसी विमान तैनात किया

मॉस्को। अलास्का के पास रूस ने एक बार फिर जासूसी विमान तैनात किया है। यह इस सप्ताह तीसरी बार है जब अमेरिका को अपने लड़ाकू जेट भेजकर इसका जवाब देना पड़ा। नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने एक बयान में बताया कि रविवार को रूस का एक जासूसी विमान अलास्का के एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में देखा गया। यह क्षेत्र अमेरिका और कनाडा के संप्रभु हवाई क्षेत्र के ठीक बाहर है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब कुछ हफ्ते पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में मुलाकात हुई थी।



यूनुस बोले- बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को पालना मुश्किल

देश की इकोनॉमी पर दबाव बढ़ रहा; म्यांमार भेजने के लिए दुनिया से मदद मांगी

ढाका। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को कहा कि देश में रोहिंग्या समुदाय के लोगों को पालना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा देश में 13 लाख से ज्यादा रोहिंग्या हैं।

यूनुस ने कहा- यह बांग्लादेश के साथ दुनिया के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। दुनिया को इस मुद्दे पर एक साथ आना चाहिए और रोहिंग्या मुस्लिमों को उनके घर वापस पहुंचाने में मदद करना चाहिए।

म्यांमार में अगस्त 2017 से हो रही हिंसा के बाद रोहिंग्या समुदाय के लोगों ने देश छोड़ दिया था। इसके बाद वे भागकर कई देशों में जा बसे थे। सबसे ज्यादा लोग बांग्लादेश पहुंचे थे। तब शेख हसीना सरकार ने लाखों रोहिंग्या लोगों को शरण दी थी।

इस घटना के 8वें सालगिरह पर युनूस ने रोहिंग्याओं की घर वापसी के लिए 7 प्वाइंट का एक रोडमैप भी जारी किया। उन्होंने कहा कि शरणार्थियों के कारण बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर दबाव बढ़ गया है।

शरणार्थी कर रहें घर वापसी की मांग

बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में 8 सालों से रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों ने 'रोहिंग्या नरसंहार स्मृति दिवस' मनाया । इस दौरान शरणार्थियों के हाथों में घर वापसी की तख्तियां थी। जिसपर लिखा था- नो मोर रिफ्यूजी लाइफ (शरणार्थी जीवन अब और नहीं)। इस सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि और डिप्लोमैट्स ने हिस्सा लिया।

आबादी

देश छोड़कर भाग रहे युवा

बुजुर्गों की संख्या बढ़ी तो भारत के दोस्त के सिर पर मंडराया खतरा

एथेंस,। ग्रीस में जनसंख्या का संकट दुनिया को हैरान कर रहा है। एक नई रिपोर्ट में दावा है कि पिछले 13 सालों में भारत के दोस्त ग्रीस की जनसंख्या में 4 लाख से अधिक की गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण घटती जन्म दर, बढ़ती उम्र और देश से बाहर प्रवास है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, थेसाली विश्वविद्यालय की डेमोग्राफिक एंड सोशल एनालिसिस लैब की रिसर्च का हवाला देते हुए ग्रीस के अखबार टो विमा ने शनिवार को बताया कि यह गिरावट दशकों तक जारी रहने का अनुमान है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में जन्म से ज्यादा मौतें हो रही हैं और बूढ़े लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हेलेनिक स्टैटिस्टिक्स



अथॉरिटी के अनुसार, 2011 की जनगणना में देश की निवासी जनसंख्या 1,08,16,286 थी। लेकिन 1 जनवरी 2024 तक यह घटकर 1,04,00,720 रह गई, जो एक दशक से भी कम समय में 4 लाख से अधिक लोगों की कमी को दशार्ता है। आंकड़ों से पता चला है कि ग्रीस में 2023 में सिर्फ 72,300 बच्चों का जन्म हुआ, जो 1950 और 1960 के दशकों की औसत वार्षिक जन्म दर का लगभग आधा है।

प्रजनन दर बेहद कम

1980 के आसपास जन्म लेने वाली महिलाओं में प्रजनन दर 1।3 से 1।4 बच्चों तक सीमित है, जो कि जनसंख्या को स्थिर बनाए रखने के लिए जरूरी स्तर से काफी कम है। लगभग 23 प्रतिशत आबादी पहले से ही 65 वर्ष से अधिक आयु की है, और बुजुर्गों की संख्या बच्चों से लगभग 10 लाख अधिक है। अध्ययन में यह भी बताया गया है कि 2011 में वित्तीय संकट के बाद जनसंख्या में यह कमी शुरू हुई, जब कई प्रवासी मजदूर वापस लौट गए और बड़ी संख्या में युवा यूनानी देश छोड़कर चले गए।

देश छोड़ रहे युवा

इसके अलावा, बेहतर करियर के मौकों की कमी और घर की बढ़ती कीमतों जैसी समस्याओं ने भी परिवार बसाने के लिए लोगों को हतोत्साहित किया है। शोधकताओं ने चेतावनी दी है कि ग्रीस के सामने ह्यदोहरी चुनौतीह्ल है, जिसमें युवा पीढ़ी या तो देश छोड़ रही है या देर से माता-पिता बनने का फैसला कर रहे हैं, जिससे दीर्घकालिक जनसांख्यिकीय गिरावट और भी तेज हो रही है।



सी पी आर जैसी प्राथमिक उपचार की जानकारी जीवन रक्षक होती है-ब्रिगेडियर वी एस चौहान

महू। भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू की 9 एम पी बटालियन एनसीसी इंदौर के 10 कैडेट्स एवं 1एम पी गर्ल्स बटालियन एनसीसी इंदौर के 4 कैडेट्स का चयन महू स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल अटैचमेंट हेतु किया गया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीणओझा एवं 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के कमान अधिकारी कर्नल मोहन तिवारी ने बताया कि यह प्रतिष्ठित कैम्प 25अगस्त से 5 सितंबर तक आयोजित किया गया है। इस कैम्प में महाविद्यालय के 14 एनसीसी कैडेट्स,मेजर डॉ कृष्णा भूरिया एनसीसी अधिकारी के मार्गदर्शन में भाग ले रहे हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा एवं कर्नल मोहन तिवारी ने अपनी विज्ञप्ति में बताया कि इस कैम्प के कैडेट्स दैनिक जीवन में एवं इमरजेंसी में विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं एवं बीमारियों का इलाज किस प्रकार किया जाए, एवं सेना अस्पताल में भर्ती मरीजों की किस प्रकार देख रेख की जाती है,उसके बारे विस्तार से जानकारी प्राप्त करेंगे।

आज इस कैम्प का विधिवत उद्घाटन सेना अस्पताल महू के कमांडेंट बिग्रेडियर वी एस चौहान के द्वारा किया गया ब्रिगेडियर चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹आप सभी कैडेट्स उन चुनिंदा खुश किस्मत कैडेट्स में से हो, जिन्हें एम एच कैम्प अटेंड करने को मिल रहा है,क्योंकि इस कैम्प में बताई जाने वाली संपूर्ण जानकारी एवं ट्रेनिंग आपको जीवन भर काम आएगी और इमरजेंसी में आने पर आप किसी व्यक्ति की जान बचाने के काबिल बन सकते हैं,जिस तरह सीपीआर जैसी प्राथमिक उपचार की जानकारी जीवन रक्षक होती हैर।

इस कैम्प में मेट्रन इंचार्ज लेफ्टिनेंट कर्नल एश्ले, कोऑर्डिनेटर लेफ्टिनेंट कर्नल ललिता अलरिया हैं।इस कैम्प में एनसीसी ग्रुप इंदौर की विभिन्न बटालियन के कुल 40 कैडेट्स भाग ले रहे हैं।

तिरछी नजर

शहर हित / नेता नगरी

महू। बार बार दोहराता हूं, आजादी अमृत महोत्सव,अंग्रेज प्रावधान और साढ़े सात दशक, नेता नगरी.... फिर बात निकली है तो दूर तलक जाएगी.... रक्षा मंत्री राजनाथ आगमन और नेता कार्यकर्ता मिलने की होड़.... लेकिन शहर हित में खासकर कैंट बोर्ड समस्याओं को लेकर.... छोटे , बड़े सभी चुप्पी.... निजी तौर पर मेल मुलाकात.... सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए पक्ष, विपक्ष, सामाजिक संगठन, जागरूक नागरिक सभी नदारद.... में महू आपसे क्या कहूं मेरे संघर्ष, जुझारू, क्रांतिकारी विचारों..... कतिपय लोग और बेरा बटलर संस्कृति

प्रभावित / संगठन / विरोध

पूर्वी रिंग रोड़ और जमीन अधिग्रहण.... प्रभावित किसानों का उचित मुआवजा .... विरोध प्रतिकर और बातचीत का दौर.... इधर जानकारों का मानना है कि विकासखंड में अनेक ग्रामों में शासकीय गाइड लाइन और बाजार मूल्य अधिक तो अनेक जगह ऐसी भी हैं जहां बाजार भाव और शासकीय दर के हिसाब से मौके पर उतना भाव ही नहीं है.... जबकि अनेक जगह प्रस्तावित रिंग रोड़ और एक छोर पर जमीन के भाव आसमान पर तो दूसरी और डाउन ऐसा ही फर्क शासकीय दर में भी है लिहाजा मार्ग पूरा होने के बाद प्रभावित किसानों, व्यवहारिक भेदभाव..... जबकि कुछेक संगठन और विरोध प्रदर्शन और बातचीत के बीच कथित तौर पर अवसर? सूत्रों का कहना है कि कतिपय नेता इसमें बड़ा फायदा निर्माण कंपनी और सेतु के बीच सपड दलाली? और भी हैरत भरा बहुत कुछ.... जबकि अनेक प्रभावित किसानों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण का जो मुआवजा दिया जा रहा है.... उचित हैं हमें आपत्ति नहीं लेकिन साथ में खड़े होना? और भी हैरत भरा बहुत कुछ....

चाक चौबंद व्यवस्था / मीडिया को भी फोटो, वीडियो अनुमति नहीं

देश की सबसे बड़ी सैन्य छावनी में पहली बार सेना के सर्वोच्च अधिकारी के साथ ही तीनों सेना प्रमुख साथ ही उच्च स्तरीय अधिकारी एकत्र हो रहे हैं। जबकि बुधवार समापन सत्र में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का उद्बोधन है.... सैन्य क्षेत्र के अंदर बाहर बेहद सुरक्षा इंतजामात किए गए हैं ... मीडिया को प्रवेश के बाबजूद फोटो, वीडियो की अनुमति नहीं है.... समय समय पर सेना द्वारा प्रेस नोट, वीडियो, फोटो आदि उपलब्ध कराए गए, उसी आधार पर मीडिया कवरेज जारी रहा.....

सब / मैनेज

विश्वनीय सूत्रों का कहना है कि विभिन्न स्तर पर जिम्मेदार विभागों के साथ ही क्षेत्र स्तर पर विभिन्न संगठन ,नेता नगरी और इस दौर में व्यवहारिक तौर पर प्रासंगिक.... लाइजनिंग दलाली मुखबिरी, एवजी यहां भी विभिन्न स्तर पर.... साथ ग्राम पंचायत स्तर पर अनुमति, निर्माण विकास विस्तार और ब्लास्टिंग.... रिकॉर्ड में दर्शाए पेड़ पौधों से ज्यादा पर कुल्हाड़ी और हरियाली के लिए वचनबद्धता.... और पूर्व में खलघाट फोरलेन सहित अन्य राष्ट्रीय, राजमार्ग, स्टेट मार्ग, फोरलेन, बायपास आदि और खेल दर खेला भी हैरत भरा बहुत कुछ .... गुस्ताखी माफ के साथ विराम



राष्ट्रपति सम्मानित शिक्षक हरिराम चौहान का जन्म उत्सव पर्यावरण उत्सव के रूप में मनाया गया

महू। पूर्व प्रधान अध्यापक एवं शिक्षक राष्ट्रपति से सम्मानित महूगांव शांति नगर निवासी हरिराम चौहान मास्टर साहब का शांति नगर वार्ड क्रमांक 2 मनोकामना मंदिर परिसर में पौधा वितरण और पौधारोपण कर मनाया गया कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी जीतू ठाकुर राम सिंह रावत समाजसेवी जगमोहनसोन ओम पटेल के अतीत में संपन्न हुआ चौहान के 66 में जन्मदिन पर या आयोजन किया गया इस अवसर पर सतवीर सिंह जाट शिवराज सिंह शितोले राकेश कनाडे गोपाल भाई शहर कांग्रेस सेवा दल के नरेश जोशी मुन्नालाल वर्मा अजय कल जगदीश अहीर दीनानाथ अहीर बबलू मास्टर संतोष मकवाना राधेश्याम वर्मा शंकरपुर से प्रदीप राव चौहान रणछोड़ सॉन्गेरे आदि साथी मौजूद थे नरेश जोशी ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं आभार जगदीश अहीर ने माना इस अवसर पर सभी अतिथियों ने हर घर आंगन पौधा लगाना है मध्य प्रदेश को रेगिस्तान होने से बचाना है का नारा दिया मनोकामेश्वर मंदिर के व्यवस्थापक अजय काले, गोपाल कुशवाहा नीरज वर्मा को बेलपत्र के पौधे भेंट किए गए।

आइडियल लाइफ क्लब द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाज सेवियों का सम्मान किया गया



महू। बढ़गोंडा स्थित तसल्ली फ्रॉम हाउस पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाज सेवी अध्यात्म मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश लड्ढा,जो पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे है एवं अध्यात्म मंडल के लगातार लम्बे समय से अध्यक्ष का कार्यभार संभाल रहे है । संगीत के विशेषज्ञ उस्ताद सुरेश मजदे समाज के हर वर्ग को वाद यंत्र एवं क्लासिकल संगीत की निःशुल्क शिक्षा दे रहे है आप महार समाज में सेवा दे रहे हैं। कन्हैया सिंह चौहान रोटरी क्लब महू कैंट में डायरेक्टर गवर्नर,को रोटरी क्लब में महत्वपूर्ण सेवा के लिए विभिन्न आध्यात्मिक एवं सामाजिक सेवाओ के लिए सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर कमलकांत भालेवडी कर ,कुंजीलाल पाला,हरिश्चंद्र अग्रवाल,डॉ प्रभुशंकर दुबे,भगवान दास अग्रवाल, पत्रकार अशोक दीक्षित,डॉक्टर अमित सोनी डॉक्टर अनुपम श्रीवास्तव डॉ नरेंद्र शर्मा,वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र श्रीवास मनीष श्रीवास्तव,रवि कश्यप,विनोद गर्ग,योगाचार्य उमेश चौरसिया,विजय शर्मा,विट्ठल अग्रवाल, विजय परदेशी सैफी साहब अतीक अहमद,आदि गणमान्यजन उपस्थित थे । आभार विठ्ठल अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन समाज सेविका पायल परदेशी ने किया ।



इंडियन एसोसिएशन द्वारा पौधारोपण

महू। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ गोपाल तिवारी डॉ अश्विनी जायसवाल डॉ सचिन सोलंकी डॉ संगीता सोलंकी आईएमए अध्यक्ष डॉ सौरभ तिवारी,डॉ प्रशांत दुबे, डॉ स्वर्णा दुबे, सचिव डॉ अमित सोनी द्वारा 24 अगस्त रविवार को सुपरसिटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, महू गांव में वृक्षारोपण किया गया । चिकित्सकों के द्वारा जाम,आम, कटहल,सीतूत के पौधे रोपित किए गए ।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिमान्य पत्रकार अशोक दीक्षित,शेफाली दत्ता,नीतू सैनी ,इंदौर से आए एमबीए के विद्यार्थी सम्मिलित हुए । सभी चिकित्सकों द्वारा एक सफल सार्थक पहल के साथ बेहद सराहनीय एवं प्रेरणास्त्रोत कार्य किया गया । कार्यक्रम में डॉ सचिन सोलंकी का विशेष योगदान रहा । डॉ सौरभ तिवारी एवं डॉ अमित सोनी के कार्यकाल में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा एक और शानदार कार्यक्रम को अंजाम दिया गया ।

नवागत नायब तहसीलदार दिलीप द्विवेदी ने पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर का किया निरीक्षण



महू। मानपुर में नवागत नायब तहसीलदार दिलीप द्विवेदी द्वारा नगर की पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।वहां बोर्ड क्लासों में जाकर बच्चों से अध्यापन संबंधी सवाल पूछे।उन्होंने कक्षा 10 वी की क्लास में विद्यार्थियों को गणित भी पढ़ाया,ओर कहा जब भी समय रहा गणित विषय से संबंधित आने वाली कठिनाइयों को हल करवाने आते रहेंगे ।इसके बात शाला की आईटी लेब का का निरीक्षण किया ।



भोपाल से आए 27 डिप्टी कलेक्टर ने देखा इंदौर का स्वच्छता मॉडल

महापौर बोले–इंदौर का मॉडल पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत

इंदौर । महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा आज आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, म.प्र. भोपाल से परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत इंदौर पधारे 27 सदस्यीय डिप्टी कलेक्टरों के दल के साथ सीटी बस कार्यालय में सौजन्य भेंट की गई।

इस अवसर पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने सभी अधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रभारी श्री अश्विनी शुक्ल, अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया, उपायुक्त श्री शैलेश अवस्थी सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

दल ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्थित प्रक्रिया देखी – इंदौर आगमन पर प्रशिक्षणरत डिप्टी कलेक्टरों के दल को नगर निगम इंदौर द्वारा संचालित स्वच्छता मॉडल की विस्तृत जानकारी प्रजेंटेशन के माध्यम से दी गई। दल ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्थित प्रक्रिया, घर-घर कचरे के पृथक्करण (सेग्रिगेशन) की पद्धति, स्टार जीटीएस प्लांट के संचालन, सीटी बस कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (क्कउउर) तथा इंदौर 311 एप के सफल क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की।

महापौर श्री भार्गव ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर का मॉडल पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यहां नागरिक सहभागिता और तकनीक आधारित समाधान से शहर को लगातार स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष स्थान मिला है। डिप्टी कलेक्टरों को इंदौर में चल रहे विभिन्न नवाचारों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छता का यह मॉडल अन्य जिलों और शहरों के लिए भी अनुकरणीय है।

नाम परिवर्तन सूचना

मै कृष्णदत्ता शर्मा पिता श्री बलदेव प्रसाद भट्ट, द एड्रेस अप्पार्टमेन्ट प्रीमियम, हुक्माखेड़ी राजेंद्र नगर इंदौर, मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड एवं अंकसूची में नाम किंशुक शर्मा अंकित है। जबकि मुझे आधार कार्ड एवं अन्य रिकॉर्ड में किंशुक भट्ट अंकित कराना है अतः सारे शैक्षणिक रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम किंशुक भट्ट (KINSHUK BHATT) के नाम से जाना जाये।

The Court Of III Civil Judge, Senior Division, District Court, Ratlam
Presiding Officer: अनुपम तिवारी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रकिरया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000181/2022)
प्रेमसिंह .....वादी
Vs
लालसिंह .....प्रतिवादी
P.N. 219 Process Id- /2025
13/8/25 पेशी दिनांक:- 08/09/2025
प्रेषिती
(1) धर्मेन्द्र सिंह पिता गोपाल सिंह सिसौदिया निवासी राजपूत मोहल्ला बरमंडल प्रतापगढ़ राजस्थान
(2) कैलाश पिता सुखराम जी सोनार्थी निवासी 249 पटेल कॉलोनी सांवर रोड जलिया जिला इंदौर म.प्र.
यह कि प्रार्थी प्रेमसिंह ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत वाद वाबत् घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सुचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 12 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
(अनुपम तिवारी)
न्यायालय की मुद्रा तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
टिप्पणी:- कृपया ध्यान दें:- वरिष्ठ खंड रतलाम (म.प्र.)
1- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में निया जायेगा।

उजास एनर्जी लिमिटेड
CIN : L35201MP1999PLC013571
पंजीकृत कार्यालय : सर्वे नं. 211/1, सेक्टर सी व मेटलमैन के सामने सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, इन्दौर - 452015 (म.प्र.)
फोन : 0731-4673788 फैक्स : 0731-4715344
ईमेल: cs@ujaas.com वेबसाईट: www.ujaas.com

26वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी

वार्षिक आम बैठक (एजीएम) : एतद्वारा सूचना दी जाती है कि **उजास एनर्जी लिमिटेड** ("कंपनी") के सदस्यों की छब्बीसवीं (26वीं) वार्षिक आम बैठक (एजीएम) **शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 को दोपहर 3:30 बजे** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, सर्वे संख्या 211/1, सेक्टर–सी, मेटलमैन के सामने, सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर–452015 (म.प्र.) में आयोजित की जाएगी। उक्त एजीएम बुलाने के नोटिस में उल्लिखित व्यवसायों के लेन–देन के लिए, साथ ही, सदस्यों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट 2024–25 के साथ एजीएम की सूचना उन सभी सदस्यों को भेजी गई है जिनके ई–मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टीसिपेंस के पास पंजीकृत हैं। सदस्य ध्यान दें कि नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट 2024–25 कंपनी की वेबसाइट **www.ujaas.com** एवं स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट बीएसई लिमिटेड **www.bseindia.com** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध होगी।

बुक्क्लोजर : एजीएम के उद्देश्य से सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर ट्रांसफर बुक शनिवार, 13 सितंबर 2025 से शुक्रवार, 19 सितंबर 2025 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगी।

ई–वोटिंग : कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देने के अपने अधिकारों का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है और सेंट्रल डिपॉजिटरिस सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") के रिमोट ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम बुलाने की सूचना में उल्लेखित सभी प्रस्तावों पर लेन देन हो सकता है। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तारीख यानी शुक्रवार, 12 सितंबर 2025 को कंपनी की चुकता शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

i. एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान निम्नलिखित अवधि में किया जा सकता है
रिमोट ई–वोटिंग शुरू होगी : मंगलवार 16 सितंबर, 2025 (सुबह 9.00 बजे आईएसटी) से शुरू होगी।
रिमोट ई–वोटिंग समाप्त होगी : गुरूवार 18 सितंबर, 2025 (शाम 5.00 बजे आईएसटी) को समाप्त होगी।
ii. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से या एजीएम में मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने की कट–ऑफ तिथि शुक्रवार, 12 सितंबर 2025 है
iii. कोई भी व्यक्ति जो कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तिथि के अनुसार शेयर रखता है, वह **helpdesk.evoting@cdslindia.com** या **investor@bigshareonline.com** पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही ई–वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पंजीकृत है, तो मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है।
iv. सदस्य ध्यान दें कि :
क) रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को सीडीएसएल द्वारा गुरूवार 18 सितंबर, 2025 को शाम 5:00 आईएसटी, के बाद निष्क्रिय कर दिया जाएगा, और एक बार किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा वोट डाले जाने के बाद, उसे बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
ख) बैठक में उपस्थित सदस्यों के लिए एजीएम में मतदान पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
ग) जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फिर से वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। तथा
घ) केवल वही व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया का उपयोग कर के या एजीएम में बैलेट पेपर का उपयोग करके मतदान करने का हकदार होगा।

यदि आपके पास ई–वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप नीचे दिए गए व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं:
नाम : सर्वेश दीवान
पद : कंपनी सचिव
पता : सर्वे नं. 211/1, सेक्टर सी व मेटलमैन के सामने सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, इन्दौर - 452015 (म.प्र.) फोन : 0731-4673788 ईमेल: cs@ujaas.com

उजास एनर्जी लिमिटेड के लिए
हस्ते/-
सर्वेश दीवान
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एसीएस नं. ए70139

दिनांक : 26 अगस्त, 2025
स्थान : इन्दौर

C:/n/s/e/s-Ad

SHREE TIRUPATI BALAJEE FIBC LIMITED
CIN: L25202MP2009PLC022526
Regd. Office: Plot No. A.P. 14 (Apparel Park), SEZ Phase-II, Industrial Area, Pithampur-454774 (M.P.) Phone: 0731-4217400
Website: www.tirupatibalajee.com, E-mail: cs@tirupatibalajee.com

Notice of 16th AGM, Remote e-voting and Book Closure

Notice is hereby given that **16th Annual General Meeting** of the members of **SHREE TIRUPATI BALAJEE FIBC LIMITED** will be held on **Friday, 19th day of September, 2025 at 11:30 A.M.** through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM) for which purposes registered office of the company situated at Plot No. A.P.-14 (Apparel Park), SEZ Phase-II, Industrial Area, Pithampur-454774 (M.P.), shall be deemed as the venue for the Meeting and the proceedings of the AGM shall be deemed to be made thereat, to transact the business as set out in the notice of **16th AGM.**

In terms of MCA Circulars & SEBI Circular, the Notice of the 16th AGM and the Annual Report 2024-25 including the Standalone & Consolidated Audited Financial Statements for the year ended 31st March, 2025 has been sent via e-mail on 26th August, 2025, to those Members whose e-mail address are registered / updated with the Company / Depository Participants. The Notice of the 16th AGM and the Annual Report 2024-25 is also available on the website of the Company at **www.tirupatibalajee.com,** website of the Stock Exchange i.e. National Stock Exchange of India Limited at **www.nseindia.com** and the AGM Notice is also available on the website of Central Depository Services (India) Limited (CDSL) (e-voting agency of the Company) at **www.evotingindia.com.**

CS Ritesh Gupta, Practicing Company Secretary (CP:3764 | FCS:5200) has been appointed as the scrutinizer for scrutinizing the remote e-voting process and e-voting at the AGM in a fair and transparent manner.

Members holding shares as on the cut-off date i.e. **Friday, 12th day of September, 2025** may cast their vote electronically on the resolutions as set out in the notice of AGM through remote-electronic voting system of Central Depository Services (India) Limited (CDSL) from a place other than venue of AGM ("remote e-voting").

All the members are further informed that:

1. The remote e-voting shall commence on **Tuesday, 16th day of September, 2025 at 09:00 A.M. (IST)** and ends on **Thursday, 18th day of September, 2025 at 05:00 P.M. (IST).**
2. The cut-off date is fixed on **Friday, 12th day of September, 2025** for eligibility of participation and vote by remote e-voting at AGM by members whose names are registered in the Register of Members or in record of the CDSL and/or NSDL as beneficial owner of the shares of the Company;
3. The voting rights of the members shall be in proportion to their holding of shares in paid-up equity share capital of the company as on cut-off date i.e. **Friday, 12th day of September, 2025.**
4. Any person, who acquires shares and becomes shareholder of the Company after dispatch of the AGM Notice and holding shares as of the cut-off date i.e. **Friday, 12th day of September, 2025;** can also use remote e-voting facility as well as voting at meeting. Such prospective shareholders may refer detailed procedure pertaining to e-voting, contained in 'NOTES' in notice of the AGM posted on company's website **www.tirupatibalajee.com**, on the website of the Stock Exchange i.e. National Stock Exchange of India Limited at **www.nseindia.com** and also at CDSL's e-voting website **www.evotingindia.com**. However, if such shareholder is already registered with CDSL for remote e-voting then existing user-id and password can be used for casting your vote.
5. **Members may note that-**
   A. The remote e-voting module shall be disabled by CDSL after the aforesaid date and time for voting and once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently;
   B. The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again; and
   C. A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date **Friday, 12th day of September, 2025,** shall only be entitled to the facility of remote e-voting as well as e-voting at AGM.
   D. In case of queries of grievances pertaining to e-voting procedure, shareholders may refer the FAQs for shareholders and e-voting user manual for shareholders available at the download section of **www.evotingindia.com** or may contact:

Particulars	Central Depository Services (India) Limited	Bigshare Services Private Limited	Shree Tirupati Balajee FIBC Limited
Address	A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill, Compounds, N.M. Joshi Marg, Lower Parel (East) Mumbai-400013 (MH)	Pinnacle Business Park, Office No. S6-2, 6th Floor, Mahakali Caves Road, Next to Ahura Centre, Andheri East, Mumbai-400093 (MH)	Plot No. A.P.-14 (Apparel Park), SEZ Phase-II, Industrial Area, Pithampur-454774 (MP)
Name & Desgn.	**Mr. Rakesh Dalvi**	**Mr. Rajesh Kumawat**	**Mr. Vipul Goyal** Company Secretary cum Compliance Officer
Tel.	18002109911	022-62638395	0731-4217400
E-mail id	helpdesk.evoting@cdslindia.com	info@bigshareonline.com	cs@tirupatibalajee.com

Further Notice is given that:
Pursuant to the provisions of Section 91 of the Companies Act, 2013 read with the Regulation 42 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015 the Register of Members and Share Transfer Book of the company shall remain closed from **Friday, 12th September, 2025 to Friday, 19th September, 2025** (both days inclusive) for the purpose of the aforesaid 16th AGM.

For, **Shree Tirupati Balajee FIBC Limited**
Vipul Goyal
Company Secretary & Compliance Officer
M.No.: FCS 10223

Place: **Pithampur (Dhar)**
Date: **27.08.2025**

एक नजर



प्रज्ञानंद ने फिरोजा के खिलाफ बनाई सातवें दौर में संयुक्त बढत, लगातार ड्रॉ के बाद दूसरी जीत, गुकेश को मिली हार

सेंट लुइस। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढत बना ली। लगातार ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा की यह दूसरी जीत है। वह अमेरिका के फेबियानो कारूआना के साथ 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश को अमेरिका के वेसली सो के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। लेवोन आरोनियन और वेसली चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव, पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ और अमेरिका के सैमुअल सेवियान संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश और अलीरजा तीन तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं जबकि नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव डेढ अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं। पिछले दो दौर में सारे मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद सातवें दौर में पांच में से तीन मुकाबलों के नतीजे निकले। अलीरजा और गुकेश के अलावा नोदिरबेक को भी पराजय झेलनी पड़ी जिन्हें दुडा ने हराया।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ओ राउरकी फ्रेक्चर के कारण तीन महीने के लिये मैदान से बाहर

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओराउरकी कमर के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण तीन महीने के लिये मैदान से दूर रहेंगे ।ओराउरकी को जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी । उन्हें सर्जरी कराने की जरूरत नहनी है लेकिन स्ट्रेथ और कंडीशनिंग कार्यक्रम में भाग लेना होगा । वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला, इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और वनडे श्रृंखला और वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर में सफेद गेंद की श्रृंखला नहीं खेल सकेंगे ।

बंगाल वारियर्स के कप्तान बने देवांक दलाल

कोलकाता। बंगाल वारियर्स ने मंगलवार को प्रो कबड्डी लीग के 12वें सत्र के लिए स्टार रेडर देवांक दलाल को अपना कप्तान बनाने की घोषणा की। अनुभवी डिफेंडर नितेश कुमार डिफेंस कप्तान होंगे।दो करोड़ 20 लाख 50 हजार रुपये के साथ सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने देवांक ने सिर की गंभीर चोट से उबरने के दो साल बाद 11वें सत्र में रिकॉर्ड 301 रेड अंक बनाए थे। पीकेएल के सत्र में 100 टैकल अंक के आंकड़े को पार करने वाले एकमात्र खिलाड़ी नितेश ने अपने करियर में 400 से अधिक टैकल अंक जुटाए हैं और बंगाल की टीम के डिफेंस में अपनी उपयोगिता साबित करते रहे हैं।देवांक ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इस मंच पर दोबारा वापसी के लिए मैंने कड़ी मेहनत की है और मैं इसी समर्पण के साथ टीम की अगुआई करना चाहता हूं।

बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप

सिंधू की पहले दौर में संघर्षपूर्ण जीत

बुल्गारिया की कलोयाना नलबंतोवा को हराया

पेरिस, (एजेंसी)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व चैंपियन पी वी सिंधू ने मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में खराब शुरूआत से उबरते हुए बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा को सीधे गेम में हराया।

विश्व की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू शुरूआत में थोड़ी असहज नजर आई लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली और अपने आक्रामक खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए महिला एकल के अपने पहले दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग की बुल्गारियाई खिलाड़ी को 23-21, 21-6 से हराया।



भारत की इस 30 वर्षीय खिलाड़ी को शुरूआत में संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने कुछ गलतियां की जिसके कारण एक समय वह 0-4 से पीछे चल रही थी। नलबांटोवा ने दबाव बनाए रखते हुए 9-5 की बढ़त बना ली थी और इंटरवल तक वह 11-7 से आगे थी।

ब्रेक के बाद सिंधू ने अपनी लय पकड़ी और अपने पसंदीदा क्रॉस-कोर्ट विनर सहित कई स्मैश लगाकर स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया। बुल्गारियाई खिलाड़ी की दो गलतियों ने सिंधू को 14-12 की बढ़त दिला दी, लेकिन दोनों खिलाड़ियों के बीच अंक की अदला-बदली के कारण बढ़त में उतार-चढ़ाव आता रहा।

नलबांटोवा के पास 19-20 के स्कोर पर एक गेम प्वाइंट था, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाईं। बुल्गारिया की खिलाड़ी को एक और गेम प्वाइंट मिला लेकिन वह इसे भुनाने में भी नाकाम रही। सिंधू ने इसके बाद पहले गेम प्वाइंट पर ही गेम अपने नाम कर दिया।

सिंधू में दूसरे गेम में अच्छी शुरूआत की और जल्द ही 5-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद नलबांटोवा ने अंतर को 5-6 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी इंटरवल तक छह अंक से आगे थी। इसके बाद यह मैच एकतरफा हो गया क्योंकि सिंधू ने अपनी बढ़त 17-5 कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद 15 मैच प्वाइंट हासिल किए और दूसरे को भुनाकर मैच अपने नाम कर दिया।

इंदौर के होल्कर स्टेडियम पहुंची आईसीसी ट्रॉफी

भारत और श्रीलंका के चुनिंदा शहरों से होते हुए आगे बढ़ेगा टूर

इंदौर। डीपी वर्ल्ड के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 ट्रॉफी टूर ने इंदौर में एक पड़ाव डाला, जिससे आगामी वैश्विक आयोजन के जश्न में पूरे शहर में उत्साह का माहौल बन गया। अपनी समृद्ध विरासत और खेल के प्रति जुनून के लिए प्रसिद्ध, इंदौर ने इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया। ट्रॉफी ने शहर के कुछ सबसे ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों का दौरा किया, जिनमें राजवाड़ा पैलेस, गांधी हॉल, केंद्रीय संग्रहालय, सिरपुर झील और पितृ पर्वत शामिल हैं। इस पांच दिवसीय टूर का एक प्रमुख आकर्षण इंदौर के विभिन्न स्कूलों का दौरा था, जिनमें द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, निरंजना गर्ल्स स्कूल, एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल, श्री सत्य साईं विद्या विहार, भवंस प्रॉमिनेंट इंटरनेशनल स्कूल और सन्मति हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। छात्रों ने ट्रॉफी का गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया, क्रिकेट-थीम वाले खेलों और क्विज में भाग लिया और आईसीसी के विशेष सामान और उपहार जीते - जिससे विश्व कप का उत्साह कक्षा में भी व्याप्त हो गया।



इस उत्साह को और बढ़ाते हुए, भारत की अंडर-19 क्रिकेटर आयुषी शुक्ला डीपी वर्ल्ड के साथ भवंस प्रॉमिनेंट इंटरनेशनल स्कूल में ट्रॉफी टूर में शामिल हुईं, जहां उन्होंने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की और छात्रों से बातचीत की - जिससे अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों, खासकर युवा लड़कियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। अंतिम दिन, ट्रॉफी आगामी टूनार्मेंट के आधिकारिक स्थलों में से एक, होलकर स्टेडियम पहुंची।

स्टेडियम में मीडिया के साथ एक आकर्षक बातचीत हुई, जिसमें उपस्थित लोगों को तस्वीरें खिंचवाने का अवसर भी मिला। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें मानद सचिव संजीव राव, उपाध्यक्ष रमणीक सलूजा, सीएओ रोहित पंडित, मानद संयुक्त सचिव सुश्री सिद्धायनी पाटनी और मानद कोषाध्यक्ष पवन जैन शामिल थे, ने पूर्व क्रिकेटर संध्या अग्रवाल और चित्रा बाजपेयी के साथ मीडिया को संबोधित किया और इंदौर की क्रिकेट संस्कृति पर प्रकाश डाला।

प्रतिष्ठित स्थानों पर कई कार्यक्रमों और मीडिया रोड शो के माध्यम से, इस टूर का उद्देश्य हजारों प्रशंसकों को इस बहुप्रतीक्षित वैश्विक प्रतियोगिता से पहले इस बहुमूल्य सिल्वर मेडल से जुड़ने का अवसर प्रदान करना है। यह टूर भारत और श्रीलंका के चुनिंदा शहरों से होते हुए आगे बढ़ेगा, और इसका अगला पड़ाव मुंबई होगा।

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 का आयोजन 30 सितंबर से 2 नवंबर तक डीवाई पाटिल स्टेडियम (नवी मुंबई), एसीए स्टेडियम (गुवाहाटी), होल्कर स्टेडियम (इंदौर), एसीए-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापत्तनम) और आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो, श्रीलंका) में होगा।

सिफत कौर का एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्णिम प्रदर्शन

50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में लहराया परचम

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत की ओलंपियन निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्णिम प्रदर्शन किया। सिफत ने इस चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने मंगलवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और इसके बाद टीम स्पर्धा में भी सोना दिलाया। सिफत ने फाइनल में 459.2 स्कोर करके चीन की यांग यूजी (458.8) को हराया। वहीं, सामरा, अंजुम मुद्गिल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।



सिफत आठ निशानेबाजों के फाइनल में 589 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थीं। भारत की श्रियांका साडंगी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थीं लेकिन वह सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिए खेल रही थी लिहाजा सामरा और आशी पहले और चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। सामरा ने नीलिंग में 151.0 और प्रोन में 156.2 स्कोर किया। स्टैंडिंग एलिमिनेशन दौर में वह चीनी प्रतिद्वंद्वी से 0.4 अंक आगे रहीं। जापान की नोबाता मिसाकी (448.2) को कांस्य पदक मिला। आशी 402.8 अंक लेकर सातवें स्थान पर रहीं।

क्वालीफिकेशन में सिफत ने 589 स्कोर किया, जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रहीं।

सचिन तेंदुलकर ने बेटे की सगाई की पुष्टि की:फैंस के सवाल पर कहा- हां, यह सच है; अपनी पसंदीदा पारी पर भी बात की

मुंबई, (एजेंसी)। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सगाई की पुष्टि की है। तेंदुलकर ने एक फैंस के सवाल पर कहा- 'हां, यह सच है। हम सभी उनके जीवन के इस नए फेज के लिए बहुत उत्साहित हैं।' 52 साल के पूर्व क्रिकेटर ने सोमवार को सोशल प्लेटफॉर्म Reddit पर एक सेशन 'आस्क मी एनीथिंग' के जरिए फैंस के सवालों के जवाब दिए। 13 अगस्त को मीडिया रिपोर्ट में अर्जुन तेंदुलकर की सगाई का दावा किया गया था, हालांकि तब किसी ने सगाई की पुष्टि नहीं की थी।



अश्विन का बड़ा बयान

'विराट कोहली की टेस्ट सफलताओं में चेतेश्वर पुजारा का बड़ा योगदान'

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत के दिग्गज ऑफ-स्पिनर आर अश्विन ने हाल ही में एक अहम खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि विराट कोहली के टेस्ट करियर की सफलताओं में चेतेश्वर पुजारा का महत्वपूर्ण हाथ रहा है। अश्विन के मुताबिक, हर क्रिकेटर को सुर्खियां नहीं मिलतीं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उनका योगदान कम है।

पुजारा की भूमिका अहम- अश्विन ने कहा कि नंबर तीन पर पुजारा की मौजूदगी ने कई बार कोहली को खुलकर खेलने का मौका दिया। उन्होंने माना कि पुजारा का धैर्य और उनकी बल्लेबाजी शैली ने भारतीय पारी को स्थिरता दी, जिससे बाद में आने वाले बल्लेबाजों को रन बनाने का सही माहौल मिला। अश्विन ने यह भी जोड़ा कि चाहे लोग मानें या न मानें, लेकिन पुजारा की यह भूमिका विराट कोहली के बड़े स्कोर बनाने में बेहद अहम रही है।

सुर्खियों से दूर लेकिन जरूरी- अश्विन ने जोर देकर कहा कि क्रिकेट में हमेशा रन बनाने वाले खिलाड़ी ही सुर्खियों में रहते हैं। लेकिन जो खिलाड़ी मंच तैयार करते हैं, उनका योगदान अक्सर नजरअंदाज हो जाता है। पुजारा उन्हीं में से एक हैं। उनकी सख्त डिफेंस और लंबे समय तक क्रीज पर टिके रहने की क्षमता ने कई बार भारत को मुश्किल हालात से निकाला और कोहली जैसे बल्लेबाजों को चमकने का मौका दिया।

कोहली की उपलब्धियों पर असर- विराट कोहली ने अपने टेस्ट करियर में कई शानदार पारियां खेलीं हैं और दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों में जगह बनाई है। लेकिन अश्विन का मानना है कि इन सफलताओं में एक बड़ा हिस्सा पुजारा के योगदान का भी है। उनकी स्थिरता ने कोहली को वह आत्मविश्वास दिया, जिससे वे अपने नैचुरल अंदाज में रन बना सके।

भारतीय टेस्ट टीम का स्तंभ- चेतेश्वर पुजारा लंबे समय तक भारतीय टेस्ट टीम के भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं। हालांकि उन्हें सफेद गेंद के क्रिकेट में जगह नहीं मिली, लेकिन टेस्ट में उनका प्रदर्शन हमेशा काबिल-ए-तारीफ रहा। अश्विन के इस बयान ने पुजारा के महत्व को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। पुजारा ने हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास का एलान किया।

बुची बाबू टूर्नामेंट : सरफराज ने मुंबई के लिए हरियाणा के खिलाफ शतक जड़ा

चेन्नई, (एजेंसी)। सरफराज खान की 111 रन की आक्रामक पारी की बदौलत मुंबई ने अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां हरियाणा के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए नौ विकेट पर 346 रन बनाए।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने एक समय 84 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद सरफराज ने 112 गेंद में नौ चौकों और पांच छक्कों से आक्रामक शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।इसी प्रतियोगिता में टीएनसीए एकादश के खिलाफ 138 रन की पारी खेलने वाले सरफराज ने छक्के की मदद से 99 गेंद में शतक पूरा किया।

मुंबई को सलामी बल्लेबाजों दिव्यांश सक्सेना (46) और मुशीर खान (30) ने 69 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत दिलाई थी लेकिन इसके बाद टीम ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के अलावा प्रग्नेश कंपिलेवार (03) और सूर्यांश शेडगे (01) के विकेट भी जल्दी-जल्दी गंवाए और उसका स्कोर चार विकेट पर 84 रन हो गया।सरफराज ने इसके बाद पारी को संभाला। तनुष कोटियान (48) और शम्स मुलानी (नाबाद 50) ने भी उपयोगी पारियां खेली।



इस बीच रुतुराज गायकवाड़ (133 रन, 144 गेंद, 10 चौके, चार छक्के) और अर्शिन कुलकर्णी (146 रन, 190 गेंद, 16 चौके और एक छक्का) के शतक की बदौलत महाराष्ट्र ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 440 रन बनाए। हिमाचल की तरफ से प्रिंस ठाकुर ने 144 रन देकर सात विकेट चटकाए।छत्तीसगढ़ ने शशांक तिवारी के 54 रन पर पांच विकेट की बदौलत टीएनसीए अध्यक्ष एकादश को 266 रन पर समेटने के बाद बिना विकेट खोए चार रन बनाए।



केरल क्रिकेट लीग में एक बॉल पर 13 रन बने: सैमसन ने सिजोमोन जोसफ की नो बॉल के बाद फ्री हिट पर सिक्स लगाया

तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)। केरल क्रिकेट लीग में मंगलवार को एक बॉल पर 13 रन बने। संजू ने त्रिशूर टाइटंस के गेंदबाज सिजोमोन जोसफ की बॉल पर छक्का लगाया। इसे अंपायर ने नो-बॉल करार दिया, इससे उन्हें एक और बॉल डालनी पड़ी। सैमसन ने फ्री हिट पर भी छक्का लगाया।

एक बॉल पर 13 रन कैसे बने?- कोच्चि ब्लू टाइगर्स की पारी का 5वां ओवर सिजोमोन जोसफ डालने आए। संजू ने उनके ओवर की चौथी बॉल पर छक्का लगाया। इसी बॉल को अंपायर ने नो बॉल करार दिया। ऐसे में इस बॉल से 7 रन आए। जोसफ ने जब दोबारा बॉल डाली, तो सैमसन ने मिडऑन में एक और सिक्स लगा दिया। इस तरह 5वें ओवर की चौथी बॉल पर 13 रन बन गए।

इंटर काशी आई लीग चैंपियन तो बन गई, पर न ट्रॉफी मिली न एक करोड़

नई दिल्ली, (एजेंसी)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के आधिकारिक पत्र के अनुसार इंटर काशी ने आई लीग 2024-25 का खिताब जीतने के बावजूद चैंपियन की ट्रॉफी और एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि अब तक हासिल नहीं की है। दरअसल, पिछले सत्र में चर्चिल ब्रदर्स पर आई लीग से निलंबन लगाया गया था। इसके बावजूद चर्चिल ने चैंपियन ट्रॉफी अपने पास रखी हुई है और अब तक उसे एआईएफएफ को लौटाया नहीं है।

एआईएफएफ ने आई लीग संचालन समिति की बैठक में यह मामला रखा था। समिति ने फैसला लिया कि चर्चिल को निलंबित करने का मतलब है कि क्लब अब किसी भी टूनार्मेंट में भाग लेने का पात्र नहीं है। लिहाजा, उसकी ओर से ट्रॉफी लौटाना जरूरी है। इसके बाद यह मामला एआईएफएफ की अपील समिति और फिर फुटबॉल महासंघ की सुलह व पंचाट समिति में गया।



फुटबॉल महासंघ ने स्वीकार किया पंचाट का फैसला-पंचाट समिति ने स्पष्ट किया कि चर्चिल को ट्रॉफी लौटानी होगी और इंटर काशी को चैंपियन घोषित किया जाएगा। इस फैसले को एआईएफएफ ने स्वीकार भी कर लिया। इसके बाद इंटर काशी को आधिकारिक रूप से आई लीग का चैंपियन घोषित कर दिया गया।

रिक्स कोर्ट में अपील खारिज, फिर भी नहीं दी ट्रॉफी-चर्चिल ने खेल पंचाट के रिक्स कोर्ट में फैसले को चुनौती दी थी, लेकिन वहां भी उसकी अपील खारिज हो गई। इसके बावजूद क्लब ने ट्रॉफी लौटाई नहीं है। यही वजह है कि इंटर काशी क्लब प्रबंधन लगातार एआईएफएफ और अन्य अधिकारियों से ट्रॉफी एवं एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दिलाने की गुहार लगा रहा है। इंटर काशी के अध्यक्ष प्रिथिजीत बनर्जी ने कहा कि क्लब का विजेता बनना यूपी की फुटबॉल के लिए बड़ा मौका है।

'काश नतीजा बदल पाता', ऐसी दो हार जो द्रविड़ को आज भी खटकती है, बोले- मौका मिले तो परिणाम बदल दूं

नई दिल्ली, (एजेंसी)। पूर्व भारतीय बैटर और कोच राहुल द्रविड़ ने हाल ही में एक बातचीत में ऐसे दो अंतरराष्ट्रीय मैचों का जिक्र किया जिन्हें वे फिर से खेलना और परिणाम बदलना चाहते हैं। यह बातें उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के साथ उनके यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान कहीं। अश्विन के एक साधारण से सवाल ने द्रविड़ को उन पलों की याद दिला दी, जिसके परिणाम उनकी नजर में अगर बदल जाते तो भारतीय क्रिकेट की कहानी कुछ और होती।

द्रविड़ ने पहले नंबर पर 1997 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बरबाडोस में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच को चुना। उस मैच में भारत को कठिन विकेट पर मात्र 120 रनों का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम 80 रन पर ऑल-आउट हो गई। द्रविड़ ने बताया कि 'पिच मुश्किल थी, लेकिन आखिरी विकेटों ने 50-60 रन जोड़ दिए होते, तो हम मैच जीत सकते थे और संभवतः सीरीज भी 1-0 की जगह जीतकर समाप्त कर सकते थे।' द्रविड़ ने कहा कि उस पूरी सीरीज के दौरान काफी बारिश का सामना करना पड़ा था और सिर्फ एक मैच ने सीरीज का फैसला किया था। भारत की दीवार ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिले तो वह उस सीरीज के नतीजे को बदलना चाहेंगे।



द्रविड़ की दूसरी पसंद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2003 के वनडे वर्ल्ड कप फाइनल की है। उस दिन की रणनीति, कंडीशन और विपक्षी टीम की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी भारत के खिलाफ गई। द्रविड़ ने कहा कि 'हमने टॉस में सही फैसला लिया था क्योंकि ओवरकास्ट कंडीशन था, लेकिन विपक्षी टीम का प्रदर्शन शानदार रहा।' द्रविड़ ने कहा कि वह उस मैच को उस पल को फिर से जीना चाहेंगे और मैच के परिणाम को बदलना चाहेंगे। भारत 2003 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 125 रनों के बड़े अंतर से हार गया था। यह राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली जैसे दिग्गजों की विश्व कप खिताब के सबसे करीब पहुंचने वाली टीम थी।

बतौर कोच द्रविड़ को मिली मदद

एक खिलाड़ी और बाद में कोच रहे द्रविड़ की यह प्रतिक्रिया बताती है कि वह केवल जीत की कहानियां नहीं याद रखना चाहते, बल्कि वे उन्हीं जोखिम भरे पक्षों को भी याद रखते हैं जहां रणनीतिक बदलाव से परिणाम बदल सकता था। यह उनकी प्रतिबद्धता और आत्म-विश्लेषण की गहराई को उजागर करता है। इसने बतौर कोच द्रविड़ की काफी मदद की। उन्होंने सिर्फ व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं, बल्कि पूरी टीम की दिशा और रणनीतियों पर नजर रखी। यह विचारशीलता ही उन्हें एक महान खिलाड़ी और शानदार कोच बनाती है। द्रविड़ की देखरेख में भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को खत्म किया था।

सराफा बाजार

इंदौर सोना-चांदी भाव



इन्दौर। मंगलवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार कमजोर देखा गया। किन्तु विदेशी बाजारों की मजबूती से दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे :- चॉदी (9999) 117800, चॉदी (99) 117600, टंच 117000, सिक्का 1200, सोना 10 ग्राम 102600।

साबु उत्पाद के भाव

साबूदाना सच्चामोती एगमार्क 500 ग्राम 5060 प्रति क्विंटल साबूदाना सच्चासाबु एगमार्क 500 ग्राम 5230 प्रति क्विंटल साबूदाना चक्र एगमार्क 500 ग्राम 5170 प्रति क्विंटल साबूदाना गोपाल लूज 25 किलो 4430 प्रति क्विंटल साबूदाना पापड़- नारियलबूर्रा- हल्दी पाउडर साबूदाना-पापड़-कायन्स सच्चासाबु 500 ग्राम 129 प्रति किलो साबूदाना-पापड़ सच्चासाबु 480 ग्राम 136 प्रति किलो नारियल-बूर्रा अल्पाहार 500 ग्राम 348 प्रति किलो सेलम-हल्दी-पाउडर अल्पाहार एगमार्क 500 ग्राम 179 प्रति किलो मीलेट्स झ्र श्रीधान्य श्रीधान्य-कुकरीजॉकी मीलेट लिटिल मोरधन 500 ग्राम 110 प्रति किलो श्रीधान्य-कुकरीजॉकी मीलेट कोदो कोदरा 500 ग्राम 78 प्रति किलो श्रीधान्य-कुकरीजॉकी मीलेट बार्नयार्ड झंगोरा 500 ग्राम 97 प्रति किलो श्रीधान्य-कुकरीजॉकी मीलेट फॉक्सटेल कंगनी 500 ग्राम 85 प्रति किलो श्रीधान्य-कुकरीजॉकी मीलेट फिंगर रागी 500 ग्राम 58 प्रति किलो।

सेंसेक्स 849 , निफ्टी 255 अंक गिरा

मुम्बई। अमेरिका के टैरिफ लगाने की आधिकारिक घोषणा के बाद पड़े दबाव से भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 849.37 अंक नीचे आकर 80,786.54 पर बंद हुआ। जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 255.70 अंक नीचे आकर 24,712.05 पर बंद हुआ। आज एफएमसीजी को छोड़कर सभी क्षेत्रों में गिरावट रही। धातु , रियल्टी ओर फार्मा व पीएसयू कंपनियों के शेयर सबसे अधिक गिरे।

एसईपीसी लिमिटेड का शुद्ध लाभ 17 करोड़ हुआ

चेन्नई : एसईपीसी लिमिटेड जल और नगरपालिका सेवाओं, सड़कों, औद्योगिक अवसंरचना और खनन क्षेत्रों में विविध उपस्थिति वाली एक अग्रणी इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) कंपनी ने FY26 की पहली तिमाही के लिए अपने अप्रत्यक्ष वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। FY26 की पहली तिमाही समेकित वित्तीय मुख्य बिंदु झकुल आयः 203.8 करोड़, साल-दर-साल वृद्धि 14.4%. ईबीआयटीडीए: 29.8 करोड़, साल-दर-साल वृद्धि 11.9%. ईबीआयटीडीए मार्जिनः 14.6%, साल-दर-साल बदलाव -32 बेसिस पॉइंट्स. शुद्ध लाभः 16.5 करोड़, साल-दर-साल वृद्धि 104.8%. शुद्ध लाभ मार्जिनः 8.1%, साल-दर-साल वृद्धि 359 बेसिस पॉइंट्स. डायल्यूटेड ईपीएसः 0.11, साल-दर-साल वृद्धि 83.3% प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए एसईपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक अब्दुल्ला मोहम्मद इब्राहिम हसन अब्दुल्ला ने कहाः- यह तिमाही स्थिर प्रगति का दौर रही।

काइनेटिक ग्रीन ने आईआईएफएल के साथ साझेदारी की

पुणे : काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड, भारत में इलेक्ट्रिक टू व्हीलर और थ्री व्हीलर बनाने वाली एक प्रमुख कंपनी, ने आज देश की प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) और माइक्रोफाइनेंस संस्थान, आईआईएफएल समस्त फाइनेंस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का लक्ष्य शहरों, छोटे शहरों और गाँवों में ग्राहकों के लिए आसान और किफायती फाइनेसिंग विकल्प देकर इलेक्ट्रिक वाहनों को और सुलभ बनाना है। यह कार्यक्रम त्योहारी सीजन के दौरान सितंबर 2025 से शुरू होगा, ताकि नए वाहनों की बढ़ती मांग का लाभ उठाया जा सके।

लेवाली के अभाव में मसूर मंदी

इंदौर (ईएमएस)। लेवाली के अभाव में मंगलवार को अनाज मंडी में मसूर बाजार मंदी पर रहे। चना भी सुस्त रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में भाव बने रहे। किराना बाजार में काजू में मजबूती रही। मसूर में लेवाली के अभाव में बाजार 50-100 रू. प्रति क्विंटल हल्के पड़े। चना मजबूत रहा, किन्तु धारणा नरमी की रही। खाद्य तेलों में व्यापार बेहद सुस्त रहा। तिलहनों में बाजार बने रहे। उधर, किराना जिंसों में काजू पूछपरख से मजबूत रहा। भाव इस प्रकार रहे :-



किराना :शक्कर 4240-4280, खोपरा गोला 310-355, खोपरा बूरा 4400-6600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 250-265, मीडियम 280-285, ऊंझा हल्का 270-275, बेस्ट 290-320, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4500-4600, मीडियम 4650-4850, बेस्ट 5100-5500, ग्लास 6100, वरलक्ष्मी 5350, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 110-250, एस्ट्रा बेस्ट 300-400, सौंफ बारि?क 280-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 900-1200, क्लीन 1300-1500, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-780, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2850-2950, विरूद्ध नगर 2950-3025, मीडियम 2975-3050, बोल्ड 3075-3150, एक्ट्रा बोल्ड 3250-3450, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1900, तरबूज मगज 665-690, काजू (240) 950-960, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 830-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 840-860, टुकड़ी 780-850, बादाम मगज 860-880, अमेरिकन 750-780, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 510-800, जदार्लु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1400-1600, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3600-3700, (160) 4000-4100, (200) 4500-4700, (250) 4800-4900।

तेल :-सींगदाना 1360-1380, मुम्बई 1390, राजकोट तेलिया 2170, सोया साल्वेंट 1225-1230, सोया रिफाइंड 1285-1290, कपास्या 1280, धूलिया 1285, कड़ी 1285।

रात की धारणा :-गुजरात लुज 1350, मुम्बई पाम 1395-1400, मुम्बई सोया 1330।

खली :-कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2225, देवास-उज्जैन 2225, खंडवा-बुरहानपुर 2200, अकोला 3050 (प्रति क्वि?ंटल)।

तिलहन :-सरसो 6300-6600, रायडा 5800-6000, सोयाबीन 4450-4500, टोली (महुआ बीज) 4000-4200, करंज 4000-4200, अलसी 7500-7600, अरंडी 4500-4700।

दलहन :-चना कांटेवाला बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5500-5600, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6150-6200, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6500-6700, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500।

दाल :-चना दाल एवरेज 7900-8100, बेस्ट 8200-8400, तुअर दाल सवा नं. 8300-8400, तुअर दाल फूल 9500-9700, तुअर दाल बोल्ड 11700-11800, मसूर दाल एवरेज 7400-7550, बेस्ट 7600-7750, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 10400-10500, बोल्ड 10600-10800, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400।

अनाज :-गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400। चावल :-चावल हंसा सफेद 2900-3100, सेला 3500-3700, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4000-6500, तिबार 9000-10000, बासमती (921) 10500-11500, बासमती सेला 6500-9000, पोहा 4500-5100।

मावा- इन्दौर 340, उज्जैन 260, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

वी गेम्स ने वी ऐप पर लॉन्च किया गैलेक्सी शूटर्स फ्रीडम फेस्ट



नई दिल्ली। भारत के अग्रणी दूर-संचार सेवा प्रदाता वी ने एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप में वी गेम्स पर गैलेक्सी शूटर्स के फ्रीडम फेस्ट एडिशन का लॉन्च किया है। यह स्पेशल एडिशन 31 अगस्त तक ऐप पर लाईव रहेगा, जहां उपभोक्ता गेमिंग, एंटरटेनमेन्ट और एक्सक्लुजिव रिवॉर्ड्स के रोचक संयोजन का आनंद उठा सकते हैं। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब भारत का मोबाइल गेमिंग मार्केट तेजी से विकसित हो रहा है, एक अनुमान के मुताबिक यह मार्केट 2025 तक 7.5-8.75 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंच जाएगा। शूटर गेम्स सबसे लोकप्रिय श्रेणियों में शामिल हैं, ऐसे में वी ऐप पर इस टाइटल को शामिल करना उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव और बेहतर मनोरंजन प्रदान करने की वी की डिजिटल पेशकश की पुष्टि करता है। गैलेक्सी शूटर्स फ्रीडम फेस्ट के तहत उपभोक्ताओं को मात्र रु 1 में रु 4999 का सालाना रीचार्ज जीतने का मौका मिलेगा, जिसमें वी मुवीज एण्ड टीवी सुपर सब्सक्रिप्शन के तहत एमजॉन प्राइम वीडियो तथा 19 तक ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जैसे सोनी लिव, जी 5, लायन्सगेट प्ले, फैन कोड आदि का एक्सेस तथा एक साल के लिए रोजाना 2 जीबी तक डेटा शामिल है। अन्य रिवॉर्ड्स में रु 1 में वी मुवीज एण्ड टीवी सुपर सब्सक्रिप्शन शामिल है, जिसके तहत उपभोक्ता 19 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, 10 जीबी डेटा, तथा रु 1 में 28 दिन की वैलिडिटी के साथ 50 जीबी डेटा पैक और रु 50 का गिफ्ट वाउचर पा सकते हैं। कॉन्टेस्ट रोजाना रीसेट होता है, जिससे उपभोक्ताओं को खेलने के कई मौके मिलते हैं।

सीआरआई पंप्स को 320 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला

नई दिल्ली। सी.आर.आई. सोलर को, जो सी.आर.आई. पंप्स का एक प्रभाग और नवीकरणीय ऊर्जा-संचालित जल समाधानों में अग्रणी है, महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) द्वारा मैगेल त्याला सौर कृषि पंप योजना के तहत 320 करोड़ रुपये मूल्य के 3 एचपी, 5 एचपी और 7.5 एचपी क्षमता के 10,714 ऑफ-ग्रिड डीसी सौर फोटोवोल्टिक जल पंपिंग सिस्टम (एसपीडब्ल्यूपीएस) के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए लेटर ऑफ एम्पैनलमेंट (एलओई) प्रदान किया गया है।एसपीडब्ल्यूपीएस में एक इनबिल्ट आईओटी-सक्षम रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम (आरएमएस) है और यह मरम्मत और रखरखाव को कवर करने वाली 5 साल की वारंटी के साथ आता है। इस पहल से अल्पसेवित और ऑफ-ग्रिड ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वसनीय जल उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी, जिससे पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आएगी, सिंचाई विश्वसनीयता बढ़ेगी।

जेनेराली सेंट्रल इंश्योरेंस ने पेश किया हैल्थ एक्स्ट्रा

मुंबई : सुरक्षा की कमी को पूरा करने और स्वास्थ्य बीमा को किफायती और सुलभ बनाने के उद्देश्य से जेनेराली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने एक नई पेशकश हैल्थ ऐक्स्ट्रा लॉन्च की है। हैल्थ ऐक्स्ट्रा एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना है जो चिकित्सा और अस्पताल में भर्ती होने के पूर्व एवं पश्चात, रोड ऐम्बुलेंस खर्च, आधुनिक उपचार, आयुष उपचार और ओपीडी लाभ के साथ-साथ अन्य वैल्यू-ऐडेड सेवाओं और वैलनेस केयर सहित चिकित्सा और अस्पताल में भर्ती होने के व्यापक खर्चों को कवर करेगी। हैल्थ ऐक्स्ट्रा के लॉन्च पर बोलते हुए, जेनेराली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य वितरण अधिकारी रमित गोयल ने कहा, मौजूदा अनुमान बताते हैं कि भारत की लगभग एक-तिहाई आबादी के पास किसी भी प्रकार का स्वास्थ्य बीमा नहीं है। 2047 तक सभी के लिए बीमा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने के लिए ऐसे स्वास्थ्य बीमा प्रस्ताव विकसित करना अत्यावश्यक है।

ज्यादा माइलेज देने वाली कारें पेश कर रही ऑटोमोबाइल कंपनियां



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय ग्राहकों के लिए पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच माइलेज कार खरीद का अहम पैमाना बन चुका है। ऑटोमोबाइल कंपनियां लगातार ज्यादा माइलेज देने वाली कारें बाजार में पेश कर रही हैं। मारुति सुजुकी सेलेरियो को पेट्रोल सेगमेंट की सबसे ज्यादा माइलेज देने वाली कार माना जाता है। इसका मैनुअल वेरिएंट 25.24 केएमपीएल और एएमटी वेरिएंट 26.68 'स्र' माइलेज देता है। इसकी शुरूआती कीमत 5.45 लाख रुपये है। वहीं, भारतीय परिवारों की पसंदीदा वैगन आर दो इंजन विकल्पों में उपलब्ध है। 1.0छ इंजन 24.35 से 25.19 केएमपीएल और 1.2छ इंजन 23.56 से 24.43 केएमपीएल माइलेज देता है। इसकी कीमत 5.79 से 7.62 लाख रुपये तक है। सेडान सेगमेंट में होंडा सिटी स्टाइल और कम्फर्ट के साथ-साथ 24.1 केएमपीएल माइलेज का दावा करती है। इसकी कीमत 12 से 16 लाख रुपये तक है।

निवेश

दूसरे नंबर पर पश्चिम भारत,तीसरे पर दक्षिण और चौथे नंबर पर पूर्वी भारत का नाम

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में रजिस्टर्ड निवेशकों में उत्तर भारतीयों का दबदबा

रिपोर्ट में देश के विभिन्न क्षेत्रों के आंकड़े भी सामने रखे गए हैं। इन आंकड़ों में उत्तर भारत के बाद पश्चिम भारत दूसरे नंबर पर है, जहां 3.5 करोड़ निवेशक हैं। दक्षिण भारत में 2.4 करोड़ और पूर्वी भारत में 1.4 करोड़ निवेशक रजिस्टर्ड हैं।

नई दिल्ली । नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएससी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई 2025 तक उत्तर भारत ने देश के निवेश में अपना दबदबा कायम रखा है। इस क्षेत्र में रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 4.3 करोड़ से भी अधिक हो गई है। साथ ही, इसमें साल-दर-साल 20 प्रतिशत की बढ़त दिखाई दी है, जो बाजारों में छोटे निवेशकों की मजबूत भागीदारी और बढ़ते विश्वास को दिखाती है। रिपोर्ट के मुताबिक एनएसई ने बताया कि निवेशक आधार के विस्तार की रफ्तार सालों में काफी तेज हुई है। एक्सचेंज को अपने पहले करोड़ निवेशकों तक पहुंचने में 14 साल लगे



थे, लेकिन उसके बाद के हर करोड़ निवेशक बहुत तेजी से जुड़े हैं। सबसे ताजा करोड़ निवेशक सिर्फ और सिर्फ मात्र साढ़े सात महीने में ही जुड़ गए, जो भारत के शेयर बाजार में भागीदारी की बढ़ती गहराई को दिखाता है।

रिपोर्ट में देश के विभिन्न क्षेत्रों के आंकड़े भी सामने रखे गए हैं। इन आंकड़ों में उत्तर भारत के बाद पश्चिम भारत दूसरे नंबर पर है, जहां 3.5 करोड़ निवेशक हैं। दक्षिण भारत में 2.4 करोड़ और पूर्वी भारत में 1.4 करोड़ निवेशक रजिस्टर्ड हैं। साल-दर-साल वृद्धि के मामले में उत्तर और दक्षिण भारत, दोनों ने 20 प्रतिशत से अधिक की शानदार बढ़त दर्ज की है।राष्ट्रीय स्तर पर जुलाई 2025 के अंत तक एनएसई पर रजिस्टर्ड निवेशकों की कुल संख्या 11.8 करोड़ पर पहुंच गई।

क्रोमा के फेस्टिव टेक ऑफर्स 60% तक

नई दिल्ली। टाटा परिवार का एक सदस्य और भारत के अग्रणी ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, क्रोमा ने इस अगस्त गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में लाए हैं विशेष ऑफर्स। ये ऑफर्स 22 से 29 अगस्त तक महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और गोवा में चलाए जा रहे हैं। स्टोर में और croma.com पर भी इन ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। इंस्टेंट बैंक कार्ड डिस्काउंट उपभोक्ताओं के लिए बचत को और भी बेहतर बनाते हैं। आने वाले त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए, क्रोमा ने पार्टी ऑडियो से लेकर रोजमर्रा की रसोई की जरूरतों तक, कई श्रेणियों में रोमांचक ऑफर्स प्रस्तुत किए हैं। Realme TWS सिर्फ 999 में, माइक के साथ पार्टी स्पीकर 2,999 से आगे की कीमतों पर, और क्रोमा के 200ह पार्टी स्पीकर वायरलेस UHF माइक के साथ सिर्फ 15,990 में खरीद सकते हैं। सोनी, JBL और मार्शल के प्रीमियम हेडफोन पर विशेष कीमतें उपभोक्ताओं के उत्साह को और बढ़ा देंगी।



अमांता हेल्थकेयर लिमिटेड का IPO 1 सितंबर को

मुंबई : अमांता हेल्थकेयर लिमिटेड, एक फार्मास्यूटिकल कंपनी जो स्टेराइल लिक्विड उत्पादों के विकास, निर्माण और विपणन में संलग्न है, जिसमें बड़े और छोटे वॉल्यूम पैरेंटेरल्स शामिल हैं, अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश 1 सितंबर, 2025 को खोलने का प्रस्ताव रखती है, जिसका उद्देश्य 12,600.00 लाख (ऊपरी मूल्य बैंड पर) जुटाना है, और इसके शेयर ठरए और इरए प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू का आकार प्रत्येक 10 अंकित मूल्य वाले 1,00,00,000 इक्विटी शेयरों तक है, जिनकी प्रति शेयर कीमत 120 से 126 के बीच होगी। इक्विटी शेयर आवंटन योग्य संस्थागत खरीदार झ्र 50,00,000 इक्विटी शेयरों से अधिक नहीं गैर-संस्थागत निवेशक कम से कम 15,00,000 इक्विटी शेयर व्यक्तिगत निवेशक कम से कम 35,00,000 इक्विटी शेयर आईपीओ से प्राप्त निवल धनराशि का उपयोग हरियाला, खेड़ा, गुजरात में स्टेरीपोर्ट की नई विनिर्माण लाइन स्थापित करने के लिए नागरिक निर्माण कार्य की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने और उपकरण, संयंत्र और मशीनरी की खरीद के लिए किया जाएगा।

एवीजी लॉजिस्टिक्स ने 125 करोड़ का राजस्व दर्ज किया

नई दिल्ली। एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (बीएसई 543910, एनएसई एवीजी), एक प्रमुख मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता, ने FY26 की पहली तिमाही के लिए अपने अर्संविक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। संविलित प्रमुख वित्तीय झलकियां-संचालन से राजस्वः 125.02 करोड़, वार्षिक आधार पर 1.7% की वृद्धि. ईबीआईटीडीए 24.28 करोड़, पर 2.8% की वृद्धि. ईबीआईटीडीए मार्जिनः 19.42%, पर 20 बेसिस पॉइंट्स का विस्तार. कर पूर्व लाभ 7.00 करोड़, पर 5.7% की वृद्धि. कर पूर्व लाभ मार्जिनः 5.60%, 21 बेसिस पॉइंट्स का विस्तार वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, श्री संजय गुप्ता, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने कहा, FY26 की पहली तिमाही ने इस वित्तीय वर्ष की एक आशाजनक शुरूआत की है, जिसमें हमारी रणनीतिक सफलताएं नवाचार, दक्षता और स्थिरता के प्रति हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।

डैनफॉस इंडिया ने मध्य प्रदेश में नई रीसेलर पार्टनरशिप से वितरण बढ़ाया

इंदौरः ऊर्जा-कुशल समाधानों में दुनिया में सबसे आगे,डैनफॉस इंडिया ने मध्य भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाते हुए फोर्टे टेक्निक्स प्राइवेट लिमिटेड को मध्य प्रदेश में औद्योगिक रेफ्रिजरेशन उत्पादों का आधिकारिक रीसेलर नियुक्त किया है। यह रणनीतिक पार्टनरशिप, जो वोल्गा एजेंसी के जरिए की गई है,



डैनफॉस इंडिया के वितरण नेटवर्क को और मजबूत बनाती है तथा इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, पीथमपुर और उज्जैन सहित प्रमुख शहरों में ग्राहकों को बेहतर सेवा समर्थन प्रदान करती है। डैनफॉस इंडिया अत्याधुनिक रेफ्रिजरेशन तकनीक उपलब्ध कराने के लिए जानी जाती है, जो ऊर्जा की बचत और सुरक्षित रेफ्रिजरेशन को खाद्य प्रसंस्करण, कोल्ड स्टोरेज और दवा उद्योग जैसे क्षेत्रों में संभव बनाती है। नवाचार और स्थिरता को आधार बनाकर, कंपनी लगातार अपने समाधानों को भारतीय उद्योग की बदलती जरूरतों के अनुसार ढालती रहती है।

इंटेंस टेक्नोलॉजीज ने पहली तिमाही में 3,148 लाख का राजस्व दर्ज किया

हैदराबाद : इंटेंस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (एनएसईः इंटेंटेक` बीएसईः 532326), एक वैश्विक प्लेटफॉर्म-आधारित सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी जो ग्राहक संचार, डेटा प्रबंधन और प्रोसेस ऑटोमेशन में मिशन-क्रिटिकल समाधान देती है, ने आज अपने FY26 की पहली तिमाही के अन-ऑडिटेड परिणामों की घोषणा की। FY26 की पहली तिमाही की मुख्य बातें और विकास की दिशा- नई क्लाइंट जीतः चार उच्च-मूल्य वाले बीएफएसआय (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) क्लाइंट हासिल किए, जिनमें सऊदी अरब की एक अग्रणी एनबीएफसी शामिल है, जिससे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों में कंपनी की उपस्थिति बढ़ी। मिडिल ईस्ट विस्तारः सऊदी अरब में पहला ग्राहक हासिल किया क्षेत्रीय विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि। मजबूत डील पाइपलाइनः कई बड़े अवसरों पर चर्चा चल रही है। एआय-आधारित विकासः कर्त्तव्यनिष्ठ एआय और जेन एआय क्षमताओं को उन्नत किया जा रहा है ताकि तेज निर्णय-निर्माण, संचालन कुशलता और हाइपर-पर्सनलाइज्ड अनुभव प्रदान किए जा सकें।

त्योहारों से पहले फ्लिपकार्ट देगी 2.2 लाख नौकरियां

नई दिल्ली (एजेंसी)। ई-कॉमर्स क्षेत्र की अग्रणी कंपनी फ्लिपकार्ट ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर देशभर में 2.2 लाख से अधिक रोजगार देने की घोषणा की है। ये नौकरियां आपूर्ति श्रृंखला, लॉजिस्टिक्स और अंतिम छोर तक डिलीवरी से जुड़ी होंगी। कंपनी का कहना है कि वह 28 राज्यों में भर्ती कर रही है और साथ ही छोटे व मझोले शहरों में 650 नए त्योहारी आपूर्ति केंद्र भी खोलेगी। इसका उद्देश्य त्योहारों के दौरान बढ़ती मांग को पूरा करना और ग्राहकों को तेज व समय पर डिलीवरी देना है। फ्लिपकार्ट के इस कदम से स्थानीय युवाओं को रोजगार और छोटे शहरों की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। इसके साथ ही ग्राहकों को बेहतर सेवा अनुभव प्राप्त होगा।

पर्यटन मंत्रालय
MINISTRY OF TOURISM
सत्यमेव जयते
मध्यप्रदेश शासन
The heart of Incredible India
PHDCCI Celebrating 120 Years 1905 - 2025

आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करता मध्यप्रदेश



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव

रूह Mantic

शुभारंभ

मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

विशिष्ट अतिथि
गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय

27 अगस्त, 2025। प्रात: 9:00 बजे । होटल अंजुश्री, उज्जैन, मध्यप्रदेश

"मध्यप्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन विकास के नये अध्याय की शुरुआत"

प्रमुख गतिविधियां

राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस । अधोसंरचना विकास, आध्यात्मिक पर्यटन में सांस्कृतिक संवर्धन पर चर्चा ।
आध्यात्मिक पर्यटन के आयामों पर संवाद

महत्वपूर्ण सत्र

मंदिर अर्थव्यवस्थाएं । महाकाल का मंडल । डिजिटल में दिव्य । पवित्र धुरी के संरक्षक

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11090/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

स्वामी संसार पब्लिकेशन प्रा.लि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक प्रतीक संघवी द्वारा 11, प्रेस काम्प्लेक्स, ए.बी. रोड इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित एवं पी.जी. इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेस प्रा.लि. राऊखेड़ी, मांगलिया बायपास ए.बी.रोड इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित।
फोन 0731 - 2575511-12। सम्पादक भरत दोशी, आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक 47622/88 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा)।

कलेक्टर ने जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में बैंकों के लंबित प्रकरणों पर की चर्चा

खरगोन, (निप्र)। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न बैंकों- बैंक ऑफ इंडिया, उमेश जोशी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विभागों के वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से बैंकों में लंबित प्रकरणों पर चर्चा की गई।



स्टेट बैंक, यूनियन बैंक, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, इत्यादि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन, उप संचालक कृषि एसएस राजपूत, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुमेर सिंह सोलंकी, पशुपालन विभाग की डॉ. प्रियंका बघेल, नगर पालिका सीएमओ सुश्री कमला कोल, एपीओ ईडब्लूएस हितग्राहियों का सम्पर्क बैंक से कराया जाएगा, पात्र पाए जाने पर इनके आवेदनों पर सब्सिडी जारी की जाए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत से कम किसान क्रेडिट कार्ड सैचुरेशन वाले बैंकों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बैंकों द्वारा 45 दिन के भीतर सब्सिडी आवेदन मंजूर किए जाने हैं, इससे अधिक आवेदन लंबित नहीं रखे जाएं। इस योजना के अंतर्गत जिले के पंचायत और सामुदायिक भवनों में भी रूफ टाप सोलर माड्यूल लगाए जाना हैं। उन्होंने बताया कि मप्र डे राज्य आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वसहायता समूहों के बैंक लिंकेज के सर्वाधिक लंबित प्रकरण बैंक आफ इंडिया और मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक में हैं, जिन्हें शीघ्र निराकरण किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना, इत्यादि के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बैंकों को वित्तीय सहायता के सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शुरू हो चुकी है, जिसमें इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम के अंतर्गत प्रत्येक पात्र आवास पर अधिकतम रुपए 1.80 लाख की सब्सिडी दिया जाना है। 9 लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले हितग्राही और 35 लाख रुपए तक मूल्य वाले आवास सब्सिडी के लिए पात्र होंगे। कलेक्टर ने बताया कि जिले के नगरीय निकायो द्वारा





नगर पालिका की अतिक्रमण हटाओ मुहिम जारी, कसरावद रोड से हटवाई गुमटियां, जब्त की बांस- बल्लियां

खरगोन, (निप्र)। शहर में नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओं मुहीम लगातार जारी है। शहर को अतिक्रमण मुक्त कर सुगम आवागमन व्यवस्था के लिए निकाय द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो से अस्थाई अतिक्रमणों को हटवाया जा रहा है। मंगलवार को कसरावद रोड पर मुहिम चलाई गई। यहां मेला ग्राउंड व रोड के साईड में गुमटीयां रख अतिक्रमण करने वालों पर रिमूव्हल कार्यवाही की गई। रोड के किनारे दुकानों के बाहर सामान/सायबान व वाहन आदि अव्यवस्थित पार्क करने पर 01 ट्राली बल्लियों को जब्त किया गया एवं दुकानों के बाहर सड़क पर रखे सामान भी जब्त किया गया। सीएमओ सुश्री कमला कौल ने बताया कि, निकाय टीम के द्वारा शहर में उक्त मुहीम 18.अगस्त से निरंतर चलाई जा रही है। इस दौरान शहर के एम.जी.रोड़, तिलकपथ , मोहन टाकिज से होते हुए गौशाला मार्ग से उमरखली रोड, जवाहर नगर, डायवर्सन रोड़ एवं बावड़ी बस स्टैंड़, बिस्टान रोड़ पर कार्रवाई की गई थी। दुकानों के बाहर सायबान/ सामग्री रख अतिक्रमण से मार्ग संकरा होकर आवागमन प्रभावित होने के साथ ही दुर्घटनाओं की भी प्रबल संभावना बनी रहती है। निकाय द्वारा उड़नदस्ता वाहन के माध्यम से सतत ऐलान व व्यापारियों को चेतावनी दी जा रही है, निकाय द्वारा रिमुव्हल कार्यवाही के पश्चात किसी प्रकार से पुनरावृत्ति कर पुनः अतिक्रमण ना हो इस हेतु उडनदस्ता वाहन के माध्यम से चेतावनी दी जाने के साथ न.पा. कर्मचारीयों द्वारा निगरानी भी रखी जा रही है।

प्र.राजस्व अधिकारी महेश वर्मा ने बताया कि, निकाय द्वारा प्राप्त शिकायतों के निराकरण के उद्देश्य से शहर में अस्थाई अतिक्रमण हटाने की मुहीम निरंतर चलाई जा रही है। कसरावद रोड़ पर की गई कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे रखी बांस-बल्ली को जब्त कर, गुमटियों को हटवाया गया। रोड के समीप रखे कैरेट आदि सामग्री को जब्त करने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही को देखते हुए गुमटीधारको के द्वारा स्वयं ही अपने अतिक्रमणों को हटाए जाने की पहल भी की गई। उक्त कार्यवाही शहर के संपूर्ण मुख्य मार्गो पर लगातार जारी रहेगी, जिससे शिकायतो के निराकरण के साथ नागरिको को सुगम आवागमन भी मिलेगा। निकाय टीम में राजस्व अधिकारी महेश वर्मा ,प्र.राज.निरीक्षक राजेन्द्र चैहान व राहुल डांडोलिया, जोली पीटर, विवेक ठक्कर, राकेश डंडीर प्रदीप यादव व सफाई कर्मचारीगणों की उपस्थिति में कार्यवाही सपन्न हुई। उक्त कार्यवाही में न.पा. की सफाई संरक्षक टीम का भी सराहनीय सहयोग रहा।



एनटीपीसी खरगोन जिला स्तरीय अंडर-14 बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का रहा विजेता

खरगोन, (निप्र)। एनटीपीसी और बालिका सशक्तिकरण अभियान के लिए यह एक गर्व का क्षण है, जब बाल भारती पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी खरगोन की अंडर-14 बालिका हैंडबॉल टीम ने जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस जीत को और भी खास बनाता है, यह तथ्य कि टीम की कई खिलाड़ी जीईएम की प्रतिभागी हैं- जो एनटीपीसी की प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, खेल और जीवन कौशल के माध्यम से सशक्त बनाना है। विजेता टीम में निशा मंडलोई, शिवानी, मनीषा चैहान, प्रियंका चैहान, भारती, उर्वशी और प्रीति राठौर शामिल रही। ये सभी जीईएम कार्यक्रम की देन हैं और आत्मविश्वास, साहस एवं दृढ़ता की प्रतीक हैं। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि जीईएम जैसे कार्यक्रम कैसे बालिकाओं की प्रतिभा को निखारने और उनमें नेतृत्व कौशल विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इन बालिकाओं ने न सिर्फ अपने स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे समुदाय के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

पति ने की हैवानियत, ससुराल लौटी पत्नी को गर्म चाकू से दागा

खरगोन, (निप्र)। जिले के मेनगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अवरकच्छ की एक नवविवाहिता के साथ पति की क्रूरता मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। महिला का आरोप है कि पति के मना करने पर भी ससुराल गई थी, जिससे नाराज होकर उसने किचन में बंद कर गैस के चूल्हे पर चाकू को गर्म कर दोनों हाथों में जगह-जगह दागा, इससे गहरे जख्म हुए है। पति इस पर भी नही रुका उसने चाकू से दागने के बाद पिटाई भी की, जिससे गंभीर चोंट आने पर महिला को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

एसपी धर्मराज मीना ने बताया कि अवरकच्छ निवासी नवविवाहिता खुशबू की शादी 2 फरवरी 2025 को बड़वानी जिले के अंजड निवासी दिलीप नाम के युवक से हुई थी। महिला ने जैतापुर थाने पर शिकायत दर्ज कराई है कि रक्षाबंधन पर वह मायके आई थी। पति ने पारिवारिक विवाद होने पर उसे ससुराल वापस लौटने से इंकार किया था,



लेकिन ससुर के दुर्घटना में घायल होने की सूचना पर वह ससुराल चली गई थी, जिससे नाराज होकर पति ने रविवार रात को पति दिलिप पिपलीया ने गैस पर चाकू गर्म कर पूरे शरीर में दागा। पति का कहना था, कि वह उसे पसंद नही करता है। महिला ने शादी के बाद से ही मारपीट और दहेज की मांग का आरोप भी लगाया है। पति की पिटाई में घायल होने की सूचना मिलने पर खुशबू के परिजन उसे मायके लेकर आये है। जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। चुंकि महिला के साथ बड़वानी जिले में घटना हुई है, इसलिए बड़वानी पुलिस को भी मामले की जानकारी दी है।

आज घर- घर विराजेंगे विघ्नहर्ता, बप्पा की अगवानी को लेकर अपार उत्साह

खरगोन, (निप्र)। गणेश चतुर्थी पर शहर सहित समूचा अंचल गणेशमय हो जाएगा। बुधवार को गाजे-बाजे के साथ बप्पा घर, प्रतिष्ठान और पांडालों में विराजमान होंगे। इसी के साथ आगामी 10 दिनों तक गणेशोत्सव की धूम शुरू हो जाएगी। शहर में बप्पा की अगवानी को लेकर भक्तों में अपार उत्साह देखा जा रहा है। 50 से अधिक स्थानों पर छोटे- बड़े पांडाल सजाए गए है। गणेशोत्सव में कुंदा तट स्थित श्री सिद्धी विनायक मंदिर जहां आस्था का केंद्र होता है, तो वही ज्योति नगर का पांडाल में होने वाले धार्मिक आयोजन ओर बाप्पा की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र होती है। ज्योतिनगर में विशाल पांडाल सजाया गया है, जिसमें बाप्पा की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। गणेशोत्सव को लेकर युवाओं में उत्साह देखते ही बन रहा है। बच्चों और युवाओं की टोलियां पांडाल की सजावट को अंतिम रुप देने में जुटे है। बाजार में प्रतिमाओं के लिए भी जगह-जगह दुकानें सजाई गई है। इस वर्ष पीओपी से बनी प्रतिमाओं के बजाय मिट्टी की प्रतिमाएं ज्यादा पसंद की जा रही है। गणेश पर्व पर घर, प्रतिष्ठानों के साथ ही सार्वजनिक पांडालों में भगवान की प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है।



निमाड़ रेलवे संघर्ष समिति खरगोन में करेगा पांच जिलों का महासम्मेलन

खरगोन, (निप्र)। निमाड रेलवे संघर्ष समिती आगामी दिनों में जिले में पांच जिलों का महासम्मेलन आयोजित करेगी। इस आयोजन को लेकर सांसद गजेंद्र पटेल, राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, राज्यमंत्री श्रीमति सावित्री ठाकुर, अलीराजपुर सांसद श्रीमती सुनीता नागर सिंह चौहान से समिति सदस्य संपर्क कर रहे है। समिति संयोजक इंजी. राधेष्याम पाटीदार ने बताया कि उक्त जनप्रतिनिधियों से सहमति मिलने के बाद समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ ही सभी समाज के अध्यक्ष, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, सामाजिक संगठन, प्रबुद्धजन, व्यापारी प्रकोष्ठ, उद्योगपति, वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल मध्य प्रदेश, निमाड़ क्षेत्र के पत्र लेखक संगठन, पत्रकार, जिले के अधिकारी- कर्मचारी, निमाड़ महासंघ एवं अन्य समस्त संगठन आदि को आमंत्रित किया जाएगा। इस बैठक में सभी की सलाह लेकर समिति के उद्देश्य निमाड़ क्षेत्र में रेलवे के विकास और समस्याओं पर चर्चा करना और एक संयुक्त रणनीति बनाने पर विचार- विमर्ष किया जाएगा। सम्मेलन की तारीख और समय भी तय किया जाएगा।



सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार आवारा श्वानों का वैक्सिनेशन प्रारंभ

खरगोन, (निप्र)। शहर के आवारा श्वानों को प्रतिदिन नगरपालिका की टीम द्वारा पकड़े जाकर नगर के डाबरिया रोड़ स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर निर्मित हाउस में सुरक्षित रखा जा रहा है। जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार जिला पशु चिकित्सालय के अनुभवी डॉक्टरों के माध्यम से वैक्सिनेशन का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नगरपालिका द्वारा वर्तमान में लगभग 489 श्वानों को पकड़कर उनका वैक्सिनेशन करने के पश्चात वापस पूर्व स्थान पर छोड़ा जा रहा है।





पीएम आवास किस्त के लिए सचिव ने मांगें 20 हजार, जनसुनवाई में पहुंची शिकायत

खरगोन, (निप्र)। कलेक्टर कार्यालय परिसर में जनसुनवाई के दौरान जिलेभर से आए 82 आवेदकों ने अपनी समस्या और षिकायतमूलक आवेदन अधिकारियों को निराकरण के आस में सौंपे है। जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह, संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी, एसडीएम विजेन्द्र कटारे, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार आगास्या एवं अनिल जैन ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

कसरावद तहसील की ग्राम पंचायत सेलानी के जावद निवासी सुरजेश पिता इटिया आवास योजना की पहली किस्त दिलाने व जगह चयनित करने के नाम पर सचिव द्वारा 20 हजार रुपये मांगने की शिकायत लेकर आया था। सुरजेश का कहना है कि उनका नाम 10 माह पूर्व कुटीर सूची में आया था, पर पंचायत सचिव धमेंद्र उनसे रुपये देने पर ही योजना का लाभ दिलाने कहता है। सुरजेश का कहना है कि उसने कई बार फोन व व्यक्तिगत रूप से निवेदन किया, लेकिन सचिव रुपयों की ही मांग करता है। उसने इस बात की रिकॉर्डिंग होना भी बताया।

जनसुनवाई में ग्राम सिनगुन निवासी लखन मण्डलोई ने वाग्देवी स्कूल खरगोन पर उनके पुत्र मोक्ष मण्डलोई का नाम नहीं काटने की शिकायत लेकर आया था। लखन का कहना है कि मोक्ष 01 माह स्कूल गया था, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक न होने से उन्होंने बेटे की पढ़ाई गांव के स्कूल से करवाई और वाग्देवी स्कूल से नाम काटने का निवेदन किया था। लेकिन संस्था ने फीस के लिए मोक्ष का नाम पोर्टल पर पहली कक्षा में प्रमोट कर दिया।

अष्टम केबिनेट समारोह में एलसीआईएफ कॉर्डिनेटर ला. अनीता जैन के सेवा कार्यों को मिली सराहना

सनावद, (निप्र)। लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 का अष्टम केबिनेट संस्थापन एवं ताजपोशी समारोह इंदौर में भव्यता और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि एवं संस्थापन अधिकारी अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ला. ए.पी. सिंह ने वर्ष 2025-26 की डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट टीम को शपथ दिलाई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ. लायन अनिल खंडेलवाल ने 41 एम.जे.एफ., 21 नए लायंस क्लब और 10 नए लियो क्लब की सौगात देकर जिले को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। इस समारोह में एलसीआईएफ कॉर्डिनेटर ला. अनीता भागचंद जैन के सेवा कार्यों को सराहा गया।

इस समारोह की सबसे प्रेरणादायी बात रही कि एलसीआईएफ कॉर्डिनेटर ला. अनीता भागचंद जैन की अद्भुत उपस्थिति, उनकी गरिमामयी मौजूदगी ने न केवल आयोजन को और अधिक अर्थपूर्ण बनाया बल्कि उपस्थित प्रत्येक लायन साथी के हृदय में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया। उनकी



सामाजिक सेवाएँ, मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी विचारधारा और सकारात्मक कार्यों की प्रतिबद्धता आज पूरे लायंस परिवार के लिए आदर्श बन चुकी हैं। समाज में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सेवा की दिशा में उनके योगदान को विशेष रूप से सराहा गया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगान, जिला गान, ध्वज वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वागत भाषण ऑगेर्नाइजेशन चेयरपर्सन ला. स्वपन खंडेलवाल ने दिया। विशेष उद्बोधन ला. कमलेश जैन, ला. वी.के. लड़िया और ला. विनोद अग्रवाल ने दिया। इंटरनेशनल डायरेक्टर ला. संगीता जटिया ने नए लायंस क्लब को चार्टर प्रदान किया, जबकि इंटरनेशनल डायरेक्टर ला. रमेश प्रजापति ने नए लियो क्लब्स का सम्मान किया। डिस्ट्रिक्ट टीम में फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी, सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राम जाट, कैबिनेट सचिव लायन संजय डिंग डांग, कैबिनेट सचिव सिद्धार्थ बंसल, और कैबिनेट कोषाध्यक्ष लायन विनोद जोशी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर लायन नाजिम मलिक और लायन हर्षा शर्मा की उपस्थिति ने भी समारोह को विशेष महत्त्व प्रदान किया। उनके समाजसेवा के योगदान और समर्पण की भावना को मंच से सराहा गया। हजारों की तादात में परिधि से आए लायन साथियों की मौजूदगी ने इसे केवल एक संस्थापन नहीं बल्कि सेवा और सहयोग का उत्सव बना दिया। यह आयोजन साबित करता है कि लायंस क्लब केवल संगठन नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और मानवीय मूल्यों की जीवंत परंपरा है, जिसे और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने में ला. अनीता भागचंद जैन जैसी प्रेरणादायी हस्तियाँ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। लायन विनोद जोशी लायन एन के मेहता लायन के सी खंडेलवाल अनिल मोदी एवं स अध्यक्ष भागचंद जैन रजनीश जैन अनिल अजरि विजय राठौड़ उपस्थित थे।

एक नजर



मिट्टी के गणेश बनाने का दिया प्रशिक्षण

खंडवा ,(निप्र)। अभिनव पब्लिक स्कूल में गुरुवार को गुरु-पुष्य नक्षत्र के विशेष योग में प्रधान पाठिका महोदया श्रीमती श्वेता साकल्ले ने छात्र-छात्राओं को मिट्टी के गणेश बनाना सीखाया । जिसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और मिट्टी के विभिन्न प्रकार के गणेश जी को आकार दिया।इस कार्य में सभी शिक्षकों ने बच्चों को सहयोग प्रदान किया। यह इनके लिए अनुभव था। शिक्षकों ने मिट्टी के गणेश बनाने के महत्त्व के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य नारायण प्रसाद शर्मा ने बताया कि मिट्टी से बने गणेश जी इको फ्रेंडली व केमिकल फ्री होते हैं। यह प्रकृति के अनुकूल होते हैं । मिट्टी से बने इनका विसर्जन घर के गमलों में आसानी से किया जा सकता है। सभी छात्र-छात्राओं को संस्था अध्यक्ष विजय कुमार मंत्री, सचिव बी.डी.अग्रवाल, शिक्षा समिति अध्यक्ष डॉ. डी. पी. अग्रवाल ने बधाई प्रेषित की।



ग्रामीण क्षेत्रों कांग्रेस जिलाध्यक्ष का स्वागत

भाजपा कार्यकर्ता ने भाजपा छोड़ की कांग्रेस जॉइन

खंडवा ,(निप्र)। मंगलवार 26 अगस्त को खंडवा जिला की पंधाना विधानसभा पर छैगांव माखन ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा देशगांव व छैगांव माखन में कार्यकताओं द्वारा नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी खंडवा ग्रामीण के अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी का स्वागत कार्यक्रम ग्रामीणों द्वारा रखा गया था। जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष उत्तमपाल पाल सिंह द्वारा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मजदूरों, किसानों व युवाओं की समस्याओं को उनकी आवाज बनकर उठाना है, आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पंचायत स्तर तक जाकर समीतियां गठित करना है, श्री सिंह ने छैगांवमाखन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के परिश्रम से आने वाले चुनावों में कांग्रेस की सरकार बनाकर परचम लहराना है। क्योंकि राहुल गांधी जी ने जिला अध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए हैं और कहा है आपको मजबूती से कार्य करना है ,हरसवाड़ा।





त्योहार के अवसर पर सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर बैठक

-गणेश उत्सव त्योहार के दौरान पुलिस सहायता हेतु दफकोड आपकी सुरक्षा-हमारी जिम्मेदारी का किया गया विमोचन

-आगामी त्योहारों को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा ली गई आसूचना संकलन की बैठक

खंडवा ,(निप्र)। पुलिस नियंत्रण कक्ष मे पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा आगामी त्योहार गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस, ईद-मिलाद-उन-नबी, अनंत चतुर्दशी के संबंध मे बैठक आयोजित की गई, जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव कुमार बारगे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल सिंह चौहान, एसडीओपी हरसूद श्री लोकेन्द्र सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अनिल कुमार राय सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे दिनांक 27.08.25 को हिन्दू समुदाय द्वारा गणेश प्रतिमा की स्थापना कर गणेश उत्सव पर्व 11 दिवस तक मनाया जावेगा। इन 11 दिवसों में हिंदू समुदाय द्वारा गणेश जी की पूजा अर्चना की जाती है और ग्यारवे दिन दिनांक 06.09.25 को अनंत चतुर्दशी (गणेश विसर्जन) के दिन गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जायेगा। 03.09.25 को डोल ग्यारस का त्योहार तथा दिनांक 05.09.25 को मुस्लिम समुदाय द्वारा हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस (ईद-मिलाद-उन-नबी) का त्यौहार भी मनाया जायेगा। उपरोक्त त्यौहारों के दौरान संवेदनशील क्षेत्रो एवं भीड भाड वाले स्थानों में विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले मे त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारों तथा थाना व चौकी प्रभारियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि गणेश पंडाल की स्थापना नवीन स्थान पर न की जाऐ साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए बाउन्ड ओवर की कार्यवाही की जाऐ थाना एवं बीट स्तर पर शांति समिति / मोहल्ला समिति की बैठक के साथ साथ गणेश पांडाल आयोजकों की बैठक लेकर त्योहार को शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाने के निर्देश दिए गऐ गणेश पांडलों मे सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीसीटीव्ही लगाने तथा वॉलेंटियर्स रखने के निर्देश दिए गऐ पंडाल मे लगे बिजली कनेक्सन चेक किया जाए कोई भी खुली तार ना रहे अग्नि दुर्घटना एवं विद्युत दुर्घटना से बचाव की समुचित व्यवस्था की जाऐ विसर्जन स्थल पर समुचित प्रकाश व्यवस्था व गोताखोर की व्यवस्था संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर व्यवस्था सुनिश्चित की जाऐ साथ ही सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने स्टाफ के साथ गणेश उत्सव पर्व के दौरान सतत रूप से भ्रमण करने के निर्देश दिए गऐ। आगामी त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए, आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने वालो के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की जाऐ जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार से आपत्तिजनक नारे ना लगाने तथा आपत्तिजनक झण्डे का उपयोग ना करने के निर्देश किए गऐ लाउडस्पीकर/डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित है अनुमति लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों मे केवल दो बॉक्सो का नियमानुसार उपयोग किया जाऐ

जिले मे पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा नवाचार करते हुए गणेश उत्सव के दौरान आम जनता को किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता प्राप्त करने हेतु सभी सार्वजनिक गणेश पंडालों पर दफकोड स्थापित किया गया है दफकोड को स्केन कर अपनी समस्या लिख कर भेज सकते है, जिस पर तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी पुलिस कंट्रोल रूम मे पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा दफ कोड का विमोचन किया गयो

पुलिस अधीक्षक द्वारा खंडवा शहर मे महिलाओ की सुरक्षा हेतु दुगार्वाहिनी का गठन किया गया है, जिसकी प्रभारी निरीक्षक सुलोचना गहलोत महिला थाना प्रभारी को बनाया गया है जो अपनी टीम के साथ शहर के प्रमुख स्थानों एवं प्रमुख पंडालों का भ्रमण कर महिलाओ की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेगी



हरतालिका तीज का व्रत रखा

खंडवा ,(निप्र)। आशापुर में मंगलवार हरतालिका तीज का व्रत महिलाओं ने रखा यहां पर गांव के अनिल पाटिल के यहां पर महिलाओं ने रेत से बने शिवलिंग का पूजन गांव के पंडित रुपेश जोशी के द्वारा विधि विधान के साथ पूजन संपन्न कराई गई है मंगलवार होने से हरतालिका तीज का महत्व और बढ़ गया गांव की महिलाओं ने रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन भी किया गांव के प्राचीन श्री राम मंदिर में भी महिलाओं ने शिवलिंग का पूजन किया और रात्रि जागरण किया

CANTONMENT BOARD MHOW
TENDER NOTICE (III time)

Phone 07324-273226
Fax-07324-229012

No.CBMHOW/GARDEN/2025-28
Office of the Cantonment Board
Mhow, District Indore (MP)

Date 20-08-2025

Cantonment Board Mhow (MP) herby invites e-tenders from the Contractors/ Agencies for Term Contract for Maintenance of various gardens under the management of Cantonment Board Mhow for the year 2025-28 The intrested Contractors/ Agencies may visit the website portel at defproc.gov.in for eligibillity criteria, detailed tender notice, terms & conditions and other details.

Sino	Name of Work	Earnst Money
1	Term Contract for works & Maintance of various gardens under the managment of Mhow Cantonment Board for the Year 2025-28	Rs 263000/

2. Important Dates
Tender publishing/downloading Date 21-08-2025
Bid submission start Date 21-08-2025
Bid submission end Date 12-09-2025 1000 hrs
Bid opening Date 13-09-2025 1500 hrs
Refer defproc.gov.in
3. The tenders can be submitted online only and physical tenders will not be accepted under any circumstances.

(VIKASH KUMAR)
Chif Executive Officer
Mhow Cantonment

Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited
CIN: L24219MP1982PLC004937
Regd. Office : A.B. Road, Village Nimrani, Tehsil Kasrawad, Dist. Khargone-451569 (M.P.) Phone: 0731-4753666
E-mail: secretarial@kcfl.in, Website: www.kcfl.co.in

NOTICE TO SHAREHOLDERS
SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUESTS OF PHYSICAL SHARES

In terms of SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated July 02, 2025, the transfer requests of physical shares which were rejected and returned to the lodger prior to April 01, 2019 and were not re-lodged before the extended time line of March 31, 2021, due to deficiency in the documents/process/or otherwise, can be re-lodged after rectifying the errors, for registration of transfer from July 07, 2025 to, January 06, 2026 with our Registrar and Share Transfer Agents (RTA), i.e., **M/s. Ankit Consultancy Private Limited** at their office at 60, Electronics Complex, Pardeshipura Indore-452010 (M.P) and sending a scan copy of the same at their e-mail **investor@ankitonline.com** with copy marked to **secretarial@kcfl.in**

Transferred Shares will only be issued in demat mode once all the documents are found in order by RTA. The lodger must have a demat account and provide its Client Master List ('CML'), along with the transfer documents and share certificate, while lodging the documents for transfer with RTA.

Transfer requests submitted after **January 06, 2026** will not be accepted by the Company/RTA.

For **Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited**
Sd/-
Sejal Maheshwari
Company Secretary & Compliance Officer

Place : **Indore**
Date : **26.08.2025**

महिलाओं ने रखा निर्जल उपवास

-पति की लंबी उम्र और अच्छे गृहस्थ जीवन की कामना

-भगवान शिव की पूजा के लिए मंदिरों में लगी महिलाओं की भीड़



खंडवा ,(निप्र)। श्रीगणेश चतुर्थी के एक दिन पूर्व भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाले हरतालिका तीज व्रत पर नगर के सभी मंदिरों में एवं घरों में महिलाएं व कुंवारी कन्याओं ने निर्जला रहकर भगवान शिव पार्वती एवं गणेश की पूजा अर्चना कर हरतालिका तीज का उपवास रखा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बजरंग चौक स्थित मुनिबाबा मंदिर, नंद विहार कालोनी के श्री नंदेश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं ने मंगलवार हरितालिका तीज पर बालू रेत से बनी भगवान शिव पिंडी का पूजन बिल्व पत्र, धतूरा व सुहाग की सामग्री चढ़ाकर अच्छे गृहस्थ जीवन एवं अपने पति की लंबी उम्र की कामना एवं कुंवारी कन्याओं ने अच्छे पति की कामना की भगवान भोलेनाथ से की।

पूजन पश्चात महिलाओं ने मुनि बाबा मंदिर में पंडित नवीन शर्मा द्वारा महिलाओं को पूजन कराकर कथा सुनाई गई। वही श्री नंदेश्वर महादेव मंदिर में व्रत की कथा सुनी। पंडित नवीन शर्मा जी ने कथा वाचन करते हुए कहा कि मां पार्वती ने अपने पूर्व जन्म में भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए हिमालय पर गंगा के तट पर अपनी बाल्यावस्था में अधोमुखी होकर घोर तप किया। इस दौरान उन्होंने अन्न, जल का सेवन नहीं करते हुए निर्जला व्रत किया। काफी समय सूखे पत्ते चबाकर काटी और फिर कई वर्षों तक उन्होंने केवल हवा पीकर ही व्यतीत किया। माता पार्वती की यह स्थिति देखकर उनके पिता अत्यंत दुखी थे। इसी दौरान एक दिन महर्षि नारद भगवान विष्णु की ओर से पार्वती जी के विवाह का प्रस्ताव लेकर मां पार्वती के पिता के पास पहुंचे, जिसे उन्होंने सहर्ष ही स्वीकार कर लिया। पिता ने जब मां पार्वती को उनके विवाह की बात बतलाई तो वह बहुत दुखी हो गई और जोर-जोर से विलाप करने लगी। फिर एक सखी के पूछने पर माता ने उसे बताया कि वह यह कठोर व्रत भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कर रही हैं जबकि उनके पिता उनका विवाह विष्णु से कराना चाहते हैं।

तब सहेली की सलाह पर माता पार्वती घने वन में चली गई और वहां एक गुफा में जाकर भगवान शिव की आराधना में लीन हो गई। भाद्रपद तृतीया शुक्ल के दिन हस्त नक्षत्र को माता पार्वती ने रेत से शिवलिंग का निर्माण किया और भोलेनाथ की स्तुति में लीन होकर रात्रि जागरण किया। तब माता के इस कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें दर्शन दिए और इच्छानुसार उनको अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया। मुनिबाबा मंदिर के ट्रस्टी व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मान्यता है कि इस दिन जो कुंवारी कन्याएं विधि-विधानपूर्वक और पूर्ण निष्ठा से इस व्रत को करती हैं, वह अपने मन के अनुरूप पति को प्राप्त करती हैं। साथ ही यह पर्व दांपत्य जीवन में खुशी बरकरार रखने व अपने पति की लंबी उम्र की कामना के उद्देश्य से भी मनाया जाता है। इस दिन मेहंदी लगाने और झुला-झूलने की प्रथा भी है। शहर के सभी मंदिरों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हरतालिका तीज की पूजा की एवम रात्रि में जागरण कर भगवान के भजनों की प्रस्तुति दी गई। सुबह आरती कर महिलाओं ने बालू से बने शिवलिंग का विसर्जन किया।

जैन छात्र कल्याण सम्मान से सम्मानित

खंडवा ,(निप्र)। नव प्रज्ञा काव्य फाउंडेशन द्वारा शिक्षक आनंद कुमार जैन को छात्र कल्याण सम्मान 2025 प्रदान किया गया। श्री जैन लगातार 25 वर्षों से अध्यापन कार्य कर रहे है। आप निश्चित कक्षा लेने एवं पाठ्यक्रम पूर्ण करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के हितार्थ अनेक योजनाओं का संचालन कर रहे है।

न्यायालय तहसीलदार तहसील जूनी इंदौर, जिला-इंदौर

उदघोषणा

क्रमांक 1964/रीडर/2024 इंदौर दिनांक 03/07/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकपक्ष नमन परचानी पिता जयकिशन परचानी, मयंक परचानी पिता जयकिशन परचानी निवासी-58, शांति निकेतन ग्राम निरंजनपुर, इंदौर ने अनावेदकपक्ष किशोर सेवानी पिता आसुदाराम सेवानी निवासी-501, विशाल एमिनेंस 60, अहिल्यामाता रानिसती, वाय.एन. रोड, इंदौर, मोहित लालवानी एच.यु.एफ. तर्फे कर्ता मोहित लालवानी पिता विनोद लालवानी निवासी 15, साकेत नगर इंदौर के विरुद्ध मप्र भू राजस्व संहिता की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र क्रमांक टद 179132024 अ 1218664 दिनांक 21/02/2024 के आधार पर राजस्व ग्राम पिपल्याहाना स्थित भूमि खसरा क्रमांक 589/9/4/3 का भाग क्रमांक बी 7 रकबा 0.037 भूमि पर राजस्व अभिलेख में नामान्तरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है। अतः आवेदित भूमि पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस न्यायालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर प्रस्तुत करे। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22/8/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी

आरसीएमएस प्रकरण क्रमांक
0731/अ-6/2025-26
तहसीलदार , तहसील जूनी इंदौर

In The Court of IX Civil Judge, Class-II, District Court Ratlam Presiding Officer: सुश्री आकांक्षा

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रकिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु।
(RCS A/0000309/2024)
वरूण दुबे ---------- वादी
Vs
सुनील दुबे ---------- प्रतिवादी
PN 68/19-08-2025 Process ID-125/2025
पेशी दिनांक 09/09/2025

प्रेषिती - (1) सुनील दुबे पिता मनोहरलाल दुबे निवासी- डाट की पुल के पास जिला रतलाम म.प्र.
(2) आशा दुबे पति सुनील दुबे निवासी- डाट की पुल के पास जिला रतलाम म.प्र.

यह कि प्रार्थी वरूण दुबे ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अन्तर्गत वाद बाबत् घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 18 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

टिप्पणी (कृपया ध्यान दें):- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(आकांक्षा)
नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, रतलाम (म.प्र.)

न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी जूनी इंदौर क्षेत्र जिला इंदौर (मप्र)

प्रकरण क्रमांक,//बी-121/2025-26
इंश्तहार

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सनशाईन रेसीडेंशियल सोसायटी तर्फे अध्यक्ष श्री उत्कर्ष भार्गव पता गोल्डन पॉम स्कीम नं. 136 इंदौर दवारा सनशाईन रेसीडेंशियल सोसायटी के नाम से समिति/सोसायटी/संस्था पंजीकृत करने के लिये मध्यप्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व अधिनियम 2000 की धारा 18 के अधीन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव सूचित किया जाता है कि उक्त समिति/सोसायटी/संस्था के पंजीयन के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो न्यायालय जूनी इंदौर कक्ष क्रमांक 204 में आगामी तिथि दिनांक 08/09/2025 को दोपहर 02.00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत करे। समयावधि बाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/08/2024 को पदमुद्रा से जारी समिति/सोसायटी/संस्था के बोर्ड पर चस्पा की जावे।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी जूनी इंदौर क्षेत्र जिला इंदौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का नाम समस्त दस्तावेजों में पंकज कुमार मालवी पिता श्री सुदर्शन कुमार मालवी है और मेरे पक्षकार का नाम 10वीं कक्षा की मार्कशीट में पंकज मालवी हो गया है लेकिन मेरे पक्षकार का नाम पंकज कुमार मालवी ही है और पंकज मालवी व पंकज कुमार मालवी पिता सुदर्शन कुमार मालवी दोनो ही नाम मेरे पक्षकार के ही होकर एक ही व्यक्ति है तथा पंकज कुमार मालवी के नाम से ही मेरे पक्षकार को जाना-पहचाना जाता है।

दिनांक 26-08-2025

हस्ताक्षर अभिभाषक
Pankaj Katkani
High CourtAdvocate
63 Dhanmandi Ratlam MP
मो. 8766205044
9425365026

G. G. AUTOMOTIVE GEARS LIMITED
CIN: L29130MP1974PLC035049
Registered Office: 2-A, I.S. Gajra Industrial Area-1, A.B. Road, Dewas, Dewas, Madhya Pradesh, India, 455001
Email: compliance@ggautomotive.com, Website: www.ggautomotive.com
Phone No.: 07272-404481 / 694003

51वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग सूचना

हमारे द्वारा सूचित किया जाता है कि जी. जी. ऑटोमोटिव गियर्स लिमिटेड की 51वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') गुरूवार, 18 सितंबर, 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे (भारतीय मानक समय) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि एजीएम की सूचना में निर्धारित अनुसार कार्य किया जा सके।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') ने अपने परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD- 2/P/CIR/ 2024/133 दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 ("सेबी परिपत्र') और सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024, जिसे कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (MCA) द्वारा जारी किया गया है, के माध्यम से शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट और बैठकों की सूचना की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता समाप्त कर दी है। तदनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ 51वीं एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेजी गई है जिनके ईमेल पते कंपनी / कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ('रजिस्ट्रार') / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ('डीपी') के पास पंजीकृत हैं। वार्षिक रिपोर्ट का इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण सोमवार, 25 अगस्त, 2025 को पूरा हो गया है। वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 कंपनी की वेबसाइट https://ggautomotive.com, स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और https://evoting.purvashare.com की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

इसके अलावा, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ('सेबी सूचीबद्धता विनियम') के विनियम 36(1)(बी) के अनुसार, कंपनी उन शेयरधारकों को एक पत्र भेजेगी जिनके ई-मेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार/डीपी के पास पंजीकृत नहीं हैं, जिसमें कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 तक पहुँचने के लिए वेबलिंक प्रदान किया जाएगा।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 42 के अनुसार, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर शुक्रवार, 12 सितंबर, 2025 से गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 (दोनों तिथियाँ) तक बंद रहेगा। 51वीं वार्षिक आम बैठक (51वीं वार्षिक आम बैठक सहित) के लिए।

सदस्यों को पूर्वा शेयर रजिस्ट्री (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (पूर्वा) द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके 51वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिए गए सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। रिमोट ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 15 सितंबर, 2025 को सुबह 9:00 बजे (भारतीय मानक समय) से शुरू होकर बुधवार, 17 अगस्त, 2025 को शाम 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तिथि, गुरुवार, 11 सितंबर, 2025 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग के निर्देश वार्षिक आम बैठक बुलाने की सूचना के नोट्स में विस्तृत हैं, और यह https://evoting.purvashare.com/ पर भी उपलब्ध है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने श्री हेमंत शेट्ये को, जिनकी सदस्यता संख्या FCS है, नियुक्त किया है। -2827 और सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस संख्या 1483, मेसर्स एचएसपीएन एंड एसोसिएट्स एलएलपी के नामित भागीदार और उनके न होने पर, श्री कुणाल सकपाल, जिनकी सदस्यता संख्या ACS-75123 और सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस संख्या 27860 है, मेसर्स एचएसपीएन एंड एसोसिएट्स एलएलपी के भागीदार, कंपनी सचिव, को 51वीं वार्षिक आम बैठक से पहले रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया और 51वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से जाँच करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

किसी भी स्पष्टीकरण और सहायता के लिए, कृपया पूर्वा शेयर रजिस्ट्री (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में हमारे निवेशक संबंध विभाग से ईमेल support@purvashare.com पर संपर्क करें। आगे के शेयरधारक प्रश्न या इलेक्ट्रॉनिक मोड में सेवा अनुरोध केवल वेबसाइट के माध्यम से ही उठाए जा सकते हैं, जिसका लिंक https://purvashare.com/investor/login/ या 022 4134 3255/56 है।

वास्ते जी.जी. ऑटोमोटिव गियर्स लिमिटेड
लता नारंग
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्या A66669

स्थान: देवास, एमपी
दिनांक: 26/08/2025

चर्चा परिचर्चा के साथ काव्य पाठ का आयोजन

खंडवा ,(निप्र)। सुरभि साहित्य अकादमी एवं ककस के संयुक्त तत्वाधान में चर्चा परिचर्चा एवं काव्य पाठ का आयोजन पार्वती बाई की धर्मशाला में हुआ।मुख्य अतिथि विजय बागड़ी छंद- ज्ञाता (कटनी),अनिल कुमार मिश्र गीतकारकटनी ,लखन डेहरिया



गजलकार नरसिंहपुर रहे ।विशिष्ट अतिथि-ओम प्रकाश बरोले एवं देवेंद्र जैन रहे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि काव्य पाठ की अध्यक्षता-डॉ जगदीशचंद चौरे ने की ।हास्य व्यंग्यकार सुनील उपमन्यु ने तीनो खण्डवा पधारे अतिथियो का परिचय देते हुए उपस्थित सभी साहित्यकारो का शाब्दिक स्वागत करते हुए कहा कि छंद,गजल गीत की बारीकियों को पधारे अतिथि से जानेंगे।इस अवसर पर विजय बागड़ी,अनिल मिश्रा एवं लखन डेहरिया का सम्मान पत्र एवं पुष्पमाला से जगदीश चंद चौरे,देवेंद्र जैन एवं सुरेंद्र गीते द्वारा अभिनंदन किया गया ।पश्चात छंद,गीत गजल पर चर्चा हुई।उपस्थित कवियों में कविता विश्वकर्मावर्षा उपाध्याय,संदीप खरे,अशोकतारे,दीपक चाकरे,कमल दसौंधी,महेश मूलचंदानी,फारुख शेख, मोहसिन खान,राघव गीते देवेंद्र जैन, ओम प्रकाश बरोले ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए काव्यपाठ किया।अतिथियो ने अपने उद्बोधन में कहा कि छंद,गीत ,गजल को जितना तराशा जाए ,बारीकियों को समझा जाए उतना ऊत्तम होगा।

कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन
छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन

(Online) **निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञप्ति क्र./1126/Workshop/E-tender/2025/36 **उज्जैन, दिनांक 25-6-25**

निम्नांकित कार्य के लिए (Online) निविदा क्रमांक 2024_UAD_350472_7 आमंत्रित की जाती है, तथा टेन्डर फार्म राशि रु. 10000/-रहेगा।
निविदा प्रपत्र आनलाइन क्रय करने की अंतिम दिनांक 09.09.2025 समय 17.30 आनलाइन एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 09.09.2025 समय 17.30 रहेगी।
विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना आनलाइन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

क्र.	टेंडर फार्म का मूल्य	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मप्र भोपाल	अर्नेस्टमनी रु.	समय अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	10,000/-	Inviting rate for different type of tyre,tube or flap	50,00,000	Non-Sor	150000	365 दिवस

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, उज्जैन

एक नजर

गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को स्थानीय अवकाश घोषित

कलेक्टर ने वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए

गुना, (निप्र)। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा वर्ष 2025 के लिए गुना जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये है। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल की अधिसूचना में विहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए 27 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी 1 अक्टूबर 2025 बुधवार को महानवमी तथा 23 अक्टूबर गुरूवार को भाईदूज, दीपावली हेतु पूर्ण दिवस के लिए घोषित किये है। यह स्थानीय अवकाश बैंकए कोषालय व उप कोषालयों पर लागू नहीं होगा।



उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम अंतर्गत छात्र-छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

पीजी कॉलेज गुना में उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम का किया आयोजन

गुना, (निप्र)। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर एवं डॉप बीके तिवारी पीजी कॉलेज प्राचार्य के मार्गदर्शन में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत कार्यशाला एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यशाला में निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी के तिवारी एवं डॉक्टर आरआर माथुर जिला स्वास्थ्य अधिकार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज मिरोरिया के द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्बोधन में कहा कि परोपकार ही परम धर्म है एवं ईश्वर उपासना है। इसके पश्चात जिला किशोर स्वास्थ्य नोडल अधिकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर आर माथुर ने आभा आईडी के महत्व एवं योजना की जानकारी दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर बीके तिवारी ने छात्रों से अपील की कि अपनी समस्यों के बारे में। जिले से आई हुई टीम से खुलकर बात करें। जिला समन्वयक श्रीमती विनीता सोनी के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम उमंग हेल्प लाइन नंबर 14425 एचैट बोट मनहित ऐप एवं उमंग क्लीनिक के बारे में जानकारी दी। डा. अंकित रघुवंशी ने मानसिक स्वास्थ्य पर संपूर्ण जानकारी दी शारीरिक स्वास्थ्य के उपचार के बारे में सभी को बताया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों का ब्लड प्रेशर शुगरए सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण किये गये। लगभग एक सैकड़ा छात्र.छात्राओं का परीक्षण किया गया। मनहित एवं चैट बोट सभी छात्रों को इंस्टॉल कराया जा कर इस्तेमाल करने का तरीका सिखाए गए। साथ ही 69 छात्रों की आभा आईडी बनाई गई और अनेक छात्रों को आभा आईडी बनाना भी सिखाया गया। वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत पीजी कॉलेज गुना का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।कार्यक्रम में महाविद्यालय के उमंग हेल्थ एंड वेलनेस नोडल अधिकारी शैलेन्द्र शर्मा ने बताया स्वास्थ्य के प्रति हर व्यक्ति को जागरूक रहना चाहिए क्योंकि पूरे जीवन काल में व्यक्ति कभी न कभी बीमार होता है कही न कही हम सबको स्वास्थ्य सेवाएं कि आवश्यकता होती है।

नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लिया नशा मुक्त जीवन का संकल्प

बड़वानी, (निप्र)। नशा नास का द्वार है,जो मनुष्य नशा करता है वह समाज में हीन दृष्टि से देखा जाता है। नशा मुक्त समाज से ही हम विकसित भारत के संकल्प को साकार कर सकते हैं। यदि समाज से हमें अपराध को खत्म करना है तो हम सभी को नशा मुक्त भारत अभियान के संकल्प को मजबूती से समाज के प्रत्येक नागरिकों की सहभागिता करानी होगी। उक्त बातें स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रं. 1 में राष्ट्रीय नशा मुक्त भारत अभियान का अंतर्गत आयोजित नशा मुक्त भारत कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र श्रीमती नीता दुबे ने 200 से अधिक रासेयो स्वयं सेवकों, विद्यार्थियों व शिक्षकों को कही। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शास उत्कृष्ट उमावि क्रं. 1 के समन्वय से नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन रौनक सोलंकी, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, डॉ प्रकाश गढ़वाल, कार्यक्रम समन्वयक देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, डॉ आरएस मुजाल्दा, रासेयो जिला संगठक संस्था प्राचार्य आरएस जाधव के मार्गदर्शन व जगदीश गुजराती रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, अजय यादव नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान नशे से होने वाले दुष्प्रभाव तथा 1 से 31 अगस्त तक चलने वाले नशा मुक्त भारत अभियान की जानकारी देकर राष्ट्रीय हैल्प लाईन नंबर 14446 के बारे में बताया। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के ईई बंसकर स्पेशल एजुकेटर, प्रशांत भैरवे वोकेशनल काउंसलर, रवि शुक्ला, अकाउंटेंट, शेरसिंह दिवाकर, एमआरडब्ल्यू ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

विभिन्न समस्याओं से संबंधित 280 आवेदन प्रस्तुत किए



गुना, (निप्र)। जिला कलेक्ट्रेट में आज आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आज आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकनए बिजलीए पेंशनए नगरपालिकाए स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गयेए जिनका निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर श्री कन्याल ने दिये। आज इस दौरान लगभग 280 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गयेए जिनके त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

स्वास्थ्य सुविधाओं, आधार कार्ड का नागरिकों ने लिया लाभ- कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये हैए इसी क्रम में आज जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70. आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईवी की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया।

कलेक्टर द्वारा 3 आवेदकों को रेडक्रास के माध्यम से दी 5.5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता- कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहीमूलक योजनाओं में जहां हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गयाए वही जरूरतमंद परिवारों को तात्कालिक सहायता के रूप में रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। आज जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर द्वारा विभिन्न प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि के चैक संबंधित आवेदकों को रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदान किये। जिनमें आवेदक तखतसिंह सेन पुत्र जगन्नाथ सेन को इलाज के लिये कौशल्या यादव को पुत्र के इलाज के लिये एवं पिंकी बाई प्रजापति आवेदन प्रस्तुत कर इलाज के लिये आर्थिक सहायता राशि की मांग की गयी थी। उक्त तीनों ही आवेदनों में कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा 5.5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि के चैक रेडक्रास के माध्यम से प्रदान किए गए। आज इस अवसर पर अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, अनुविभागीय अधिकारी गुना श्रीमति शिवानी पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं प्र. सीएमओ सुश्री मंजुषा खत्री सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।



कलेक्टर के मार्गदर्शन में गुनिया नदी के पुनर्जीवन एवं पानी के निकासी के लिए कार्यवाही जारी

गुना, (निप्र)। गुनिया नदी के पुनर्जीवन हेतु जिला प्रशासन द्वारा गोपालपुरा एवं सिंगवासा से निकलने वाली गुनिया नदी एवं ओडिया नदी के गहरीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा गठित दलों द्वारा आज भगतसिंह कॉलोनी में गोपालपुरा मुक्तिधाम के पास बनाई गयी अवैध पुलिया को जेसीबी के मदद से तोड़ा गया। साथ ही संधू गार्डन का अवैध अतिक्रमण एवं पुलिया को तोड़ा गया। राजस्व विभाग की टीम द्वारा गोपालपुरा मुक्तिधाम पर सीमांकन का कार्य किया जा रहा है।आज इस अवसर पर नायब तहसीलदार श्री नरेन्द्र यादव एवं श्री एम एल पंथी सहित नगर पालिकाए उद्यानिकीए जल संसाधन विभाग की टीम उपस्थित रही।

कलेक्टर श्री कन्याल ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि गुनिया नदी का संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम आज इस जनहित के कार्य में सहयोग करेंगे तो भविष्य में बाढ़ जैसी आपदाओं से बचा जा सकेगा। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा जताई।

नगर पालिका ने की तालाबंदी की कार्रवाई

बकायादारों से की अपील



बड़वानी, (निप्र)। निकाय में राजस्व वसूली के लिए 21 अगस्त को समीक्षा बैठक रखी गई। जिसमें अध्यक्ष प्रतिनिधि निक्कू चैहान एवं सीएमओ श्रीमती सोनाली शर्मा द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार शहर में बड़े बकायादारों जलकर, सम्पत्तिकर, भवन भूमि किराया दुकान प्रीमियम आदि वसूली के संबंध में निकाय कर्मचारियों द्वारा बड़े दुकान किराया/प्रीमियम बकायादारों की तालाबंदी की कार्रवाई की गई।

इसी तरह नल कनेक्शन बकायादारों के भी नल विच्छेद किए जा रहे हैं। साथ ही दुकान प्रीमियम की बकाया राशि जमा नहीं करने पर राशि राजसात की जाकर नीलामी की कार्रवाई भी की जा रही है। कई बकायादारों द्वारा अपनी बकाया राशि जमा करने के लिए चेक व नगरद राशि के माध्यम निकाय में जमा किए गए। इस संबंध में समस्त बकायादारों से अपील की जाती है कि अपनी बकाया राशि समय पर निकाय में जमा कर होने वाली असुविधा से बचे।

माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान अंतर्गत बनाए माटी के गणेश

गुना, (निप्र)। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान 20 अगस्त से 26 अगस्त तक मनाये जाने के निर्देश दिये गये है।

इसी क्रम में क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलगुरू प्रो. डॉ. किशन यादव के मार्गदर्शन एवं कुलसचिव डॉ. ललित कुमार नामदेव के निर्देशन में विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम के अतंर्गत मिट्टी के गणेश जी की भव्य मूर्तियाँ बनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी अदभुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा जल प्रदूषण के कारणों पर प्रकाश डालना था। छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व में निखार लाना व उन्हें धर्म संस्कृति से परिचित कराना भी उनके सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रभात चौधरी ने सभी विद्यार्थियों की सराहना की और इस कार्यक्रम में डीएसीण्डीएसीण डॉ. देवेन्द्र कुमार भडेरिया हिन्दू सिंह धाकड़, जितेन्द्र सिंह धाकड़, नेहा नंदा और विधि जैन एवं समस्त प्राध्यापक सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



कलेक्टर ने जनसुनवाई में 75 आवेदकों की सुनी समस्याएं

नीमच, (निप्र)। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 75 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, बी.एस.कलेश, सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में गोठडा के मदनलाल, भगवानपुरा के अजय कुमार, गिरदौड़ा के भरत, नई ननौर की वजीबाई, श्रीपुरा रामपुरा के देवीलाल, नीमच सिटी की निर्मलाबाई, धनेरियाकलां के रमेशचंद्र, चड़ौली के जगदीश, खजूरिया के रामचंद्र, मनासा की पायल, सुवाखेड़ा के कमलेश, नीमच सिटी की गुड्डीबाई, भाग्येश्वर मंदिर रोड नीमच के गोपालचंद्र, एकता कालोनी नीमच की दुलीसबाई, अठाना के अकबर ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

इसी तरह थड़ोली के पारस, पिपल्यारावजी की जमुना, नीमच सिटी के राहुल माली, मोड़ी के कारूलाल, कुचड़ौद की चंदाबाई, जावद की मुन्नीदेवी, लक्कड़ मण्डी नीमच के राजीव, पिपलिया नाथावत के लक्ष्मणसिह, धामनिया के अशोक कुमार, थड़ोद के नाथूनाथ ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए, जिस पर कलेक्टर श्री चंद्रा ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

विद्यार्थियों ने बनाई गणेश जी की प्रतिमा

बड़वानी, (निप्र)। स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं द्वारा मिट्टी के गणेश का निर्माण किया गया। इस अवसर पर बच्चों में अत्यधिक उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के स्थान पर मिट्टी के गणेश जी का निर्माण करना रहा, जिससे जल प्रदूषण को रोका जा सके और साथ ही विद्यार्थियों में गणेश जी की प्रतिमा के प्रति आत्मीयता एवं अपनापन भी विकसित हो।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी कला और सृजनात्मकता का परिचय देते हुए आकर्षक एवं पर्यावरण के अनुकूल गणेश जी की मूर्तियां तैयार की। कार्यक्रम में विशेष रूप से आशीष शुक्ला, जगदीश गुजराती, कैलाश बड़ोले, राजू डाबर, सुरेश अमझेरा, इंद्र कुमार यादव तथा अनिल मिश्रा उपस्थित थे। जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और पर्यावरण संरक्षण के लिए उनके प्रयास की सराहना की।



रेडक्रास चुनाव स्थगित करने का जिला कांग्रेस ने किया विरोध

रैली निकाल लगाए वोट चोर-वोट चोर के नारे, भारतमाता को अर्पित किया ज्ञापन

नीमच, (निप्र)। रेडक्रास नीमच के चुनाव मतदान के बाद स्थगित करने का कांग्रेस ने मंगलवार को जमकर विरोध किया। मामले में प्रशासन पर सत्तापक्ष के नेताओं और जनप्रतिनिधियों के दबाव में रेडक्रास के चुनाव स्थगित करने का आरोप लगाया है और रैली निकाल वोट चोर-वोट चोर के नारे लगाए और पोस्टर लहराए। साथ ही भारतमाता को ज्ञापन भी अर्पित किया गया।

मतगणना को रोक सोमवार देर रात्रि में लोकतंत्र का गला घोट कर रेडक्रास सोसायटी नीमच के चुनाव प्रशासन ने आपत्तियों का हवाला देते हुए स्थगित कर दिए थे, जिसके विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में एकत्र कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरूण बाहेती के नेतृत्व गांधी भवन से विरोध रैली निकली, जिसमें कांग्रेसजनों ने हाथों में वोट चोर, वोट चोर सहित विभिन्न स्लोगन लिखी तख्तियां और पोस्टर थाम रखे थे। इस दौरान कांग्रेसजनों ने जमकर नारेबाजी भी की। रैली गांधी भवन से शुरू हुई जो विजय टॉकीज चौराहा होते ही फोरजीरो चौराहा पहुंची। जहां भारत माता की प्रतिमा को ज्ञापन अर्पण किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि जिला प्रशासन की मिली भगत से रेडक्रॉस चुनाव स्थगित किए गए हैं इसलिए यह ज्ञापन जिला प्रशासन को देने का कोई औचित्य नहीं है इसलिए रेड क्रॉस चुनाव स्थगित करने के विरोध का यह ज्ञापन भारत माता के चरणों में अर्पित किया जा रहा है। प्रशासन ने सत्ता के दबाव में यह फैसला लिया है। बाहेती ने नीमच रेडक्रॉस चुनाव में संचालन करने वाले पीठासीन अधिकारी एसडीएम संजीव साहू को तत्काल निलंबित करने की भी मांग करी।

मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत बनाई प्रतिमाएं



पलसूद, (निप्र)। विद्या धाम इंटरनेशनल स्कूल में माटी गणेश,- सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत मिट्टी से श्री गणेश जी की प्रतिमा निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया । मिट्टी से गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण विद्याधाम परिवार सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमा का निर्माण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

चेयरमेन भैरव प्रसाद गोले के मार्गदर्शन में इस आयोजन को मूर्त रूप दिया गया, जिससे छात्र-छात्राओं में अपने पर्यावरण संरक्षणके के प्रति जागरूकता आए और अपने माता-पिता को भी वे इस अभियान में भागीदार बनने के लिए प्रेरित कर सकें। उन्होंने आमजन मानस को भी अपने पर्यावरण संरक्षण के लिए इस अभियान में सहभागिता देने का आह्वान किया।

विद्या धाम के तरुण कुमार गोले ने बताया की मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा माटी गणेश - सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया एव पर्यावरण संरक्षण के इस कार्यक्रम के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी। इस आयोजन के अंतर्गत छात्र छात्राओं के द्वारा कुल 31 गणेश जी की प्रतिमा का निर्माण किया गया। छात्रों के द्वारा स्वयं मिट्टी से बनाए गए गणेश जी की मूर्ति अपने घर ले जाकर उन्हें गणेश चतुर्थी में स्थापित करने और उनका 10 दिन तक पूजन अर्चन करने के पश्चात उनका विसर्जन करने का संकल्प लिया। साथ ही नगर परिषद पलसूद पुलिस थाना, शासकीय अस्पताल में विद्यार्थियो ने बनाए मिट्टी के गणेश देकर स्थापित करने हेतु सम्मान के साथ भेंट किए ! इस महत्वपूर्ण, आयोजन में विद्या धाम के निशी सिह, जय वर्मा, आरती कुशवाह सहित विद्यालय परिवार और छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता रही।



आज हर्षोल्लास और धूमधाम से होगी गणपति बप्पा की स्थापना

बड़वानी, (निप्र)। शहर में घर-घर और पांडालों में आज हर्षोल्लास और धूमधाम से गणेशजी की स्थापना की जाएगी। साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। आज से आगामी 10 दिनों तक घरों और पांडालों में विशेष कार्यक्रम के आयोजन होंगे। साथ ही प्रतिदिन सुबह और शाम के समय आरती और महाआरती कर श्रद्धालुओं में प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

गणेश उत्सव के चलते शहर में भी चहल-पहल बड़ गई है। वहीं शहर के दशहरा मैदान पर गणेश प्रतिमाओं की दुकानें सजाई गई हैं। सुबह से ही गणेशजी की प्रतिमाएं ढोल-ताशों के साथ भक्तों द्वारा ले जाई जाएगी। इस अवसर पर कोई जुलूस के रूप में तो कोई बाईक, बड़े वाहनों, ठेलागाड़ी सहित अन्य वाहनों में विराजित कर गणेश जी को धूमधाम से ले जाएंगे। गणेश उत्सव को लेकर बच्चों और युवा वर्ग काफी उत्साह नजर आया।

एएसपी ने ली आसूचना संकलन अधिकारियों की मासिक बैठक

त्योहारों को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी



बड़वानी, (निप्र)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आसूचना संकलन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की मासिक बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। उक्त बैठक एसपी जगदीश डावर के निर्देशन में एएसपी धीरज बब्बर ने ली। जिसमें विशेष शाखा प्रभारी निरीक्षक संदीप सुल्या, सउनि जीवन चांदेरे जिविशा एवं जिले के सभी थानों से जुड़े आसूचना संकलन अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में दिए गए मुख्य निर्देश - आगामी गणेश चतुर्थी, मिलाद-उन-नबी, डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी विसर्जन जुलूस एवं नवरात्रि को देखते हुए विशेष सतर्कता बरते। आसूचना संकलन कार्य में अधिक सक्रियता व गोपनीयता बनाए रखे। शोभायात्रा, गणेश पंडाल और विसर्जन स्थलों की सुरक्षा के लिए पूर्व तैयारी करें। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाए। साथ ही बैठक में अन्य निर्देश भी दिए गए। पुलिस प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि आगामी त्यौहारों को शांति, सौहार्द और सुरक्षा के साथ संपन्न कराने के लिए हर स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एक नजर



योग गुरु बाबा रामदेव ने किए महाकाल दर्शन

उज्जैन, (निप्र)। श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को योग गुरु बाबा रामदेव ने भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। नंदी हाल में बैठकर भगवान की शिव की आराधना कर विधिवत पूजा की। मंदिर समिति की ओर से उनका सम्मान किया गया। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में बाबा रामदेव ने कहा कि भगवान महाकाल की कृपा से सभी का जीवन सुखी और निरोगी रहे। देश फिर से स्वस्थ,समृद्ध और विकसित बने, यही प्रार्थना भगवान के चरणों में की है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने महाकाल मंदिर के दर्शन से लेकर सनातन गौरव की प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके प्रयासों से मंदिर की महिमा और भी बढ़ी है।

गौरीपुत्र गणेश आज विराजेंगे

शहर में 500 से अधिक पांडाल सजेंगे, चिंतामण गणेश मंदिर में प्रतिदिन 1 लाख लड्डुओं का लगेगा भोग

उज्जैन, (निप्र)। गणेश चतुर्थी पर्व पर लम्बोदर की अगवानी के लिए घरों में तैयारियां अंतिम दौर में है तो विभिन्न स्थानों पर मंगलमूर्ति की स्थापना को लेकर भक्तों में उत्साह है। शहर में 500 से अधिक स्थानों पर मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश की भव्य मूर्तियां स्थापित की जाएगी। सुबह से लेकर शाम तक आराधना का दौर चलेगा। इसके साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव की शुरूआत हो जाएगी।



भादौ शुक्ल पक्ष की चतुर्थी बुधवार को मंगलमूर्ति गौरी पुत्र गणेशजी विराजेंगे। शहर में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के पांडाल संज गए है। जहां 10 दिनों तक उत्सव और आराधना की जाएगी। पांडालो में रोशनी की जगमगाहट के साथ ही धार्मिक,सांस्कृतिक और खेलकूद के कार्यक्रम होंगे। प्रसिद्ध चिंतामण गणेश,मनकामन गणेश,बड़े गणेश,अष्ट विनायक मंदिर सहित अन्य गणेश मंदिरों पर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। चिंतामण गणेश मंदिर में प्रतिदिन एक लाख लड्डुओ का भोग लगाया जाएगा। इस तरह से 10 दिन में 10 लाख लड्डुओं का लगेगा भोग।

मंगलमूर्ति का होगा शुभ आगमन- बुधवार को गणेश चतुर्थी पर बप्पा का शुभ आगमन होगा। मंगलवार से ही गणेश प्रतिमाओं की बुकिंग शुरू हो गई थी। फ्रीगंज-गोपाल मंदिर के अलावा आगर रोड,नागझिरी, मक्सी रोड सहित कई स्थानों पर श्रीगणेश प्रतिमाओं की खरीदी का दौर चलता रहा। चोघड़िया अनुसार बुधवार को सुबह से शाम तक कई शुभ मुहूर्त हैं। सुबह 6.11 से 7.41 तक लाभ, 7.41 से 9.11 तक अमृत, 10.41 से 12.11 तक शुभ, दोपहर 3.11 से 4.41 तक चंचल और शाम 4.41 से 6.11 बजे तक पुनः लाभ का चोघड़िया रहेगा जिसमें श्रीगणेश स्थापना श्रेष्ठ रहेगा। पं.अमर डब्बावाला इस वर्ष स्थापना के समय तुला राशि में चंद्रमा रहेगा। मान्यता है कि तुला राशि के चंद्रमा में भद्रा का निवास पाताल लोक में होता है और पाताल लोक निवासिनी भद्रा को धन देने वाली माना गया है। ऐसे में इस योग में की गई गणेश साधना विशेष रूप से धन-लाभकारी रहेगी।

श्री महाराष्ट्र समाज उज्जयिनी में मनाया जाएगा 76वां गणेशोत्सव- गणेशोत्सव को 75 वर्षों से श्री महाराष्ट्र समाज उज्जयिनी द्वारा मनाया जा रहा है। 27 अगस्त गणेश चतुर्थी से प्रारंभ महोत्सव 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी तक चलेगा। सचिव संजय दिवटे ने बताया कि आज बुधवार को सुबह 10 बजे चल समारोह के साथ 10 दिवसीय गणेशोत्सव प्रारंभ होगा।



मुख्यमंत्री डॉ.यादव,केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन में होंगे शामिल।



रीगल टॉकिज परिसर में बनेगा शापिंग मॉल।

मुख्यमंत्री आज प्रदेश के द्वितीय वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे

सम्मेलन में आध्यात्मिक,सांस्कृतिक व धार्मिक विषयों पर होगा विचार विमर्श

उज्जैन, (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज बुधवार को प्रातः 10.30 बजे इंदौर रोड़ स्थित होटल अंजूश्री में आयोजित प्रदेश के द्वितीय वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन रूहमेंटिक का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। गुरु गौरांगदास प्रभु आध्यात्मिक उद्बोधन देंगे। सम्मेलन को पर्यटन मंत्रालय अपर सचिव एवं महानिदेशक सुमन बिल्ला और म.प्र.सरकार के प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला सहित वरिष्ठ अधिकारी भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में आध्यात्मिक पर्यटन पर पीएचडीसीसीआई-केपीएमजी की रिपोर्ट आस्था और प्रवाह, देश के पवित्र स्थलों में जनसमूह का मार्गदर्शन का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सरकार-उद्योग गोलमेज सम्मेलन,बुनियादी ढांचे को मजबूत करने,जिम्मेदार आतिथ्य और आध्यात्मिक पर्यटन में सांस्कृतिक संवर्धन पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श और सत्र का आयोजन किया जाएगा।

रीगल टॉकिज व्यावसायिक काम्पलेक्स का मुख्यमंत्री करेंगे भूमिपूजन- गोपाल मंदिर स्थित रीगल टॉकीज के विकास कार्य का मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा आज बुधवार को भूमि पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल का मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल,निगम अध्यक्ष कलावती यादव,नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा निरीक्षण किया गया। यहां पर नगर निगम द्वारा 25 करोड़ की लागत से जीप्लस वन व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण होगा। उक्त परिसर में 45 दुकान तथा शोरूम निर्मित होंगे इसके साथ ही बेसमेंट में 90 कारे एवं 70 दो पहिया वाहनों की पार्किंग की सुविधा रहेगी।

मुख्यमंत्री वीर दुर्गादास की छत्री के संवर्धन और विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन करेंगे- मुख्यमंत्री डॉ.यादव के मुख्य आतिथ्य में आज बुधवार को दोपहर 1 बजे वीर दुगार्दास की छत्री के संरक्षण,संवर्धन एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय गजेन्द्र सिंह शेखावत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी,प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल,सांसद अनिल फिरोजिया,राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज,विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल,नगर निगम सभापति कलावती यादव उपस्थित रहेंगे।



महापौर ने सायकल से किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, दिए निर्देश

देवासगेट बस स्टैंड एवं रेलवे परिसर के बाहर से अतिक्रमण हटाए जाएं

उज्जैन, (निप्र)। महापौर मुकेश टटवाल ने मंगलवार को एमआईसी सदस्यों एवं निगम के अधिकारियों के साथ सायकिल पर सवार होकर देवासगेट बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन परिसर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। अपने कहा कि यहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्रीगण एवं श्रद्धालु आते हैं इसलिए अतिक्रमण नहीं हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। यहां पर अक्सर बेतरतीब वाहन खड़े होने से यातायात बाधित रहता है। इस दौरान एमआईसी सदस्यसत्यनारायण चोहान,शिवेंद्र तिवारी, प्रकाश शर्मा, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्रसिंह पटेल, संजेश गुप्ता,सहायक आयुक्त राघवेंद्रसिंह पालिया, प्रवीण मुकाती,स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजयसिंह राठौर, कालूराम सोलंकी, स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश भाटी उपस्थित थे।

पैतृक सम्पत्ति के बंटवारे के बाद भी देवर द्वारा किया जा रहा अवैध निर्माण

महिला ने की जनसुनवाई में एडीएम को शिकायत



उज्जैन, (निप्र)। एडीएम शाश्वत शर्मा के द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में जनसुनवाई करते हुए प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में नामदारपुरा गली नं 5 निवासी उज्जैन निवासी सुनीताबाई मालवीय ने आवेदन दिया कि उनकी पति की पैतृक सम्पत्ति का आपसी सहमति से बंटवारा होने के बाद भी देवर व उसके बच्चों द्वारा उनके हिस्से में आए मकान में अवैध निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य को बंद करने के लिए कहा तो देवर भेरूलाल मालवीय व उसके परिजनों द्वारा अभद्र व्यवहार कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है,जिसके कारण पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान हो रहा है। एडीएम ने इस पर तहसीलदार उज्जैन नगर को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार खाचरौद के ग्राम नरसिंहगढ़ निवासी भेरूलाल ने आवेदन दिया कि गांव में उनके स्वामित्व की कृषि भूमि पर गांव के एक दबंग व्यक्ति के द्वारा कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया गया है। बड़नगर के ग्राम खरसौदखुर्द निवासी सत्यनारायण पाटीदार ने आवेदन दिया कि ग्राम पंचायत पलदुना के पूर्व सचिव के द्वारा शासकीय कार्य के लिए प्रदत्त राशि में अनियमतिता की गई है। उज्जैन निवासी रेखा सूर्या ने आवेदन दिया कि कई बार आवेदन किये जाने के पश्चात भी उनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। सभी संबंधित आवेदनों सहित अन्य आवेदनो पर तत्काल कार्रवाई के लिए अधिकारियों को एडीएम श्री शर्मा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पोहा बनाने की मशीन की चपेट में आने से महिला मजदूर की दर्दनाक मौत

उज्जैन, (निप्र)। आगर रोड स्थित दारु गोदाम के पास स्थित एक पोहा फैक्ट्री में मंगलवार को दोपहर में एक महिला मजदूर हादसे का शिकार होकर काल का ग्रास बन गई। घटना के बाद मृतका के शव को पीएम हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस में पोहा फैक्ट्री संचालक मयंक पिता जवरीलाल जैन के खिलाफ प्रकरण कायम कर मामला जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दारु गोदाम की गली में डायमंड पोहा कारखाना में काम करने वाली महिला मजदूर रुबीना पति सलीम शाह आयु 40 वर्ष पोहा मशीन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत की शिकार हो गई। घटना की जानकारी लगने के बाद पोहा फैक्ट्री के संचालक द्वारा महिला के शव को जिला चिकित्सालय पहुंचाया और फैक्ट्री पर ताला लगाकर फरार हो गया।



विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने बनाए मिट्टी के गणेश

रतलाम, (निप्र)। एकीकृत शासकीय नित्यानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धोसवास में विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा मिट्टी के गणेश भगवान को बनाया गया उच्च माध्यमिक शिक्षिका ललिता कदम ने विद्यालय की छात्र छात्राओं को बनाना सिखाया और मिट्टी के बने गणेश भगवान को ही पूजा में रखने का आव्हान किया श्री मति ललिता कदम ने बताया कि जब हम दस दिन बाद अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन करेगे तो मूर्ति पानी ने घुल जायेगी और पानी को कोई नुकसान भी नहीं देगी इस पर छात्र छात्राओं को शपथ भी दिलाई

इस अवसर पर विद्यालय परिवार की छात्र छात्राओं में भूमि भावना नीलम कृष्णा रानी आराधना रितिका ममता भाग्य श्री खुशी पायल मधु वंशिका निशिका संध्या प्रजापत हर्षित पाटीदार अंजनी जोशिका पूजा मुस्कान काजल तन्नू हिमाशी भावना डाली किरण माया मनीषा राही सलोनी अभय अपूर्व कुमुद महेंद्र सिंह विरेंद्र भारती संध्या चित्रलेखा माधव कपिल हिमांशु हर्षिता बेबी नामी चौधरी सहित प्राचार्य गोपाल वर्मा शिक्षिका तरूनम खान आदि मौजूद थे ।



विद्यार्थियों को मिट्टी के गणपति बनाना सिखाया

रतलाम। श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर में विद्यार्थियों को मिट्टी के गणपति बनाना सिखाया गया। प्रधानाध्यापिका सरला माहेश्वरी ने बताया कि शिक्षिका शीला व्यास ने 100 से अधिक विद्यार्थियों को मिट्टी से सुंदर गणपति बनवाए तथा उनका विसर्जन का तरीका सिखाया । इस अवसर बच्चों ने गणेश जी की आरती भी की।

न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी जूनी इंदौर क्षेत्र जिला इंदौर (मप्र)

प्रकरण क्रमांक /बी-121/2025-26

इश्तहार

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सनशाईन रेसीडेंशियल सोसायटी तर्फे अध्यक्ष श्री उत्कर्ष भार्गव पता गोल्डन पॉम स्कीम नं. 136 इंदौर द्वारा सनशाईन रेसीडेंशियल सोसायटी के नाम से समिति/सोसायटी/संस्था पंजीकृत करने के लिये मध्यप्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व अधिनियम 2000 की धारा 18 के अधीन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव सूचित किया जाता है कि उक्त समिति/सोसायटी/संस्था के पंजीयन के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो न्यायालय जूनी इंदौर कक्ष क्रमांक 204 में आगामी तिथि दिनांक 08/09/2025 को दोपहर 02.00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत करे। समयावधि बाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/08/2024 को पदमुद्रा से जारी।समिति/सोसायटी/संस्था के बोर्ड पर चस्पा की जावे।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी जूनी इंदौर क्षेत्र जिला इंदौर

In The Court of IX Civil Judge, Class-II, District Court Ratlam Presiding Officer: सुश्री आकांक्षा

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रकिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु।
(RCS A/0000309/2024)

वरूण दुबे ---------- वादी
Vs
सुनील दुबे ---------- प्रतिवादी

PN 68 19-08-2025 Process ID-125/2025 पेशी दिनांक 09/09/2025

प्रेषिती - (1) सुनील दुबे पिता मनोहरलाल दुबे निवासी- डाट की पुल के पास जिला रतलाम म.प्र.

(2) आशा दुबे पति सुनील दुबे निवासी- डाट की पुल के पास जिला रतलाम म.प्र.

यह कि प्रार्थी वरुण दुबे ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अन्तर्गत वाद बाबत् घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 18 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

टिप्पणी (कृपया ध्यान दें):- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(आकांक्षा)
नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, रतलाम (म.प्र.)

न्यायालय तहसीलदार तहसील जूनी इंदौर, जिला-इंदौर

उदघोषणा

क्रमांक 1964/रीडर/2024 इंदौर दिनांक 03/07/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकपक्ष नमन परचानी पिता जयकिशन परचानी, मयंक परचानी पिता जयकिशन परचानी निवासी-58, शांति निकेतन ग्राम निरंजनपुर, इंदौर ने अनावेदकपक्ष किशोर सेवानी पिता आसुदाराम सेवानी निवासी-501, विशाल एमिनेंस 60, अहिल्यामाता रानिसती, वाय.एन. रोड, इंदौर, मोहित लालवानी एच.यु.एफ. तर्फे कर्ता मोहित लालवानी पिता विनोद लालवानी निवासी 15, साकेत नगर इंदौर के विरुद्ध मप्र भू राजस्व संहिता की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र क्रमांक टद्ध 179132024 अ 1218664 दिनांक 21/02/2024 के आधार पर राजस्व ग्राम पिपल्याहाना स्थित भूमि खसरा क्रमांक 589/9/4/3 का भाग क्रमांक बी 7 रकबा 0.037 भूमि पर राजस्व अभिलेख में नामान्तरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है। अतः आवेदित भूमि पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस न्यायालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर प्रस्तुत करे। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22/8/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी

आरसीएमएस प्रकरण क्रमांक
0731/अ-6/2025-26
तहसीलदार , तहसील जूनी इंदौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का नाम समस्त दस्तावेजों में पंकज कुमार मालवी पिता श्री सुदर्शन कुमार मालवी है और मेरे पक्षकार का नाम 10वीं कक्षा की मार्कशीट में पंकज मालवी हो गया है लेकिन मेरे पक्षकार का नाम पंकज कुमार मालवी ही है और पंकज मालवी व पंकज कुमार मालवी पिता सुदर्शन कुमार मालवी दोनो ही नाम मेरे पक्षकार के ही होकर एक ही व्यक्ति है तथा पंकज कुमार मालवी के नाम से ही मेरे पक्षकार को जाना-पहचाना जाता है।

दिनांक 26-08-2025

हस्ताक्षर अभिभाषक
Pankaj Katkani
High CourtAdvocate
63 Dhanmandi Ratlam MP
मो. 8766205044
9425365026

कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन
छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन

(Online) **निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञप्ति क्र./1126/W orkshop/E-tender/2025/36 **उज्जैन, दिनांक 25-6-25**

निम्नांकित कार्य के लिए (Online) निविदा क्रमांक 2024_UAD_350472_7 आमंत्रित की जाती है, तथा टेन्डर फार्म राशि रु. 10000/-रहेगा।
निविदा प्रपत्र आनलाइन क्रय करने की अंतिम दिनांक 09.09.2025 समय 17.30 आनलाइन एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 09.09.2025 समय 17.30 रहेगी।
विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट w w w.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना आनलाइन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

क्र.	टेंडर फार्म का मूल्य	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मप्र भोपाल	अर्नेस्टमनी रु.	समय अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	10,000/-	Inviting rate for different type of tyre,tube or flap	50,00,000	Non-Sor	150000	365 दिवस

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, उज्जैन

CANTONMENT BOARD MHOW
TENDER NOTICE (III time)

Phone 07324-273226
Fax-07324-229012

No.CBMHOW/GARDEN/2025-28
Office of the Cantonment Board
Mhow, District Indore (MP)

Date 20-08-2025

Cantonment Board Mhow (MP) herby invites e-tenders from the Contractors/ Agencies for Term Contract for Maintenance of various gardens under the management of Cantonment Board Mhow for the year 2025-28 The intrested Contractors/ Agencies may visit the website portel at defproc.gov.in for eligibillity criteria, detailed tender notice, terms & conditions and other details.

Sino	Name of Work	Earnst Money
1	Term Contract for works & Maintance of various gardens under the managment of Mhow Cantonment Board for the Year 2025-28	Rs 263000/

2. Important Dates

Tender publishing/downloading Date	21-08-2025
Bid submission start Date	21-08-2025
Bid submission end Date	12-09-2025 1000 hrs
Bid opening Date	13-09-2025 1500 hrs

Refer defproc.gov.in
3. The tenders can be submitted online only and physical tenders will not be accpted under any circumstances.

(VIKASH KUMAR)
Chif Executive Officer
Mhow Cantonment

Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited
CIN: L24219MP1982PLC004937
Regd. Office : A.B. Road, Village Nimrani, Tehsil Kasrawad, Dist. Khargone-451569 (M.P.) Phone: 0731-4753666
E-mail: secretarial@kcfl.in, Website: www.kcfl.co.in

NOTICE TO SHAREHOLDERS
SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUESTS OF PHYSICAL SHARES

In terms of SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated July 02, 2025, the transfer requests of physical shares which were rejected and returned to the lodger prior to April 01, 2019 and were not re-lodged before the extended time line of March 31, 2021, due to deficiency in the documents/process/or otherwise, can be re-lodged after rectifying the errors, for registration of transfer from July 07, 2025 to, January 06, 2026 with our Registrar and Share Transfer Agents (RTA), i.e., **M/s. Ankit Consultancy Private Limited** at their office at 60, Electronics Complex, Pardeshipura Indore-452010 (M.P) and sending a scan copy of the same at their e-mail **investor@ankitonline.com** with copy marked to **secretarial@kcfl.in**

Transferred Shares will only be issued in demat mode once all the documents are found in order by RTA. The lodger must have a demat account and provide its Client Master List ('CML'), along with the transfer documents and share certificate, while lodging the documents for transfer with RTA.

Transfer requests submitted after **January 06, 2026** will not be accepted by the Company/RTA.

For **Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited**
Sd/-
Sejal Maheshwari
Company Secretary & Compliance Officer

Place : **Indore**
Date : **26.08.2025**

G. G. AUTOMOTIVE GEARS LIMITED
CIN: L29130MP1974PLC035049
Registered Office: 2-A, I.S. Gajra Industrial Area-1, A.B. Road, Dewas, Dewas, Madhya Pradesh, India, 455001
Email: compliance@ggautomotive.com, Website: www.ggautomotive.com
Phone No.: 07272-404481 / 694003

51वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग सूचना

हमारे द्वारा सूचित किया जाता है कि जी. जी. ऑटोमोटिव गियर्स लिमिटेड की 51वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') गुरूवार, 18 सितंबर, 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे (भारतीय मानक समय) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि एजीएम की सूचना में निर्धारित अनुसार कार्य किया जा सके।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') ने अपने परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD- 2/P/CIR/ 2024/133 दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 ("सेबी परिपत्र") और सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024, जिसे कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (MCA) द्वारा जारी किया गया है, के माध्यम से शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट और बैठकों की सूचना की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता समाप्त कर दी है। तदनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ 51वीं एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेजी गई है जिनके ईमेल पते कंपनी / कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ('रजिस्ट्रार') / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ('डीपी') के पास पंजीकृत हैं। वार्षिक रिपोर्ट का इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण सोमवार, 25 अगस्त, 2025 को पूरा हो गया है। वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 कंपनी की वेबसाइट https://ggautomotive.com, स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और https://evoting.purvashare.com की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

इसके अलावा, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ('सेबी सूचीबद्धता विनियम') के विनियम 36(1)(बी) के अनुसार, कंपनी उन शेयरधारकों को एक पत्र भेजेगी जिनके ई-मेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार/डीपी के पास पंजीकृत नहीं हैं, जिसमें कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 तक पहुँचने के लिए वेबलिंक प्रदान किया जाएगा।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 42 के अनुसार, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर शुक्रवार, 12 सितंबर, 2025 से गुरूवार, 18 सितंबर, 2025 (दोनों तिथियाँ) तक बंद रहेगा। 51वीं वार्षिक आम बैठक (51वीं वार्षिक आम बैठक सहित) के लिए।

सदस्यों को पूर्वा शेयर रजिस्ट्री (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (पूर्वा) द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके 51वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिए गए सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। रिमोट ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 15 सितंबर, 2025 को सुबह 9:00 बजे (भारतीय मानक समय) से शुरू होकर बुधवार, 17 अगस्त, 2025 को शाम 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तिथि, गुरूवार, 11 सितंबर, 2025 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग के निर्देश वार्षिक आम बैठक बुलाने की सूचना के नोट्स में विस्तृत हैं, और यह https://evoting.purvashare.com/ पर भी उपलब्ध है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने श्री हेमंत शेट्ये को, जिनकी सदस्यता संख्या FCS है, नियुक्त किया है। -2827 और सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस संख्या 1483, मेसर्स एचएसपीएन एंड एसोसिएट्स एलएलपी के नामित भागीदार और उनके न होने पर, श्री कुणाल सकपाल, जिनकी सदस्यता संख्या ACS-75123 और सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस संख्या 27860 है, मेसर्स एचएसपीएन एंड एसोसिएट्स एलएलपी के भागीदार, कंपनी सचिव, को 51वीं वार्षिक आम बैठक से पहले रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया और 51वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से जाँच करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

किसी भी स्पष्टीकरण और सहायता के लिए, कृपया पूर्वा शेयर रजिस्ट्री (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में हमारे निवेशक संबंध विभाग से ईमेल support@purvashare.com पर संपर्क करें। आगे के शेयरधारक प्रश्न या इलेक्ट्रॉनिक मोड में सेवा अनुरोध केवल वेबसाइट के माध्यम से ही उठाए जा सकते हैं, जिसका लिंक https://purvashare.com/investor/login/ या 022 4134 3255/56 है।

वास्ते जी.जी. ऑटोमोटिव गियर्स लिमिटेड
लता नारंग
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्या A66669

स्थान: देवास, एमपी
दिनांक: 26/08/2025

एक नजर



ग्रेसिम उद्योग को प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कार

नागदा-जंक्शन ,(निप्र)। ब्रांड होन्चोस, नई दिल्ली द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक शिक्षा पहलों को क्षेत्र में सफल क्रियान्वयन करने के लिए प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कार 2025 से सम्मानित करने के लिए हयात सेंट्रिक, जनकपुरी, नई दिल्ली में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।ग्रेसिम उद्योग द्वारा सीएसआर के तहत शिक्षा के क्षेत्र में इकाई प्रमुख शान्तनु कुलकर्णी के नेतृत्व एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह मानव संसाधन विभाग के मार्गदर्शन में एड-एट-एक्शन भोपाल के सहयोग से नागदा- खाचरौद ब्लॉक की 12 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 20 ग्रामों की 25 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं 20 प्राथमिक, 13 माध्यमिक एवं 04 उच्चतर माध्यमिक शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2025 में सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक शिक्षा पहल के लिए ब्रांड होन्चोस के संस्थापक और निदेशक गौरव मल्ला द्वारा ग्रेसिम व्यापार सीएसआर हेड एवं सहायक उपाध्यक्ष सतीश भुवीर को प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कार 2025 अवार्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ग्रेसिम द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के आधार स्तंभ पालक, बालक, शिक्षक और समुदाय के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए, शासकीय शिक्षा तंत्र को सुदृढता प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है । जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मजबूती प्रदान करना है । अवार्ड प्राप्त होने पर ग्रेसिम परिवार द्वारा परियोजना को क्षेत्र में सफल संचालन एवं शिक्षा के क्षेत्र में आ रहे परिवर्तन के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने के लिए शिक्षा विभाग, परियोजना क्रियांवयन एजेंसी एड-एट-एक्शन, शिक्षक, शिक्षा दूत, माता समिति, बाल सांसद एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की गई ।

आज शाम को मंसापुरण गणेश मंदिर पर महाआरती होगी

नागदा-जंक्शन ,(निप्र)। नागदा व्यापारी संघ के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बस स्टेण्ड स्थित मंसापुरण गणेश मंदिर पर आज महाआरती का आयोजन आज रात्रि 8 बजे किया जायेगा। सम्पूर्ण आयोजन के लाभार्थी व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल रहेंगे।व्यापारी महासंघ अध्यक्ष अग्रवाल ने नगर की धर्मप्रिमी जनता से अपील की है कि बुधवार को होने वाली महाआरती में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ लेवे और आयोजन को सफल बनावे।संघ संयोजक दिलीप काठेड़, अध्यक्ष पंकज नामदेव, योगेश पोरवाल, रसमन जैन, सजनसिंह शेखावत, संरक्षक प्रेम पोरवाल, महेन्द्र बिसानी, हनुमानप्रसाद शर्मा, बिन्दु जैन, शिवा पोरवाल, आशीष वोरा, मनीष राधिका, पानसिंह बघेल, जगदीश चौरसिया, दिलीपसिंह सोनगरा, गोपाल पोरवाल, रणछोड राठी, गोरधन पोरवाल, जाबिर भाई, बंशी पोरवाल, प्रकाश ओरा, रितेश नागदा, नंदकिशोर पोरवाल, योगेश शुक्ला, राहुल अग्रवाल, संजय मंत्री, पवन पोरवाल, अनिल पोरवाल, दिलीप ओरा, संजय मुरडिया, भरत पाटीदार, सजन बंका, जगदीश मेहता, पंकज डांगरा, अमित पाल, प्रिंस जैन, लोकेश खंडेलवाल, अंकित कांकरिया, आशीष वागरेचा, सुनील मल्लाह, राजेश पोरवाल, पंकज सेठिया, विजय पोरवाल, अनिल जैन सहित संघ सदस्यो ने दी है।



शिविर में 35 यूनिट रक्त संग्रहित किया

नागदा-जंक्शन ,(निप्र)। विश्व बंधुत्व दिवस तथा राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18 वी पुण्यतिथि के पावन अवसर पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दादीजी प्रकाशमणी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करके रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। शिविर की समन्वयक ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने बताया कि यह आयोजन दादी प्रकाशमणीजी की 18 पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में विश्व बंधुत्व की भावना को मजबूत करने के लिए किया गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि ओपी मेहलोत, मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन, गुलजारीलाल त्रिवेदी, बसंत मालपानी, दिलीप काठेड , सुभाष शर्मा, बबीता रघुवंशी, योगेश शुक्ला, वीरेंद्र मालपानी, कमलेश जायसवाल आदि मौजूद रहे। रक्तदाताओं को अनुशंसा पत्र भी अतिथियों ने प्रदान किये। डॉ प्रदीप रावल ने संचालन किया। शिविर से एकत्रित 35 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

नगर में तपस्वियों की अनुमोदनार्थ रथयात्रा कल

नागदा-जंक्शन ,(निप्र)। जैन समाज में तप और साधना की परंपरा आत्मशुद्धि तथा आध्यात्मिक उत्थान का आधार रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नागदा नगर इन दिनों तपोमय वातावरण से आलोकित है। पुण्य सम्राट राष्ट्रसंत गुरूदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी महाराजा के कृपापात्र शिष्यरत्न शतावधानी मुनिराजश्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी म.सा. मुनिराजश्री पवित्ररत्न विजयजी म.सा. की नयनानंदी निश्रा में संघ के अनेक श्रावक-श्राविकाएं कठिन साधनाओं में रत हैं।



घर-घर विराजित होंगे आज मंगल मूर्ति श्रीगणेश

दस दिनों तक रहेगी अंचल में धूम

नागदा-जंक्शन ,(निप्र)। आज से संपूर्ण अंचल में दस दिवसीय गणेशोत्सव की धूम रहेंगी । शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी विधि विधान के साथ मंगल मूर्ति श्रीगणेश को विराजित कर 10 दिनों तक उनकी दर्शा भक्ति के साथ विधि विधान से पूजाअर्चना की जाएगी। दस दिवसीय उत्सवीं दौर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे ।जिसको लेकर मंडी एवं बिरला ग्राम मे के कई स्थानों पर गणेश उत्सव को लेकर पंडाल सज चुके हैं । इस।उत्सव को लेकर बच्चों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा हैं । कई गली मोहल्लों में बच्चों के द्वारा भी गणेश उत्सव मनाया जा रहा हैं ।आज मुहूर्त के मुताबिक विधि - विधान के साथ गौरीपुत्र श्री गणेश की प्रतिमाओं की धूम - धाम के साथ स्थापना की जाएगी। नगर लगभग 100 से भी अधिक स्थानों पर इस बार गणेश उत्सव के पंडाल सजाए गए हैं । जहां प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। इधर बाजार में गणेश प्रतिमाओं की दुकान भी सजी हुई है । खरीदारी का सिलसिला भी शुरू हो चुका है । पूजा सामग्री से गणेश प्रतिमाओं की खरीदी को लेकर काफी भीड़ दिखाई दी । वही प्रशासन भी दस दिवसीय गणेश उत्सव के आयोजन को लेकर अलर्ट हो गया है । विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस के जवान अनोखी तैनाती के अलावा अधिकारियों की पुलिस बहन भी भ्रमण कर गतिविधियों पर नजर रखेगी ।

यहां होंगे आयोजन-कृषि उपज मंडी परिसर स्थित मंशापुरण मंदिर में प्रात पूजा अर्चना के बाद भगवान गणेश का अभिषेक होगा। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन भगवान गणेश का विशेष श्रृंगार के साथ ही भजन कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। पूर्व विधायक लालसिंह राणावत द्वारा रात्रि में महाआरती का आयोजन किया गया है। बिरलाग्राम स्थित बड़े गणेशजी मंदिर, जवाहर मार्ग स्थित गणेशजी मंदिर सहित कई विभिन्न मंदिरों में गणेश चतुर्थी से विभिन्न आयोजन होंगे। महाराष्ट्र मंडल द्वारा दस दिवसीय गणेशोत्सव में प्रतिदिन धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन होंगे।

इको फैं डली गणेशजी का प्रचलन बढ़ा। पार्थिव गणेश के निर्माण के लिए समय के साथ साथ काफी परिवर्तन आया। लगभग दस से पंद्रह वर्ष पूर्व गणेश प्रतिमा का निर्माण मिट्टी से किया जाता था, लेकिन अब मिट्टी की जगह धीरे धीरे कुट्टी और प्लास्टर आफ पेरिस ने ले लिया। कुछ इस तरह का बदलाव रंग में दिखाई दे रहा हैं जबकि भाव में काफी अंतर हैं। महंगाई के कारण श्रद्धालुओं को गणेशजी की मूर्तियां महंगी खरीदना पड़ सकती हैं मूर्ति निर्माण करने वाले कलाकारों का कहना हैं कि बांस, प्लास्टर आफ पेरिस, रंग, सुतली, तार आदि का उपयोग मूर्ति निर्माण में किया जाता हैं वर्तमान में इन सभी के दाम आसमान छु रहे हैं। ऐसे में मूर्तियों के भाव में काफी इजाफा हो गया हैं। दूकानदारों का कहना हैं कि बाजार में मूर्ति के भाव दस रुपए से लेकर पांच हजार रुपए तक हैं। विग्घनहर्ता की स्थापना को लेकर तैयारियों की धुम सी ब्लाक स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में ग्रेसिम मजदुर संघ के प्रधानमंत्री जितेंद्रसिंह रघुवंशी द्वारा 47वें वर्ष में गणेशजी प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

शाजापुर होगा औद्योगिक हब, मक्सी में 8 हजार करोड़ का ग्रीन एनर्जी निवेश

5 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

शाजापुर, निप्र। जिले के मक्सी क्षेत्र में जैक्सन ग्रुप द्वारा लगभग 8 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। इसके तहत दो बड़े सोलर प्रोजेक्ट स्थापित होंगे, जिससे 5 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होगा। यह बात क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अरुण भीमावद ने स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह पर पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकासोन्मुख नीतियों के कारण प्रदेश में बड़े निवेशक तेजी से आ रहे हैं। मक्सी के इस प्रोजेक्ट में

पहली यूनिट में सोलर मॉड्यूल निर्माण इकाई लगेगी, जिसमें 1047 करोड़ का निवेश और लगभग 1700 लोगों को रोजगार मिलेगा। दूसरी यूनिट सोलर सेलए एंगॉट्स और वैफर्स का उत्पादन इकाई होगी, जिसमें 7105 करोड़ का निवेश और लगभग 2400 रोजगार सृजित होंगे। इसके लिए कुल 73 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।



विधायक ने कहा कि इस निवेश से न केवल हरित ऊर्जा उत्पादन में मध्यप्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। विधायक श्री अरुण भीमावद ने अंत में कहा कि जैक्सन ग्रुप का यह निवेश न केवल शाजापुर, बल्कि पूरे प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और हजारों परिवारों के जीवन स्तर को ऊँचाई प्रदान करेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने भी संबोधित किया और कहाँ की विधायक अरुण भीमावद के नेतृत्व मे विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने जिले के मक्सी क्षेत्र को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में हो रहे प्रयासों को ऐतिहासिक और रोजगार मुलक बताया। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष आशीष नागर, मनोहर विश्वकर्मा, गोविंद नायक एवं शाहिद सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे ।पत्रकार वार्ता का संचालन व आभार पूर्व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी उमेश टेलर ने माना।





सुहागिनी महिलाओं एवं कुंवारी कन्याओं ने निर्जल रहकर शिव शक्ति की पूजा की

नागदा-जंक्शन ,(निप्र)। सनातनी परंपरा के अनुरूप चली आ रही सनातनी परम्परा का निर्वाह करते हुए मंगवार को सुहागिनी महिलाओं एवं कुंवारी कन्याओं ने निर्जल रहकर हरतालिका तीज का धार्मिक पर्व मनाते हुए भगवान - पार्वती की विधिविधान के साथ पूजा अर्चना कर रतजगा किया ।

पौराणिक मान्यता हैं कि हरतालिका तीज का यह धार्मिक पर्व सुहागिनी महिलाओं के साथ - साथ कुंवारी कन्याएंओ के द्वारा निर्जल रहकर शिव-पार्वती की आराधना करते हुए विधि-विधान से पूजन किया जाता है। सुहागिनी महिलाए अखंड सौभाग्य की कामना करते हुआ निर्जल रहकर हरतालिका तीज का वर्त करती हैं । वहीं कुंवारी कन्याएंओ के द्वारा शिव समान मनचाहा सुयोग्य वर मिले की कामना को लेकर व्रत रखकर भगवान शिव एवं पार्वती की पूजा अर्चना करती हैं ।

इसी परम्परा का निर्वाह करते हुए महिलाओं एवं कुंवारी कन्याएंओ ने शाम को शुभ मुहूर्त में निर्जल रहकर पूजा अर्चना कर रात भर जाग कर भजन कीर्तन हरतालिका तीज की कथा श्रवण कर व्रत को पूर्ण किया ।



संस्कार केंद्र पर जागरूकता शिविर

शाजापुर, निप्र। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में बाल संस्कार केंद्र महुपुरा में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।शिविर का मुख्य उद्देश्य वहां अध्यनरत बच्चों की मूलभूत आवश्यकताओं को समझना एवं उनकी पूर्ति के संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करना था। उक्त शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को शिक्षा के अधिकार, किशोर न्याय तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की अन्य गतिविधियों से जोड़ा गया। प्रधान जिला न्यायाधीश की मंशा अनुसार भविष्य में बच्चों को विधिक सेवा से जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।





हरतालिका तीज पर माता पार्वतीजी की मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा

नागदा-जंक्शन ,(निप्र)। श्री बद्रीविशाल मंदिर में हरतालिका तीज पर माता पार्वती जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तीन दिवसीय मूर्ति प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के अन्तर्गत पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं हवन हुआ। मूर्ति प्रतिष्ठा एवं पूजन कार्य श्री गोरधनलालजी चम्पालालजी राजेशजी मजावदिया ₹तलामी सेव परिवार द्वारा सम्पन्न हुआ। आज हरतालिका तीज के अवसर पर हवन की पूणार्हूति के पश्चात दोपहर 12 बजे माता पार्वती जी की महाआरती हुई व प्रसादी का विरण किया गया। हवन एवं पूजन पं. चन्द्रशेखरजी दवे द्वारा सम्पन्न कराया गया।महाआरती में समाज अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पोरवाल, सुरेन्द्र पोरवाल, रमेशचन्द्र फरक्या, कमल पोरवाल, नागुलाल पोरवाल, अशोक सेठिया, जगदीश पोरवाल, गोरधनलाल खजूरीवाला, राकेश फनाखेंड़ी, नवीन मेहता, पियुष सेठिया, राकेश वेद, विनय पोरवाल, गोरधनलाल पोरवाल, विजय पोरवाल, राजेन्द्र पोरवाल, राजेश पोरवाल, राहुल पोरवाल, राकेश अभिनव, अभिषेक पोरवाल, मोहित पोरवाल, पवन पोरवाल सहित समाजजन व महिलाएं व भक्तगण उपस्थित थे।

न्यायाधीशगण ने दत्तक शिशु गृह का किया निरीक्षण

शाजापुर, निप्र। जिला मुख्यालय पर दत्तक शिशु गृह शाजापुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।



शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश शाजापुर श्रीमती रंजिता राव सोलंकी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती नमिता बौरासी द्वारा सामूहिक रूप से दत्तक शिशु गृह शाजापुर का निरीक्षण किया गया। शिविर के दौरान दत्तक गृह में दो बच्चियां पाई गईं। न्यायाधीशगण द्वारा शिविर में उपस्थित दत्तक शिशु गृह के कर्मचारीगण को शिशुओं के अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए बच्चियों की अच्छी परवरिश के लिए अनुकूलित वातावरण तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में भी बताया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती नमिता बौरासी ने बताया कि एक शिशु को उनके माता-पिता की अनुपस्थिति में पालना भी एक महान पूण्य का कार्य है। उक्त शिविर के दौरान अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

दत्तक शिशु गृह में न्यायाधीशण द्वारा निरीक्षण सहित विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर दत्तक गृह में उपस्थित शिशुओं की जानकारी ली तथा शिशुओं की अच्छी परवरिश के लिए उचित मार्गदर्शन दिया।



जनसुनवाई में 97 आवेदकों को सुना

शाजापुर, निप्र। जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत संपन्न हुई जनसुनवाई में 97 आवेदको को सुना गया।

जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे ने जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

दुनियां को सुधारने के बजाय खुद सुधर जाओ - संयतमुनिजी

नागदा-जंक्शन ,(निप्र)। पर्युषण पर्व का त्याग तपस्या के साथ सांतवा दिवस पूर्ण हो गया है। सातवें दिन पूज्य संत अणुवत्सजी ने प्रवचन में कहा कि इस संसार में अनेक प्रकार की विचित्रताएं है। अनेक प्रकार के लोग रहते है। ऐसे-ऐसे लोग रहते है कि वे कहते क्या है और करते क्या है ? उल्टी सोच रखते है। सलाह अच्छी हो तो भी नहीं मानते। क्रोध करते है। संसार में अनेक प्रकार के लोग है, कोई निंदक, कोई क्रोधी, कोई व्यसनी है, कोई परेशान करता है,तो कोई गाली बकता है। हमारे विपरीत आचरण करने वाले कई लोग है। उस समय हमें मध्यस्थ भाव-समभाव ही रखता है। संसार के सभी व्यक्ति हमारे अनुकूल बने ये संभव नहीं।

एक नजर

अदनान की कहानी- जिन्दगी में लौटी रौनक

जन्मजात समस्या के निदान से अदनान के माता-पिता को मिली राहत

बुरहानपुर, (निप्र)। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती है। जिसमें डॉक्टर, विषय



विषेषज्ञ मरीजों की जांच करते हैं, आवश्यक दवाईयां देते हैं और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करते है। जिससे लोगों को बीमारियों से बचाया जा सके। यह एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जो लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में मदद करती हैं। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह के निर्देषानुसार संभाग के जिलों में आयोजित स्वास्थ्य षिविरों के माध्यम से नागरिकों को लाभान्वित किया जा रहा है। षिविर के माध्यम से कई लोगों के जीवन में खुषियों की रोषनी आयी है, ऐसी ही एक कहानी बुरहानपुर जिले के जाकिर हुसैन वार्ड में रहने वाले अदनान की है।अदनान, एक छोटा बच्चा है, जिसकी उम्र मात्र 3 वर्ष है, अदनान जन्म से ही एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहा था। उसका जन्म कटे-फटे होंठ और तालु के साथ हुआ था। यह समस्या न केवल उसके चेहरे और बोलने की क्षमता को प्रभावित करती थी, बल्कि उसके भविष्य और आत्मविश्वास पर भी गहरा असर डाल सकती थी।

माता-पिता की परेशानी का हुआ हल-अदनान के माता-पिता, अनीस और शिरीन, अपने बच्चे की तकलीफ को देखकर बेहद परेशान रहते थे। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि वे अपने बच्चे का उपचार कैसे कराए। उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी, अदनान के पिता पावरलूम चलाने का कार्य करते है, वे अपने बच्चे के भविष्य को लेकर चिंतित थे। एक दिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने अदनान को देखा और उसके माता-पिता को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित होने वाले संभागीय स्वास्थ्य शिविर के बारे में जानकारी दी। यह जानकारी अदनान के माता-पिता के लिए एक नई आशा की किरण बनकर आयी थी।

स्वास्थ्य विभाग से मिली प्रभावी मदद-अदनान की कहानी में एक नया मोड़ तब आया, जब आरबीएसके टीम ने मामले को संज्ञान में लेकर अदनान को जिले में आगामी माह में आयोजित होने वाले निःशुल्क संभागीय स्वास्थ्य शिविर खकनार में भेजा, जहां इंदौर सहित अन्य जिलों से आए सर्जिकल विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उसकी जांच की और उसे सर्जरी के लिए चिन्हित किया, इसके बाद अदनान को लाहोटी हॉस्पिटल, भोपाल रेफर किया गया।

ऑपरेशन हुआ सफल, चेहरे पर लौटी रौनक-5 फरवरी, 2024 को अदनान का सफल ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन के समय उसके माता-पिता बेहद घबराए हुए थे, लेकिन डॉक्टर और अस्पताल स्टॉफ उन्हें लगातार हिम्मत देते रहे। सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि पूरे उपचार और ऑपरेशन पर परिजनों को एक भी पैसा खर्च नहीं करना पड़ा। यह सब सरकार की आरबीएसके योजना अंतर्गत बच्चों की गंभीर जन्मजात बीमारियों का निःशुल्क इलाज के कारण संभव हो पाया है।

अदनान ने की नई जिंदगी की शुरूआत-आज अदनान मुस्कुराते हुए अपने माता-पिता की गोद में खेलता है। माता-पिता की आंखों में खुषियां ही खुषियां है, कि उनका बच्चा अब बाकि बच्चों की तरह स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ रहा है। अदनान के पिता ने कहा कि, यह हमारे लिये खुषी का पल है कि हमारा बच्चा अब स्वस्थ्य है। उन्होंने मिली इस सहायता के लिये सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग का आभार माना है। अदनान की कहानी हमें यह सिखाती है कि सही समय पर समस्या की पहचान और सरकारी योजनाओं का सही लाभ मिले तो किसी का भी जीवन बदल सकता है।

लाइट गुल होने से महिलाएं हुई परेशान, मंदिरों में अंधेरे में करना पड़ी पूजा-अर्चना

बुरहानपुर, (निप्र)। मंगलवार के दिन भी इन बडी प्रतिमाओं को उनके स्थापना स्थल तक ले जाया जा रहा था जिसके कारण



लक्ष्मी नगर की विधुत लाईन बंद कर दी गई । साथ जी कई इलाकों में भी लाइन आ जा रही थी, और मंगलवार के दिन हरतालिका तीज व्रत था और इस दिन महिलाएं सुबह से रात तक शिव भगवान की पूजा अर्चना में लगी रहती है और लाइट ना होने के कारण उन्हे काफी परेशानियों का सामना करना पडा। लक्ष्मी नगर स्थित मंदिर में कई महिलाओं को अंधेरे में पुजा अर्चना करनी पडी। लोगों का कहना था कि नेताओं द्वारा अपने हितों की पूर्ति के लिए इन मंडलो को चंदा दिया जाता है और अगर यह बडी प्रतिमाओं के लिए अंकुष लगाऐगे तो स्वयं अंकुष लग जाएगा तथा साथ साथ पुजारियों द्वारा भी यह सुनिष्चित किया जाना चाहिए कि यदि कोई मंडल बडी प्रतिमा बैठता हे तो वह पुजा नही कराऐगे।

संतोष परिहार नई दिल्ली में पुरस्कृत होंगे

बुरहानपुर, (निप्र)। पंजाब नैशनल बैंकए प्रधान कार्यालय राजभाषा विभाग नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष अखिल भारतीय स्तर पर बैंककर्मी

एवं सेवा निवृत्त स्टाफ को उनके मौलिक पुस्तक लेखन पर दिए जाने वाले पुरस्कार के लिए वरिष्ठ कथा एवं उपन्यासकार संतोष परिहार के स्त्री विमर्श पर चर्चित उपन्यास ए अपूर्वाए का वर्ष 2024 के लिए चयन किया गया। सितंबर माह में होने वाले समारोह में प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में प्रदान किया जायेगा। जिसमें संतोष परिहार को शाल श्रीफल प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह एवं 9000 सम्मान निधि देकर पुरस्कार किया जाएगा।इस पुरस्कार की सूचना मिलने पर दोनों शाखों के स्टाफ सदस्यों ने संतोष परिहार को बधाई दी।

जिले में अब तक 1356.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

पिछले 24 घंटे में 1.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

गुना, (निप्र)। गुना जिले में 01 जून से अब तक 1356.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 128.7 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 949.8 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053ण्5 मिलीमीटर है।





पांधार नदी पर बनेगा नया पुल, डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार स्मृति उद्यान की नगरवासियों को सौगात

9 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

बुरहानपुर, (निप्र)। मंगलवार को नेपानगर विधानसभा में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक मंजू दादू सहित जनप्रतिनिधियों ने पांधार नदी पर बनने वाले नए पुल, सीसी रोड, बालक आश्रम छात्रावास, नवीन पंचायत भवन, डॉ केशव बलिराम हेडगेवार स्मृति उद्यान, हाईस्कूल भवन आदि विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया। लगभग 9 करोड़ 12 लाख 91 हजार के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों ने सांसदए विधायक का आभार माना। असीरगढ़.चांदनी मार्ग पर पांधार नदी पर नए पुल निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि इस पुल के निर्माण की स्वीकृति को लेकर विधायक मंजू दादू सतत प्रयास कर रही थी। हमने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर बताया था कि पुरानी पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगो को आवागमन में काफी असुविधा हो रही है।

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया था कि जल्द ही इसकी स्वीकृति मिलेंगी। में मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आभारी हूं कि उनके द्वारा नेपानगर में यह सौगात दी गई जल्द ही इस पुलिया का निर्माण पूर्ण होगा। विधायक मंजू दादू ने कहा कि नेपानगर विधानसभा में हर क्षेत्र में विकास कार्य हो यही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली हमारी भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। सांसद जी और मेरे द्वारा आज नेपानगर विधानसभा में 9 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया गया। विकास निरंतर चलने वाला चक्र है। डॉ केशव बलिराम हेडगेवार स्मृति उद्यान, नवीन हाईस्कूल भवन, पंचायत भवन, बालक आश्रम छात्रावास ऐसे अनेकों विकास कार्यों की विधानसभा में आज सौगात मिली हैं।

इन कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण-सांसद ज्ञानेश्वर पाटील और नेपानगर विधायक मंजू दादू ने जनप्रतिनिधियों के साथ नेपानगर में 3 करोड़ 58 लाख से पांधार नदी पर बनने वाले नए पुल ए एकलव्य विद्यालय से मेंन रोड तक 66.03 लाख के सीसी रोड नेपानगर के वार्ड क्रमांक 13 में 24.88 लाख के डॉ केशव बलिराम हेडगेवार स्मृति उद्यान, ग्राम सिविल में 50 सीटर बालक आश्रम लागत 2.75 करोड़ए ग्राम सारोला में नवीन पंचायत भवन लागत 37 लाख तथा ग्राम सांडसकला में 5 लाख के सीण्सीण् रोड आदि कार्यो का भूमिपूजन तथा 1.47 करोड़ के हाई स्कूल भवन का सांडसकला में लोकार्पण किया।

प्रशासनिक अधिकारी भाजपा नेताओं की चापलूसी करने के बजाय सड़क दुरुस्त करने पर ध्यान दें

15 दिनों में सड़कें दुरुस्त न हुई तो विधायक एवं सांसद के घर का करेंगे घेराव - रिंकु टांक

बुरहानपुर, (निप्र)। शहर की खस्ताहाल सड़कों एवं विगत दिनों गढ्डों के कारण हुए हादसो मैं हुई जनहानि को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व मैं सिंधी बस्ती चौराहे पर कांग्रेस नेता और कार्यकताओं ने दिया धरना एवं धरना समाप्त करने के पश्चात कलेक्टर कार्यालय जाकर एसडीएम बुरहानपुर को महामहिम राष्ट्रपति महोदय एवं राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौपा। उक्त धरने को कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिंकु टांक, ग्रामीण जिला अध्यक्ष रविंद्र महाजन, कांग्रेस जिला प्रभारी ग्यारसीलाल रावत, हमिद



काजी, इंद्रसेन देशमुख, फरीद काजी, निखिल खंडेलवाल, शैली कीर, इदरीश खान, शेख रुस्तम, आदित्यवीर सिंह ठाकुर, डॉ तारिक, मीनाक्षी महाजन, मुकेश बुनगाल, सरिता भगत, कैलाश यावतकर, वाजिद इकबाल, उबेद शेख, देवेश्वर ठाकुर, हमिद डायमंड, फहीम हाशमी, मुन्ना यादव, एहफाज मीर, एडवोकेट हफीजउद्दीन, सहित कई कांग्रेसी नेताओं ने संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश कांग्रेस बुनकर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सलीम कॉटनवाला, संजय चौकसे, अकिल औलिया, अजय रघुवंशी, जहीर अब्बास, इनाम अंसारी, आसिफ खान, हाफिज मंसूरी, विनोद मोरे, शाहिद बंदा, वीरेंद्र चंदन, नोमान भाई, असगर चौधरी, आरिफ मैकेनिक, केडी पटेल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर फरीद काजी द्वारा किया गया। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता निखिल खंडेलवाल द्वारा दी गई।



नियमों एवं आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही

9 मूर्तिकारों के विरुद्ध आदेशों का उल्लंघन करने पर मुकदमा दर्ज

बुरहानपुर, (निप्र)। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्ष सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में 10 फीट से अधिक ऊँचाई की गणेश प्रतिमा के निर्माण पर प्रतिबंध लगाया गया था। इस आदेश का उल्लंघन करते हुए, कुछ मूर्तिकारों द्वारा निर्धारित सीमा 10 फीट से अधिक ऊँचाई की प्रतिमाओं का निर्माण किया गया था, जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई।

पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार मौर्य आर्ट संचालक सरिता मौर्य निवासी लालबाग के विरुद्ध थाना लालबाग में धारा 223 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं विनोद आर्ट संचालक विनोद पिता वामन पुनासे निवासी तुलसी मॉल के पास लालबाग, जय भोले आर्ट संचालक धर्मेन्द्र पिता कल्याण सिंह निवासी जयसिंहपुरा जैनाबाद, मोरे आर्ट संचालक सुनिल पिता राजेश मोरे, मोरे आर्ट पुराने आरटीओ बैरियर के पास, जय आर्ट संचालक अजय पिता भगवती प्रसाद अहीरे निवासी बाड़ी की पोल शिकारपुरा, वैद्य एण्ड सन्स संचालक अतुल पिता गोविन्द वैद्य निवासी महाजनापेठ, वैद्य एण्ड सन्स संचालक रोहित पिता आनंद वैद्य निवासी महाजनापेठ, गायत्री आर्ट संचालक गणेश पिता चंद्रकांत बोरसे निवासी संजय नगर तथा लक्ष्मी आर्ट संचालक भीकाजी पिता दौलत खर्चे निवासी महाजनापेठ के विरूद्ध संबंधित थाने में प्रकरण पंजीबद्ध किये गये है।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने आम नागरिकों एवं आयोजकों से अपील की है कि वे जिला प्रषासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें तथा त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

सेवासदन महाविद्यालय में सद्भावना सप्ताह के तहत कार्यक्रम

बुरहानपुर, (निप्र)। सेवासदन महाविद्यालय में सद्भावना सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा भारत की शान इंडिया गेट व भारत का नक्षे का मॉडल बनाया गया जिसका मुख्य आकर्षण तिरंगा स्वरूप रहा। यह मॉडल बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा नमीरा खान, मेहबीज खान, सायरा खान ने बनाया। एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण भी किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनीष पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि नशामुक्त समाज की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाएंगे और साथ ही



सामाजिक सद्भाव को अपने सेवाभाव से मजबूत करेंगे और इस प्रकार के मॉडल ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी बनायेगे।

साथ ही एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेष काले के द्वारा सभी एनएसएस स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं से विशेष आग्रह किया कि वे अपने अनुज छात्रों का मार्गदर्शन करें। उक्त कार्यक्रम की सेवासदन षिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर, सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला, मैनेजर श्री मनीष पटेल एवं प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील ने सराहना कर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. अरूणा दीक्षित, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रूपाली पालीवाल सहित बडी संख्या मे एनएसएस, रेडरिबन एवं रेडक्रॉस के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ग्रामीणजनों के बीच विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

बुरहानपुर, (निप्र)। जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव के मार्गदर्षन में विभिन्न ग्राम पंचायत निम्बोला, मंगरूल, झिरी, चुलखान में ग्रामीणजनों के बीच विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।विधिक जागरूकता शिविरों में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्री प्रेमदीप सांकला द्वारा आमजनों को नेशनल लोक अदालत व मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों को सुलह करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने नालसा की आशा योजना 2025, निःशुल्क विधिक सहायता, बाल विवाह, पास्को एक्ट, भ्रूण हत्या, पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता किया एवं उसके दुष्प्रभाव आदि विषयों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, नालसा एवं सालसा की योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों को विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने नेषनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ लेने की बात भी कही।

जिले को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित

बुरहानपुर, (निप्र)। बुरहानपुर जिले को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिये गुरूसिख मॉल में कार्यषाला का आयोजन किया गया। कार्यषाला में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इंदौर के वैज्ञानिकों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से सारगर्भित जानकारी दी।

इस अवसर पर कलेक्टर हर्ष सिंह ने शासकीय अधिकारियों को निर्देषित किया कि, कार्यालयों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना हो एवं अन्य को भी इसके लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि, शासकीय कार्यक्रमों में कपड़े से बने बैनर लगाये जायेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि, हमें हमारी आदतों को





बदलना होगा, इस ओर छोटे-छोटे प्रयासों से जन-जागरूकता लानी होगी। जिले में एक्षन प्लान के साथ शहर को स्वच्छ, सुन्दर एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए गतिविधियां की जायेंगी।कार्यषाला में विधायक श्रीमति अर्चना चिटनिस ने कहा कि, बुरहानपुर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रो-एक्टिव होकर काम करना होगा, इसकी शुरूआत हम स्वयं से करें। अपनी जीवन शैली, दैनंदिनी के कार्यों में प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करे, प्लास्टिक के सामान की जगह अन्य विकल्पों को महत्ता दें।

कार्यशाला में महापौर श्रीमति माधुरी पटेल ने भी अपने संबोधन से उपस्थितजनों को लाभान्वित किया, इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कार्यषाला को संबोधित किया गया। आयोजित कार्यषाला में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इंदौर के वैज्ञानिक एस.के.जैन ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न अधिनियमों, नियमों एवं अन्य जानकारी दी, इसके साथ ही पषुपालन विभाग, जन संसाधन विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं उसके विकल्प के संबंध में जानकारी देकर उपस्थितजनों को अवगत कराया गया। कार्यषाला में सिंगल यूज प्लास्टिक पर गीत एवं वीडियों का विमोचन किया गया। कार्यषाला में सुझाव भी आंमत्रित किये गये। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकगण, प्रषासनिक अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

आज से गणेशोत्सव की धूम, शहर में गूंजेगा गणपति बप्पा मोरया का जयघोष

धार, (निप्र)। गणेश उत्सव की धूम आज से शुरू हो रही है। जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शहर के बाजारों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है और रंग-बिरंगे गणेश जी की प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

आज शुभ मुहूर्त में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी और श्रद्धालु विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना करेंगे। शाम को भक्ति गीतों और आरती की गूंज पूरे माहौल को भक्तिमय बना देगी।

इस साल पर्यावरण के प्रति जागरूकता को देखते हुए कई लोग इको-फ्रेंडली प्रतिमाओं की स्थापना कर रहे हैं, जिससे जल प्रदूषण को रोका जा सके। नगर प्रशासन ने भी सुरक्षा और स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और हर कोई ह्यगणपति बप्पा मोरयाह्न के जयकारे के साथ बप्पा का स्वागत करने को तैयार है।

सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने बनाए इकोफ्रेंडली गणेशजी

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मिट्टी में मिलाए औषधीय पौधों के बीज

पर्यावरण को प्लास्टर ऑफ पेरिस एवं केमिकल से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए शासकीय सांदीपनि विद्यालय धार के विद्यार्थियों द्वारा मिट्टी से गणेश जी की मूर्तियां बनाई गई। मिट्टी से गणेश प्रतिमाएँ तैयार करने के लिए विद्यालय में प्राचार्य डॉ. स्मृति रत्न मिश्र के मार्गदर्शन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में



पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से मूर्तियों के बनाने में उपयोग किए जाने वाले प्लास्टर ऑफ पेरिस और केमिकल से पर्यावरण को होने वाली हानि से बचाने के लिए मिट्टी की मूर्तियां बनाने की थीम को प्रमुखता दी गई थी। साथ ही मूर्तियों को बनाने के लिए मिट्टी तैयार करते समय उसमें फलदार एवं औषधीय पौधों के बीज भी मिलाए गए जिससे मूर्तियों के विसर्जन के बाद फलदार एवं औषधीय पौधों के बीज पनपकर पौधों का रूप ले सकें। कार्यशाला में कक्षा छठी से लेकर दसवीं तक के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को पांच-पांच के समूहों में बाँटकर विधिवत मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों ने मिट्टी से गणेश जी बनाने की बारीकियाँ समझते हुए सुन्दर मूर्तियाँ बनाई हैं। इन मूर्तियों को अब घरों में स्थापित किया जाएगा। कार्यशाला में शिक्षिका ज्योति उइके एवं प्रीतिबाला सक्सेना ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

एक नजर

गणेशजी की मूर्तियों का वितरण आज

मेघनगर, (निप्र) सुरेश चंद पूरणमल जैन पप्पू भैया परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार



इस वर्ष भी सैकड़ो गणेश जी की प्रतिमा वितरण का कार्य आज दोपहर 12: 15 बजे सुराणा कंपाउंड मेघनगर में मूर्ति वितरण के दौरान प्रतिवर्ष ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सैकड़ो भक्तजन प्रतिमा प्राप्त करने यहां आते हैं।

गेहलोत बने प्रेस क्लब डेहरी के अध्यक्ष

कुक्षी, (निप्र)। प्रेस क्लब डेहरी की



आवश्यक बैठक सिर्वी समाचार कार्यालय डेहरी मे सम्पन्न हुई जिसमे सवानुमति से डेहरी के वरिष्ठ पत्रकार मुकेश गेहलोत को प्रेस क्लब डेहरी का नया अध्यक्ष बनाया गया गेहलोत को डेहरी के सभी पत्रकार साथियों , शुभचिंतकों आदि ने बधाई दी।

जनसुनवाई में आए कुल 72 आवेदन

धार, (निप्र)। एडीएम संजीव केशव पांडेय ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर जगदीष मेहरा भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी नागरिकों की समस्याओं को सुना। इस जनसुनवाई में कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए।

इस जनसुनवाई में दौलत नगर धार के रहवासियों ने जियो मोबाईल के टावर के कार्य को रूकवाने, सेवानिवृत्त होने के पश्चात सेवानिवृति उपादान एवं अर्जित अवकाश नगगदीकरण की राशि का भुगतान करवाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, भूमि/भूखण्ड का पट्टा दिलवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, आर्थिक सहायता राशि का लाभ दिलवाने, अवैध रूप से कब्जा की गई भूमि का कब्जा वापस दिलवाने, निजी खरीदी गई जमीन पर जबरन कब्जा करने, चाय की गुमटी जबरन हटवाने, आउट सोर्स कर्मचारियों का अनावश्यक वेतन काटने की शिकायत इत्यादि संबंधी विभिन्न समस्याएं एवं मांग संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे निराकरण के लिए एडीएम केशव ने संबंधित अधिकारियों को निराकृत करने के निर्देश दिए गए।

पति ने कर दी पत्नी की पिटाई

इंदौर, (नप्र)। जूनी इंदौर इलाके में एक महिला के साथ में उसके पति ने सरेराह मारपीट कर दी। बताया जाता है कि रास्ते में रोका और उसे पीट दिया।उसके चेहरे पर चोट आई है। वहीं स्कूटर भी टूट फूट गया। पुलिस ने फरियादी पूर्वा पंवार निवासी पंचशील कालोनी की शिकायत पर उसके पति करण पंवार के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह पंचशील नगर से जा रही थी। रास्ते में पति करण उन्हें देखकर बीच रोड पर आ गया। इसके साथ ही उनके साथ में गाली-गलौज शुरू कर दी। उसने समझाने की कोशिश की तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। नाक पर मारा, जिससे वह घबराकर गाडी सहित रोड किनारे गिर गई। इससे पैर और हाथ में चोट आई। इस मारपीट में खून निकलने लगा, इससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। गाड़ी में भी नुकसान पहुंचा है।

सब्जी व्यापारी से मारपीट

इंदौर, (नप्र)। चंदन नगर इलाके में सब्जी उधार नही देने पर व्यापारी के साथ मारपीट करते हुए आरोपी पिता पुत्र ने नुकीले हथियार से हमलाकर उसे लहूलुहान कर दिया।पुलिस ने फरियादी राहुल पिता गजराज केवट निवासी राज नगर की रिपोर्ट पर आरोपी कालूपिता फूल सिंह और उसके बेटे शैलेन्द्र के खिलाफ केस दर्ज किया।फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं गंगानगर चौराहा सब्जी मण्डी मे सब्जी बेच रहा था तभी कालू पिता फूलसिंह मेरे ठेले पर सब्जी लेने के लिए आया और उधार सब्जी देने को कहा तो मैने उधार देने से मना कर दिया ।

तपस्वियों का निकला वरघोड़ा, 84 लाख जीवों से आज करेंगे क्षमायाचना

बारसा सूत्र का आज होगा वाचन, लाभार्थी परिवार का किया बहुमान

राजगढ़, (निप्र) । श्वेताम्बर जैन समाज के आठ दिवसीय पर्वाधिराज पयूर्षण का आज अंतिम दिवस है। श्री मोहनखेड़ा तीर्थ सहित श्री राजेन्द्रभवन, नवरत्न आराधना भवन व महावीर स्थानक भवन में सामूहिक 84 लाख जीवों से क्षमायाचना की जाएगी। क्षेत्र सहित नगर में पवार्धीराज पर्यूषण पर्व पूरे उल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया जाता रहा हैं। जिनालयों और उपाश्रयों में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन के साथ तपस्या का दौर जारी हैं। मंगलवार को तपस्वियो के वधावणा का चल समारोह आदेश्वर मंदिर से निकला जो श्री राजेन्द्र भवन पहुँचा यहां तपस्वियों का वधावणा किया गया। पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन बुधवार को 84 लाख जीवो से क्षमा



याचना की जाएगी। श्री राजेन्द्र भवन में चल रहे ज्ञानांजन चातुर्मास के तहत आचार्य श्री हितेषचंद्रसूरिश्वर जी म.सा. की आज्ञानुवर्ती मुनिराज श्री पुष्पेन्द्र विजयजी म.सा. आदि ठाणा तीन की निश्रा में पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं। मुनिश्री ने कल्पसूत्र का वाचन करते हुए भगवान महावीर स्वामी के जीवन के बारे में बताया। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रितेश सराफ और अशोक भण्डारी ने बताया कि आज पर्व के अंतिम दिन श्री राजेन्द्र भवन में 84 लाख जीवो से क्षमायाचना की जाएगी। मुनि श्री को बारसा सूत्र ग्रन्थ के वोहराने का लाभ धनराज घेवरमल झीणवाला, वाक्षेप पूजा दिलीप बसंतीलाल बाफना, अष्टप्रकारी पूजा का लाभ घिसीबाई मुम्बई वालो तपस्वी को वधावणा का लाभ अषोक कुमार चण्डालिया परिवार ने लिया। श्रीसंघ का की ओर से लाभार्थी परिवार का बहुमान किया गया।



पौधारोपण कर डीपीएस के संस्थापक सेठ का किया पुण्य स्मरण

कुक्षी, (निप्र)। क्षेत्र की ख्याति प्राप्त शैक्षणिक संस्थान दाताहरी पब्लिक स्कूल के संस्थापक समाजसेवी दिवगंत सेठ बुद्विचन्दजी गुप्ता के पुण्य स्मरण दिवस पर विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कीया गया।

इस मौके पर उपस्थित विद्यालय अध्यक्ष महेंद्र सेठ गुप्ता, वरिष्ठ बाबूलाल गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, कृष्णकांत गुप्ता, अनिल गुप्ता,डॉक्टर राजेश गुप्ता, आलोक गुप्ता, दीपक गुप्ता,राजेश फर्नीचर,चंद्रकांत गुप्ता,मुकेश गुप्ता, विद्यालय प्राचार्य श्रीमती दर्शनी पाटीदार के साथ विद्यालय परिवार ने सेठजी को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर विद्यालय प्रांगण मे पौधरोपण कीया । आभार प्राचार्य दर्शनी पाटीदार नें व्यक्त किया।

काकी के हत्यारे भतीजे को उम्रकैद

बाग, (निप्र)। आरोपी राकेश ने अपनी काकी मृतिका पुनिबाई को बेल्ट से मार मार कर एवं गला दबा कर उसकी हत्या कर दी थी। घटना मृतिका के भाई सुनिल ने देखी थी व बीच बचाव करने का प्रयास किया था परन्तु तब तक आरोपी राकेश ने पुनिबाई की बेरहमी से हत्या कर दी थी, बाग पुलिस ने आरोपी राकेश के विरूद्व भा.द.वि. की धारा 302 के अतंर्गत हत्या का अपराध दर्ज कर अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया था, न्यायालय ने गवाहो एवं सबुतो के अधार पर आरोपी राकेश पिता मोतेसिह 27 वर्ष निवासी करकदा को अपनी काकी की हत्या का दोषी करार देते हुए माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय श्री अम्बुज पाण्डेय सा. के न्यायालय द्वारा आरोपी को धारा 302 भा.द.वि. में उम्रकैद व 2000/रुपए के अर्थदण्ड से



दण्डित किया गया।

अभियोजन कि और से पैरवी विशेष लोक अभियोजक संजयपाल मोरे कुक्षी द्वारा कि गई। प्रकरण का अनुसंधान निरीक्षक कैलाश चौहान थाना प्रभारी बाग द्वारा किया जाकर अभियोग न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया था।

श्री मनोज कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक महोदय धार द्वारा प्रकरण की गम्भींरता को देखते हुए प्रकरण को चिन्हित सनसनी खेज श्रेणीं मे रखा गया था प्रकरण मे थाना प्रभारी बाग कैलाश चौहान को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था जिनके द्वारा साक्षियो को नियन्त्रित कर गवाहा कराये जाकर 01 वर्ष के भीतर आरोपी को सजा करवाई गई ।

श्री आई माता का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया

एकसे परिधान में पहनकर जुलूस में शामिल हुई महिलाएं

बाग, (निप्र)। क्षत्रिय सिर्वी समाज की आराध्य देवी श्री आई माता जी का 611वा प्रकटोत्सव बाग में धूमधाम से मनाया सिर्वी समाज ने।

सोमवार भादवा सुदी बीज 25 अगस्त को श्री आई माता जी का प्रकटोत्सव सिर्वी समाज बड़ी धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर मनाया। सुबह से हताई चौंक स्थित भगवती श्री आई माता जी मन्दिर में श्रद्धालु माता जी के दर्शन के लिए पहुंचें। समाज अध्यक्ष रामेश्वर जी गेहलोत ने बताया कि श्री आई पंथ सिर्वी समाज में बीज पर्व का अपना विशेष महत्व है। इस पर्व पर समाज के बंधु माता जी का व्रत उपवास रखकर धूप-ध्यान, पूजा पाठ कर माताजी की आराधना करते हैं। एवं शाम को चंद्र दर्शन कर भोजन करते हैं। बीज पर्व सिर्वी समाज अपने सबसे बड़े धार्मिक त्योहार भादवा बीज के रूप में मनाते हैं।



श्री आई माता जी का रविक्रम संवत१472 भादवी बीज को गुजरात राज्य के बनासकांठा जिले के डीसा तहसील के प्राचीन अंबापुर गांव में हुआ था। सीरवी समाज भादवी बीज, चैत्र सुदी बीज, वैशाख सुदी बीज और माघ सुदी बीज पर्व विशेष तौर पर मनाते हैं। सिर्वी समाज द्वारा भादवा बीज पर्व पर श्री आई माता की विशेष शोभायात्रा निकाली गई। बाग में भादवा बीज पर्व धूमधाम से मनाया गया।वही श्री आई माताजी के प्रकटोत्सव पर सोमवार भादवा बीज के दिन प्रातः माताजी की गादी, पाठ पूजन के साथ शाम को शोभायात्रा निकाली गई। पश्चात महाआरती कर समाजजनों सहित समाजसेवी के साथ सहभोजन किया।

धरमपुरी में उत्साह से मनाया हरतालिका तीज पर्व

धरमपुरी, (निप्र)। नगर में मंगलवार को महिलाओं ने हरतालिका तीज का पर्व काफी उत्साह से मनाया। तीज के अवसर पर मंदिरों, बाजारों में काफी रौनक रही। बाजारों में सुहाग सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ रही। मान्यता है की सुहागिन औरतें पति की लंबी आयु के लिए व कुंवारी कन्याएं अच्छे वर घर के लिए इस व्रत को करती है। भगवान शिव व देवी पार्वती को प्रसन्न करने के लिए महिलाओं ने मंदिरों में पंचामृत से शिवलिंग को स्नान करवाया। महिलाओं का मानना है कि सबसे पहले देवी पार्वती ने इस व्रत को रखा था। इस दौरान महिलाओं ने मंदिरों में गौरी-शंकर का पूजन किया। प्रसाद का भोग लगाया और देवी पार्वती को



सुहाग सामग्री भी समर्पित की। व्रती महिलाओं ने बताया कि हरतालिका व्रत के पर्व पर सूर्योदय से पहले उठकर नहा- धोकर पूरा श्रृंगार किया जाता है। पूजन के लिए केले के पत्तों से मंडप बनाकर गौरी- शंकर की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसके बाद देवी पार्वती को सुहाग सामग्री अर्पित की जाती है। रात के समय भजन- कीर्तन करते हुए जागरण कर तीन बार आरती की जाती है। इसके बाद शिव पार्वती विवाह की कथा सुनी जाती है।इस पूरे पर्व के दौरान महिलाओं द्वार निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव पार्वती की उपासना की जाती है। दूसरे दिन अल सुबह व्रत को खोला जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस व्रत को करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

एक नजर

सुख-दुख, गरीब-अमीर सब कर्मो पर निर्भर-शास्त्री

श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का लाभ लिया

बदनावर, (निप्र)। श्री कृष्णा कामधेनु गौ शाला बोराली में गौ माता के तहत चल



रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का लाभ लिया। गौ शाला समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा में आज सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, श्री पृथु चरित्र, पूरंजनोपाख्यान, श्री ऋषभदेव प्राकट्य, राजा रहु गण को जड़ भरत का भवाटवी जैसे प्रसंग सुनाकर उनकी व्याख्या की। इसमें गांव बोराली सहित आसपास के क्षेत्र से रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु संगीतमय कथा का लाभ लेते हुए व्यास पीठ से निकले हर एक उपदेश को ध्यान से श्रवण कर रहे हैं भागवत के भजनों पर श्रद्धालु आनंदमयी होकर भक्ति रस में झूमते हैं व्यास पीठ से भागवताचार्य संजय शास्त्री ने कहा कि धरती पर भगवान के अवतार होने का क्या कारण है? भगवान अवतार क्यों लेते हैं? जब-जब भी पृथ्वी पर अधर्म फैलता है, धर्म का नाश होता है और राक्षसी प्रवृत्तिया बढ़ जाती है तब तब भगवान को उनका नाश करने के लिए धरती पर अवतरित होना पड़ता है। भगवान हमेशा सभी पर कृपा करते हैं। किसी को दुखी नहीं करते हैं। कई बार ऐसे सवाल उठते हैं वह व्यक्ति इतना धर्मात्मा होकर दान पुण्य करता है फिर भी वह दुखी है, गरीब है। एक व्यक्ति जो नास्तिक है भगवान के भजन नहीं करता, दान पुण्य नहीं करता है फिर भी अमीर है, सुखी है और उसके वंश की वृद्धि हो रही है। संजय शास्त्री ने कहा कि भगवान कभी किसी को सुखी, दुखी या अमीर, गरीब नहीं बनाते। यह उनका कार्य नहीं है। भगवत कृपा तो सभी पर समान बरसती है। सुख-दुख, गरीब-अमीर सब व्यक्ति के कर्मों पर निर्भर करता है। जब तक व्यक्ति के पूर्व जन्म के पुण्य होते हैं तब तक वह उनका फल भोगता है और जीवन में हमेशा खुशी और आनंदित रहता है। जब उसके पुण्य कर्मों का समय खत्म होता है वह सारी परेशानियों और आपत्तियों से घिरने लगता है। इसलिए जीवन में हमेशा भक्ति और प्रभु के भजन करते रहना चाहिए। अगर ऐसा करेंगे तो जीवन में कई सारी आपत्ति और विपत्तियों से बच जाएंगे उपर्युक्त जानकारी पत्रकार अनुप जायसवाल ने दी

युवक को शराब के लिए चाकू मारा

इंदौर, (नप्र)। हीरानगर इलाके में शराब पीने के लिए बदमाशों द्वारा युवक से अड़ीबाजी की गई ।जब युवक ने रुपए देने से इंकार किया तो अड़ीबाज बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना आरबी पुल के पीछे की है।मामले में फरियादी लक्की पिता सुनील नरवरिया निवासी खातीपुरा सुखलिया की शिकायत पर नयन शर्मा और अभिषेक चौहान निवासी श्याम नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है।फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी नयन शर्मा ने मुझे गालियां देते हुए बोला कि तू यहां पर क्यों आया है। अब तू हमें शराब पीने के लिये एक हजार रुपये दे। मैंने रुपये देने से मना किया तो अभिषेक ने मेरे साथ हाथ मुक्को से मारपीट की व नयन शर्मा ने अपने जेब में रखा चाकू निकलकर मेरे दाहिने हाथ की कोहनी पर मारा। जिससे मुझे हाथ में चोट लगकर खून निकलने लगा मुझे चाकू मारकर नयन व अभिषेक भागने लगे और जाते जाते कह रहे थे आईन्दा हमें रुपए देने से मना किया तो तुझे जान से मार देंगे ।

ब्राउन शुगर की पाउच बनाकर करते थे सप्लाई, दो धराए

इंदौर, (नप्र)। कनाड़िया पुलिस ने दो ऐसे बदमाशों को पकड़ा है जो छोटे छोटे पाउच बनाकर ब्राउन शुगर की डिलेवरी देते थे। आरोपियें के कब्जे से 16 ग्राम ब्राउन शुगर व तस्करी में इस्तेमाल बाइक जब्त की गई। संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग एवं धरपकड के दौरान पुलिस ने भूरी टेकरी के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों पकडा जिनका नाम पता पूछते तरुण जैसवाल पुत्र चन्द्रकान्त जैसवाल निवासी स्वास्थ्य नगर राईल बंगला सुखलिया और इदरीश पिता सोहराव शेख निवासी शुजालपुरा सिटी मोहल्ला पता चले। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 16 ग्राम ब्राउन शुगर की गई। आरोपियो से पूछताछ करने पर बताया। उक्त ब्राउन शुगर के छोटे-छोटे पाउच बनाकर बाजार में मोटर साइकिल से डिलेवरी करना स्वीकार किया। आरोपीगण मोटर साइकिल से छोटी-छोट पाउच बनाकर बाजार में सप्लाय करते थे।





कार्यकर्ता ही भाजपा की असली पूंजी-ठाकुर

नगर मण्डल द्वारा भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

बदनावर, (निप्र)। भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल द्वारा रविवार शाम को यहां चन्द्रलीला पैलेस में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री सांवित्री ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा,, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी, पूर्व राज्यमंत्री महेंद्रसिंह पिपलीपाडा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा व जितेंद्र जाट, नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेख? यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पंवार, भाजपा नेता मोहनसिंह चौहान, राजेन्द्र सराफ, प्रेमचंद परमार, महेंद्र सिंह सक्तावत, दिनेश गिरवाल, योगेश मुकाती, नजमु बोहरा, कन्हैयालाल गुर्जर आदि अतिथि रूप में मंचासीन थे। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। पूर्व मण्डल अध्यक्ष अक्षय शर्मा ने गीत लिया। वही भाजपा के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष मनीष गुर्जर ने स्वागत भाषण देते हुए संगठनात्मक कार्यो की जानकारी दी। पार्षद भारती राठौड़, जितेंद्र शर्मा, अनिता चौहान, सन्तोष चौहान, दीपक जाधव, झन्नुबाई सिरवी, संतोष राव, सुखराम देवदा, मितेश शर्मा, पवन चावला, दिलीपसिंह नाथावत समेत बूथ अध्यक्षो ने अतिथियो का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने कहा कि हर नेता में समर्पण भाव होना चाहिए। अपना स्वयं का हित छोड़कर ऐसा कार्य करे, जिससे पार्टी मजबूत हो। असली ताकत बुथ पर लड़ने वाले कार्यकर्ता होते है। विरोधी पार्टियां भ्रम फैलाकर मनोबल को गिराने का काम करती हैं, जिससे कार्यकताओं को सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बदनावर क्षेत्र में भाजपा शासन में जो काम हुए वह सदैव स्मरणीय रहेंगे। मित्रा पार्क बहुत बड़ी सौगात है। हम भविष्य में मिनी पीथमपुर की तर्ज पर दिखने लगेंगे। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम व्यक्ति को दिलवाए इसकी चिंता हमे करनी है। कोई भी व्यक्ति महत्वकांक्षी योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए।

भाजपा जिलाध्यक्ष भारती ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित दल है। हम सभी को संगठित होकर अपने बूथ की मजबूती के लिए प्रयास करना चाहिए। पद के पीछे न भागते हुए काम के प्रति सजग व सक्रिय रहना। पार्टी अच्छा काम करने वाले को आगे रहकर जिम्मेदारी देती है। पार्टी का छोटा सा कार्यकर्ता मण्डल अध्यक्ष से लेकर जिलाध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष व मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री बन जाता है। यह हमारी पार्टी में ही संभव है। हमें पूरे समर्पण के साथ परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए काम करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से पार्टी की रीति नीति व राष्ट्रवाद के विचारों के साथ सक्रियता से काम करने का आव्हान किया।

केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि बूथ हमारे संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, इसलिए सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाते हुए कार्यक्रम आयोजित करें। सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाएं। कार्यकर्ता ही नेताओ का निर्माण करता है। नेताओ की भी जिम्मेदारी है कि कार्यकर्ता के सुख दुख में साथ खड़े रहे व उन्हें पर्याप्त सम्मान दे। राजनीति में बहुत सारे दल होते हैं। कई दल परिवार चलाते हैं। कई दल जात, समाज बेश चलाते हैं। पीएम मोदी व सीएम यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है और डबल इंजन सरकार प्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जा रही। उन्होंने कार्यकताओं को पार्टी की असली पूंजी बताते हुए अनुशासन, एकता और मातृशक्ति के सम्मान पर जोर दिया।

भाजपा एक मात्र ऐसा दल है, जो अपने देवतुल्य कार्यकताओं की ताकत से चलता है। भाजपा के हम सब कार्यकर्ता एक परिवार की तरह हैं। हमारी पार्टी आज भी बुलंदियों पर है, इसे हम सबको मिल कर और आगे ले जाना हैं। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी, नप अध्यक्ष मीना यादव, भाजपा नेता मोहनसिंह चौहान समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद पंकज ठाकुर ने किया। आभार अजजा मोर्चे के पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेशरतन सेठ ने माना। कार्यक्रम में नगर मण्डल के सभी 24 बूथों के एक हजार से ज्यादा कार्यकर्ता मौजूद थे।

भादवी बीज पर रिमझिम बारिश में सिर्वी समाज ने निकाली शोभायात्रा

श्री माजी सा ग्रुप ने लगाया मां आईजी को 56 भोग

कुक्षी, (निप्र)। नगर के अतिप्राचीन श्री आई माताजी मंदिर मे चल रही सप्तमदिवसीय श्री मदभागवत कथा का हुआ समापन। वही शाम 05 बजे से जगत जननी श्री आई माताजी के प्रकटोत्सव पर क्षत्रिय सीरवी समाजजनों द्वारा भादवी बीज के अवसर पर श्री आई माताजी मंदिर चौक से चल समारोह निकाला गया चल समारोह मे धर्म रथ बैलगाडी मे श्री आई माताजी का चित्र फोटो व दीपक रखा व श्री मद भागवत कथावाचक पंडित श्री नरेंद्र कुमार सिंवास किशनगढ़ (अजमेर) घोड़े पर सवार हुए। साथ श्री मद भागवत कथा के मुख्य यजमान रमेश घिसाजी बर्फा भागवत कथा पोथी पाठ को अपने सिर पर धारण कर शोभायात्रा मे चल रहे थे। शोभायात्रा नगर के श्री आई माताजी चौक, सिर्वी मोहल्ला छोटी हताई, सोनी



मोहल्ला,पुरानी धान मंडी,घंटाघर रोड,सिर्वी मोहल्ला बड़ी हताई,श्री राम चौक होते हुए श्री आई माताजी चौक मंदिर परिसर पहुँची ।रिमझिम बारिश के बीच महिलाएं चल समारोह में बेंड बाजे पर आई माताजी के भजन व गरबा नृत्य करते चल रही थी।आगे समाज के बंधु क्षत्रिय सीरवी समाज के पारम्परिक रीति रिवाज अनुसार डांडिया खेलते नजर आए व माता बहने श्री आई माताजी के भजनो पर गरबा की प्रस्तुति दे रही थी। सीरवी समाज के श्री अंबिका तंदूरा भजन मंडल द्वारा माताजी के भजनों की प्रस्तुति दी गई।आयोजन में समाज सकल पंच समिति अध्यक्ष कांतिलाल गेहलोत, उपाधक्ष्य कैलाश काग,कोषाधक्ष्य राजेश भायल,कोटवाल रमेश परिहार, कोठारी मोतीलाल काग,वरिष्ठ पंच राजेश राठौर की सक्रिय भूमिका रही। वही बड़ी संख्या में समाजननो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। ततपश्चात चल समारोह माताजी मंदिर प्रांगण पहुचा जहां माँ आईजी को श्री माजी सा ग्रुप के सदस्यों के द्वारा माँ आईजी को 56 भोग लगाकर आई माताजी की महाआरती की गई एवं प्रसादी का वितरण किया गया व कुक्षी नगर के समस्त ब्राह्मण परिवारजनों व समाजजनों द्वारा भण्डारे का पुण्य लाभ लिया। उक्त जानकारी सिर्वी समाज नगर इकाई संगठन कुक्षी अध्यक्ष मनोज काग ने दी।



लाड़ली बहनों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का शर्मनाक बयान, वह भी त्यौहार के दिन - सावित्री ठाकुर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के हित लाभ वितरण एवं जन समस्या निवारण शिविर संपन्न

कुक्षी, (निप्र)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत हितलाभ वितरण एंव समस्या निवारण शिविर धार जिले की कुक्षी में कृषि उपज मंडी प्रांगण में केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं कन्या पूजन कर किया गया। केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने शिविर में संबोधित करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओ की अस्मिता की रक्षा को लेकर कई कानून बनाए वहीं हाल ही में मप्र कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा लाड़ली बहनों को नशेड़ी बताना यह शर्मनाक बयान है जो निंदनीय है वह भी त्योहारों के समय,यह शर्मनाक बयान है जो निंदनीय है मोदी सरकार जल्द भ्रष्टाचार के खिलाफ नया कानून ला रहे जो प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री 30 दिन जेल में रहेंगे उनकी कुर्सी खाली हो जाएगी जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जनकल्याणकारी कितनी योजनाएं बनाई की जिसका वर्णन करे तो सुबह से शाम हो जायेगी आप इसी से अंदाजा लगाइए कि अमेरिका की जनसंख्या 50 करोड़ और मोदी सरकार ने 52 करोड़ आयुष्मान कार्ड भारत में बनाए हैं ।श्री पाटीदार ने शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक नागरिकों से लाभ लेने का अनुरोध किया ।प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेढ़ा, पूर्व मंत्री रंजना बघेल दरयाव सिंह जमरा ने भी सम्बोधित किया मंचासीन अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अजजा मोर्चा समिति सदस्य विरेन्द्र सिंह बघेल , रमेश धाडीवाल, नगरपरिषद अध्यक्ष श्रीमती रेलम चौहान,जनपद अध्यक्ष छगन बघेल, निसरपुर जनपद अध्यक्ष शर्मिला चौहान, एंव पांचों मंडल अध्यक्ष मौजूद थे कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत हितग्राहीयो को 49 हजार के चैक का विवरण किया गया इस एस अवसर पर डी एम विशाल धाकड़, जनपद सीईओ अर्पिता राय, बीएमओ डॉ पाटीदार,सीएमओ मायाराम सोलंकी,डही सीएमओ सतपुड़ा,टीआई राजेश यादव कुक्षी, निसरपुर सरपंच अंतिम पटेल सहित डही बीईओ, बीआरसी, महिला बाल विकास अधिकारी आदि सहित कुक्षी विधानसभा के अधिकारीगण एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन मनोज साधु द्वारा किया गया।

जीतू पटवारी के बयान का विरोध कर पुतला जलाया

बदनावर, (निप्र)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में मंगलवार देर शाम यहां भाजपा कार्यकर्ताओ व महिलाओं ने अंबेडकर चौराहे पर पटवारी का पुतला दहन कर माफी मांगने की मांग की। पटवारी ने अपने बयान में कहा था कि देश में मध्य प्रदेश की महिलाएं सबसे ज्यादा शराब पीती है। इसका पूरे मध्यप्रदेश में कड़ा विरोध हो रहा है।

नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की यह मानसिक स्थिति है तो पूरी कांग्रेस की क्या स्थिति होगी जीतू पटवारी द्वारा की गई टिप्पणी एमपी की सारी महिलाओ का अपमान है। जीतू पटवारी की इस तरह की गंदी भाषा एवं दूषित मानसिकता से पूरी कांग्रेस पार्टी की सच्चाई सामने आ गई है। कांग्रेस हमेशा महिलाओं के विरुद्ध इतने गंदे बयान देती हैं कि उन्हें सार्वजनिक रूप से कहा भी नहीं जा सकता। जहां माननीय



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव महिलाओं की वंदना करते हैं और दूसरे तरफ कांग्रेस के नेता महिलाओं के बारे में अभद्र टिप्पणी करने से नहीं चुकते। कांग्रेस का इतिहास महिलाओं का अपमान करने वाला और उनके प्रति अभद्र टिप्पणी करने वाला रहा है। क्या राष्ट्रीय नेतृत्व जीतू पटवारी पर कोई कार्रवाई करेगा। पूरी कांग्रेस एवं जीतू पटवारी को अपने द्वारा दिए गए बयान पर माफी मांगनी चाहिए।

वहीं नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने कहा कि जीतू पटवारी ने पहली बार महिलाओं के प्रति ऐसी भाषा का उपयोग नहीं किया है। वे कई बार महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणियां कर चुके हैं। शराब को लेकर उनके द्वारा दिया गया बयान मध्यप्रदेश की सभी महिलाओं का घोर अपमान है। यादव ने कहा कि एमपी की महिलाएं नशे में नहीं हैं बल्कि पटवारी की सोच नशे में है।र हरतालिका तीज जैसे पवित्र त्यौहार के दिन एमपी की महिलाओ का अपमान करना कांग्रेस को महंगा पड़ेगा। यह महिलाओ का घोर अपमान है।

इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेख? यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पंवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मोहनसिंह चौहान, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेमचंद परमार, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र सराफ, भाजपा नेता प्रजेन्द्र भट्ट, महिला मोर्चा की पूर्व जिला महामंत्री माधवी कुंवर सोलंकी, पार्षद भारती राठौड़, अनिता चौहान, सन्तोष चौहान, झन्नु बाई सीरवी, पंकज ठाकुर, सन्तोष राव, मितेश शर्मा, कुलदीपसिंह सक्तावत, नवीन चौहान, बाबूलाल पाटीदार, दिलीपसिंह नाथावत आदि मौजूद थे। इस मौके पर कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी भी की।

बसंत पंचमी को हो निर्विघ्न पूजन...भोज उत्सव समिति ने दिया ज्ञापन

धार, (निप्र)। मां सरस्वती मंदिर भोजशाला की मुक्ति ओर उसके गौरव की पुनः प्रतिष्ठा के लिए धार का हिंदू समाज दृढ़ संकल्पित है। मंगलवार को सरस्वती मंदिर भोजशाला में नियमित सत्याग्रह पश्चात महाराजा भोज उत्सव समिति ने मांडव पहुंच कर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहायक अधिकारी प्रशांत कुमार पाटणकर को बसंत पंचमी 2026 को लेकर केंद्रीय निर्देशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



सौपे गए ज्ञापन में 23 जनवरी 2026 शुक्रवार पर मां सरस्वती जन्मोत्सव को निर्विघ्न संपन्न करने हेतु 7 अप्रैल 2003 को दिए गए आदेश जिसमें केंद्रीय पुरातत्व विभाग दिल्ली द्वारा प्रति मंगलवार हिंदू समाज को पूजन हेतु एवं बसंत पंचमी पर सूर्य उदय से सूर्यास्त तक पूजन दर्शन की अनुमति दी गई है, बसंत पंचमी को किसी भी प्रकार भोजशाला खाली करने का आदेश नहीं है। जब जब बसंत पंचमी शुक्रवार को आती है तब तब विधर्मियो द्वारा पूजा को खंडित करने का प्रयास किया जाता हैं । साथ ही शासन प्रशासन द्वारा भी मुस्लिमों को तुष्ट करने का एवं 7 अप्रैल 2003 के आदेश के विपरीत उल्लंघन किया जाता है। जिससे हिंदू समाज के प्रति की गई बर्बरता से हिंदू समाज आज भी आक्रोशित हैं। आने वाली बसंत पंचमी 23 जनवरी 2026 शुक्रवार को इसकी पुनरावृत्ति ना हो, मुसलमानों का मां सरस्वती मंदिर भोजशाला में प्रवेश पूर्ण प्रतिबंधित हो। हिंदू समाज अपनी मां सरस्वती का जन्मोत्सव निर्विघ्न मानने हेतु कटिबद्ध है। अगर किसी प्रकार का कोई विघ्न आता है तो क्षेत्र का सम्पूर्ण हिंदू समाज इसे सहन नहीं करेगा जिसका संपूर्ण जिम्मेदार शासन प्रशासन रहेगा और क्षेत्र में होने वाली प्रतिक्रिया की समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी ।

एक नजर



प्रज्ञानंद ने फिरोजा के खिलाफ बनाई सातवें दौर में संयुक्त बढत, लगातार ड्रॉ के बाद दूसरी जीत, गुकेश को मिली हार

सेंट लुइस। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढत बना ली। लगातार ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा की यह दूसरी जीत है। वह अमेरिका के फेबियानो कारूआना के साथ 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश को अमेरिका के वेसली सो के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। लेवोन आरोनियन और वेसली चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव, पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ और अमेरिका के सैमुअल सेवियान संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश और अलीरजा तीन तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं जबकि नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव डेढ अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं। पिछले दो दौर में सारे मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद सातवें दौर में पांच में से तीन मुकाबलों के नतीजे निकले। अलीरजा और गुकेश के अलावा नोदिरबेक को भी पराजय झेलनी पड़ी जिन्हें दुडा ने हराया।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ओ राउरकी फ्रेक्चर के कारण तीन महीने के लिये मैदान से बाहर

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओराउरकी कमर के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण तीन महीने के लिये मैदान से दूर रहेंगे ।ओराउरकी को जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी । उन्हें सर्जरी कराने की जरूरत नहनी है लेकिन स्ट्रेथ और कंडीशनिंग कार्यक्रम में भाग लेना होगा । वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला, इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और वनडे श्रृंखला और वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर में सफेद गेंद की श्रृंखला नहीं खेल सकेंगे ।

बंगाल वारियर्स के कप्तान बने देवांक दलाल

कोलकाता। बंगाल वारियर्स ने मंगलवार को प्रो कबड्डी लीग के 12वें सत्र के लिए स्टार रेडर देवांक दलाल को अपना कप्तान बनाने की घोषणा की। अनुभवी डिफेंडर नितेश कुमार डिफेंस कप्तान होंगे।दो करोड़ 20 लाख 50 हजार रुपये के साथ सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने देवांक ने सिर की गंभीर चोट से उबरने के दो साल बाद 11वें सत्र में रिकॉर्ड 301 रेड अंक बनाए थे। पीकेएल के सत्र में 100 टैकल अंक के आंकड़े को पार करने वाले एकमात्र खिलाड़ी नितेश ने अपने करियर में 400 से अधिक टैकल अंक जुटाए हैं और बंगाल की टीम के डिफेंस में अपनी उपयोगिता साबित करते रहे हैं।देवांक ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इस मंच पर दोबारा वापसी के लिए मैंने कड़ी मेहनत की है और मैं इसी समर्पण के साथ टीम की अगुआई करना चाहता हूं।

बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप

सिंधू की पहले दौर में संघर्षपूर्ण जीत

बुल्गारिया की कलोयाना नलबंतोवा को हराया

पेरिस, (एजेंसी)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व चैंपियन पी वी सिंधू ने मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में खराब शुरूआत से उबरते हुए बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा को सीधे गेम में हराया।

विश्व की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू शुरूआत में थोड़ी असहज नजर आई लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली और अपने आक्रामक खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए महिला एकल के अपने पहले दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग की बुल्गारियाई खिलाड़ी को 23-21, 21-6 से हराया।



भारत की इस 30 वर्षीय खिलाड़ी को शुरूआत में संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने कुछ गलतियां की जिसके कारण एक समय वह 0-4 से पीछे चल रही थी। नलबांटोवा ने दबाव बनाए रखते हुए 9-5 की बढ़त बना ली थी और इंटरवल तक वह 11-7 से आगे थी।

ब्रेक के बाद सिंधू ने अपनी लय पकड़ी और अपने पसंदीदा क्रॉस-कोर्ट विनर सहित कई स्मैश लगाकर स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया। बुल्गारियाई खिलाड़ी की दो गलतियों ने सिंधू को 14-12 की बढ़त दिला दी, लेकिन दोनों खिलाड़ियों के बीच अंक की अदला-बदली के कारण बढ़त में उतार-चढ़ाव आता रहा।

नलबांटोवा के पास 19-20 के स्कोर पर एक गेम प्वाइंट था, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाईं। बुल्गारिया की खिलाड़ी को एक और गेम प्वाइंट मिला लेकिन वह इसे भुनाने में भी नाकाम रही। सिंधू ने इसके बाद पहले गेम प्वाइंट पर ही गेम अपने नाम कर दिया।

सिंधू में दूसरे गेम में अच्छी शुरूआत की और जल्द ही 5-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद नलबांटोवा ने अंतर को 5-6 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी इंटरवल तक छह अंक से आगे थी। इसके बाद यह मैच एकतरफा हो गया क्योंकि सिंधू ने अपनी बढ़त 17-5 कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद 15 मैच प्वाइंट हासिल किए और दूसरे को भुनाकर मैच अपने नाम कर दिया।

इंदौर के होल्कर स्टेडियम पहुंची आईसीसी ट्रॉफी

भारत और श्रीलंका के चुनिंदा शहरों से होते हुए आगे बढ़ेगा टूर

इंदौर। डीपी वर्ल्ड के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 ट्रॉफी टूर ने इंदौर में एक पड़ाव डाला, जिससे आगामी वैश्विक आयोजन के जश्न में पूरे शहर में उत्साह का माहौल बन गया। अपनी समृद्ध विरासत और खेल के प्रति जुनून के लिए प्रसिद्ध, इंदौर ने इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया। ट्रॉफी ने शहर के कुछ सबसे ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों का दौरा किया, जिनमें राजवाड़ा पैलेस, गांधी हॉल, केंद्रीय संग्रहालय, सिरपुर झील और पितृ पर्वत शामिल हैं। इस पांच दिवसीय टूर का एक प्रमुख आकर्षण इंदौर के विभिन्न स्कूलों का दौरा था, जिनमें द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, निरंजना गर्ल्स स्कूल, एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल, श्री सत्य साईं विद्या विहार, भवंस प्रॉमिनेंट इंटरनेशनल स्कूल और सन्मति हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। छात्रों ने ट्रॉफी का गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया, क्रिकेट-थीम वाले खेलों और क्विज में भाग लिया और आईसीसी के विशेष सामान और उपहार जीते - जिससे विश्व कप का उत्साह कक्षा में भी व्याप्त हो गया।



इस उत्साह को और बढ़ाते हुए, भारत की अंडर-19 क्रिकेटर आयुषी शुक्ला डीपी वर्ल्ड के साथ भवंस प्रॉमिनेंट इंटरनेशनल स्कूल में ट्रॉफी टूर में शामिल हुईं, जहां उन्होंने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की और छात्रों से बातचीत की - जिससे अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों, खासकर युवा लड़कियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। अंतिम दिन, ट्रॉफी आगामी टूर्नामेंट के आधिकारिक स्थलों में से एक, होलकर स्टेडियम पहुंची।

स्टेडियम में मीडिया के साथ एक आकर्षक बातचीत हुई, जिसमें उपस्थित लोगों को तस्वीरें खिंचवाने का अवसर भी मिला। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें मानद सचिव संजीव राव, उपाध्यक्ष रमणीक सलूजा, सीएओ रोहित पंडित, मानद संयुक्त सचिव सुश्री सिद्धायनी पाटनी और मानद कोषाध्यक्ष पवन जैन शामिल थे, ने पूर्व क्रिकेटर संध्या अग्रवाल और चित्रा बाजपेयी के साथ मीडिया को संबोधित किया और इंदौर की क्रिकेट संस्कृति पर प्रकाश डाला।

प्रतिष्ठित स्थानों पर कई कार्यक्रमों और मीडिया रोड शो के माध्यम से, इस टूर का उद्देश्य हजारों प्रशंसकों को इस बहुप्रतीक्षित वैश्विक प्रतियोगिता से पहले इस बहुमूल्य सिल्वर मेडल से जुड़ने का अवसर प्रदान करना है। यह टूर भारत और श्रीलंका के चुनिंदा शहरों से होते हुए आगे बढ़ेगा, और इसका अगला पड़ाव मुंबई होगा।

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 का आयोजन 30 सितंबर से 2 नवंबर तक डीवाई पाटिल स्टेडियम (नवी मुंबई), एसीए स्टेडियम (गुवाहाटी), होल्कर स्टेडियम (इंदौर), एसीए-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापत्तनम) और आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो, श्रीलंका) में होगा।

सिफत कौर का एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्णिम प्रदर्शन

50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में लहराया परचम

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत की ओलंपियन निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्णिम प्रदर्शन किया। सिफत ने इस चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने मंगलवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और इसके बाद टीम स्पर्धा में भी सोना दिलाया।



सिफत ने फाइनल में 459.2 स्कोर करके चीन की यांग यूजी (458.8) को हराया। वहीं, सामरा, अंजुम मुद्गिल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

सिफत आठ निशानेबाजों के फाइनल में 589 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थीं। भारत की श्रियांका साडंगी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थीं लेकिन वह सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिए खेल रही थी लिहाजा सामरा और आशी पहले और चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। सामरा ने नीलिंग में 151.0 और प्रोन में 156.2 स्कोर किया। स्टैंडिंग एलिमिनेशन दौर में वह चीनी प्रतिद्वंद्वी से 0.4 अंक आगे रहीं। जापान की नोबाता मिसाकी (448.2) को कांस्य पदक मिला। आशी 402.8 अंक लेकर सातवें स्थान पर रहीं।

क्वालीफिकेशन में सिफत ने 589 स्कोर किया, जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रहीं।

सचिन तेंदुलकर ने बेटे की सगाई की पुष्टि की:फैंस के सवाल पर कहा- हां, यह सच है; अपनी पसंदीदा पारी पर भी बात की

मुंबई, (एजेंसी)। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सगाई की पुष्टि की है। तेंदुलकर ने एक फैंस के सवाल पर कहा- 'हां, यह सच है। हम सभी उनके जीवन के इस नए फेज के लिए बहुत उत्साहित हैं।' 52 साल के पूर्व क्रिकेटर ने सोमवार को सोशल प्लेटफॉर्म Reddit पर एक सेशन 'आस्क मी एनीथिंग' के जरिए फैंस के सवालों के जवाब दिए। 13 अगस्त को मीडिया रिपोर्ट में अर्जुन तेंदुलकर की सगाई का दावा किया गया था, हालांकि तब किसी ने सगाई की पुष्टि नहीं की थी।

खरगोन जिला

बिहारीलाल शारदे जिलाध्यक्ष मनोनीत

खरगोन निप्र। *प्रगतिशील बलाई समाज सेवा संघटन की बैठक खण्डवा रोड़ स्थित निजी हॉटल में आयोजित कि गई। बैठक में सर्व सम्मति और संघटन के प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से जिले की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई।*



कार्यकारिणी में समाज सेवी एवं सेवानिवृत्त पीडब्ल्यूडी कर्मचारी बिहारीलाल शारदे को खरगोन जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अमीचंद साधौ व सुनील दवाने को जिला उपाध्यक्ष एवं विनोद रोकड़े को संभाग प्रभारी व सेवकराम रावल को भगवानपुरा तहसील अध्यक्ष बना गया। इनके अलावा महेंद्र पंवार को गोगावां तहसील अध्यक्ष एवं एड. अजय भालसे को विधि सलाहकार के पद पर मनोनित किया। समाज के वरिष्ठ समाजसेवी मांगीलाल राणे, जयराम सोलंकी, हरीश अबोले, कमल पंवार, राजेश सोनारे, नवीन रोकड़े, जितेंद्र कोचले, उमेश नय्यर, प्रदीप रोकड़े, दीपक भालसे, आदि समाजजन ने बधाई दी।

बच्चों ने सीखा मिट्टी के श्रीगणेश बनाना



कसरावद निप्र। *ग्राम माकड़खेड़ा के माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को मिट्टी के श्रीगणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। नर्मदा समग्र के राज्य समन्वयक मनोज जोशी ने बच्चों को मिट्टी से भगवान श्री गणेश बनाने की प्रकिया सिखाई। नर्मदा समग्र के नितिन डोंगरे ने कहा कि नदियों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए हमें मिट्टी के श्रीगणेश की स्थापना करना चाहिए। इसलिए बच्चों को इस अभियान से जोड़ने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र खेड़े, सुदेश भालसे, प्रीति पाटीदार, चंचला गुप्ता सहित बच्चे उपस्थित थे।*

कलेक्टर भव्या मित्तल ने शिक्षक संघ के संकल्प पोस्टर का किया विमोचन



खरगोन निप्र

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आव्हान पर 1 सितम्बर को देशभर के पांच लाख विद्यालयों में एक साथ हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान विषय पर लाखों शिक्षक एवं करोडों विद्यार्थीयों को जिस संकल्प पोस्टर से संकल्प दिलाया जाना है, उसका विमोचन मंगलवार को कलेक्टर भव्या मित्तल ने अपने कार्यालय में किया। संघ के अखिल भारतीय सह-प्रमुख लछीराम इंगले,म.प्र. शिक्षक संघ के प्रदेश सह संघटन मंत्री हीरालाल तिरोले,प्रदेश उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र पाटीदार, जिला संघटन मंत्री कड़वा पाटीदार, जिलाध्यक्ष सुनील भावसार, सचिव संतोष पटेल, उपाध्यक्ष छगनलाल पाटीदार, मनोहर राठौड़, सौभाग्यसिंह निगवाल, प्रदीप बड़ोले ने बताया कि पोस्टर में पांच संकल्प है, जिसे आने वाली 1 सितंबर को जिले की लगभग 2425 स्कूलों के 1 लाख से अधिक विद्यर्थियों एवं 7256 शिक्षको को प्रार्थना सभा में संकल्पित कराया जाएगा। इसमें पांच संकल्प यह है कि, हम मिलकर अपने विद्यालय को स्वच्छ,अनुशाषित,हरित तथा प्रेरणास्पद बनाए रखेंगे। हम विद्यालय की संपदा-संसाधन तथा समय को राष्ट्रधन मानते हुए उनका संरक्षण और विवेकपूर्वक उपयोग करेंगे। हम विद्यालय में ऐसा वातावरण बनाएंगे जहां कोई भेदभाव नही होगा। हम सभी समभाव से सीखने और सिखाने के पथ पर अग्रसर रहेंगे। हम शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नही अपितु चरित्र निर्माण,आत्मविकास और समाज सेवा का साधन मानकर कार्य करेंगे। हम इस विद्यालय को केवल एक संस्था नही अपितु संस्कार,सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्न शील रहेंगे।

आदित्य विद्या विहार के 10 छात्रों का तीरंदाजी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन



खरगोन निप्र

शहर के खंडवा रोड़ पर संचालित हो रहे प्रतिष्ठित आदित्य विद्या विहार हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी न केवल शिक्षा बल्कि खेल जगत में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है। गत दिनों आयोजित जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में विद्यालय के 10 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संचालक एवं सीए अनिल रघुवंशी ने कहा कि तीरंदाजी में जिस तरह छात्र-छात्राओं ने एकलव्य की भांति निशाना साधा है, निश्चित ही वह अपने जीवन का लक्ष्य भी इसी तरह हासिल कर अपना, परिवार, विद्यालय और जिले का नाम रोशन करेंगे। प्राचार्य अमन सचान ने चयनित खिलाडियों को सीख देते हुए कहा कि तीरंदाजों के लिए एकाग्रता और ध्यान बेहद जरूरी है।

प्राचार्य ने बताया विद्यालय के 14 वर्ष आयु वर्ग में विराज राजेंद्र निहाले, प्रोद्यमन सगर सिंगोरिया, मोहम्मद राजीक खान का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। इसी तरह बालिका वर्ग में जयश्री महेंद्र ठाकुर, रिंकी जितेंद्र महाजन, दिव्यानी गिरीशचंद्र पाल चयनित की गई है। 17 वर्ष आयु वर्ग में आकांशा मन्नालाल जाधव, सुमन मन्नालाल जाधव और तनुशा महाजन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेगी। विद्यालय प्रबंधन के पुरुषोत्तम रघुवंशी, स्पोर्ट्स हेड यज्ञदत्त वर्मा, अर्चरी कोच सेवकराम बड़ोले, चेतना मानुरकर आदि ने चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की अग्रिम शुभकामनाएं दी है।

श्री सिद्धी विनायक के लिए बनाया मोती, मनका, माणिक का मुकुट

आज गणेश चतुर्थी पर वीणा सोनी करेंगी अर्पित

खरगोन निप्र

शहर की आर्ट शिक्षिका ने गणेश जी के लिए विशेष मुकुट तैयार किया है, जो अपनी अनोखी बनावट और नक्काशी के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। यह मुकुट न केवल देखने में बेहद खूबसूरत और आकर्षक है, बल्कि इसकी कारीगरी भी सराही जा रही है। शहर के टेगौर पार्क निवासी वीणा चंद्रकांत सोनी ने



बताया कि वे आर्ट कलाकार होकर प्रशिक्षण भी देती है। पिछले 7 वर्षों से हर गणेशोत्सव पर श्री सिद्धी विनायक के लिए अलग- अलग थीम पर मुकुट तैयारी करती हूं। इस बार गोल्डन थीम पर खास मुकुट तैयार किया है। 2 बाय 2 का यह मुकुट करीब 15 दिन में तैयार हुआ है। इसे खासतौर पर जरी, कुंदन, मोती, नग, माणिक और गोल्डन लेस से नक्काशीदार मुकुट की सुंदरता में निखार लाया गया है। श्रीमती सोनी ने बताया सनातन धर्म में गणेश जी को शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। आज इस मुकुट को श्री सिद्धी विनायक को अर्पित किया जाएगा।

शिक्षकों को वृक्षारोपण के साथ दी भावभीनी विदाई

कसरावद, निप्र

शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय चंदनपुरी में समारोह में आयोजित कर शिक्षक मोहम्मद अनीस खान, नरेंद्र पाटीदार और मोहम्मद इमरान खान को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर नवागत शिक्षक हुकुमचंद भालसे का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षकों की सेवाओं को याद करते हुए उनकी प्रशंसा की। लोकेश शर्मा ने अनीस खान की ऊर्जावान कार्यशैली, नरेंद्र पाटीदार के शिक्षा में नवाचार और इमरान खान के नियमित शिक्षण कार्य की सराहना की।



इस दौरान षिक्षकों ने पौधा रोपण कर पर्यावरण सरक्षण का संदेश दिया। समारोह में श्रीमती प्रीति बाला शर्मा, श्रीमती सपना मंडलोई, भूरेलाल गुथरे, छन्नू सिंह बर्डे, अकरम खान, सुभाष कुमार सांवले, संतोष पवार, रफीक शेख और श्रीमती तरन्नुम पठान सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन लोकेश शर्मा ने किया।